राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात


जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 01 जुलाई 2026
वर्ष 07, अंक 264, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

सौ साल पुराने पीपल पर चला आरा, ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा...05

आजाद उद्यान में सीनियर सिटीजन क्लब बनाने की उठी मांग...10


# भरत तिवारी केसः सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई सीबीआई जांच की मांग

● जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की वेकेशन बेंच ने आदेश दिया है

● अर्जी सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी ने दायर की थी

● याचिका में पूरे मामले की सीबीआई जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी

## याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने को कहा



सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के भरत भूषण तिवारी के एनकाउंटर मामले की सीबीआई जांच की मांग ठुकरा दिया है.सर्वोच्च अदालत ने याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने की सलाह दी है. जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की वेकेशन बेंच ने आदेश दिया है। अर्जी सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी ने दायर की थी।

याचिका में पूरे मामले की सीबीआई जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी याचिकाकर्ता व अधिवक्ता विशाल तिवारी ने कहा कि पुलिस ने कार्रवाई गैरकानूनी थी। पहले भी ऐसे मामले कई राज्यों में हुए हैं, जिससे संबंधित याचिकाएं यहां लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट जाएं. अदालत में याचिका के जरिए कहा गया है कि इस तरह के मामलों में कानून के शासन और लोगों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच जरूरी है. याचिका में यह भी गुहार लगाई गई कि इस पूरे प्रकरण की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में गठित स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति की निगरानी में कराई जाए।

**क्या है पूरा मामला?**

17 जून को बिहार के भोजपुर जिले में भरत तिवारी नाम के शख्स की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी. एनकाउंटर पर सवाल उठ रहे हैं। इसे लेकर बिहार में काफी बवाल भी हुआ। पुलिस द्वारा बल प्रयोग पर सवाल उठाए गए और स्वतंत्र जांच की मांग की गई। मामले को लेकर बिहार सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिए। पुलिस के अनुसार, भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौती गांव निवासी भरत तिवारी 17 जून को उसे गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर अवैध हथियार से गोलीबारी करने लगा. पुलिस के अनुसार, पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तिवारी घायल हो गया और बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि, भरत तिवारी के परिजनों का आरोप है कि भरत ने गोली चलाने से पहले आत्मसमर्पण कर दिया था और अपना हथियार भी फेंक दिया था. उनका दावा है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ वीडियो से प्रतीत होता है कि पुलिस की गोलीबारी के समय वह निहत्था था। इस मामले में भरत तिवारी के परिवारवालों के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में उसे वापस ले लिया गया. भोजपुर के SP राज ने भरत तिवारी के पिता और भाई के खिलाफ दर्ज मामला वापस लिया. SP ने ही FIR वापसी की जानकारी भरत की मांग आशा देवी को दी।

**पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज**

मामले में भोजपुर जिले के शाहपुर थाना में पुलिस अधिकारी समेत तीन से चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया. उक्त एफआईआर भरत तिवारी के परिजनों के आवेदन पर दर्ज हुआ है, जिसमें जगदीशपुर के एसडीपीओ राजेश शर्मा, शाहपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष राजेश मालाकार समेत अन्य पुलिसकर्मियों का नाम शामिल है।

**भरत तिवारी की श्रद्धांजलि सभा**

आज भरत भूषण तिवारी की श्रद्धांजलि सभा है. आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम में करीब 25 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है आयोजन समिति के सदस्य पंकज त्रिपाठी ने बताया कि भरत तिवारी की शहादत के बाद देशभर से लोगों का समर्थन मिल रहा है. इस बीच गांव में भरतपुर में आपका स्वागत है लिखे पोस्टर भी लगाए गए हैं। पंकज त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीणों ने अपने स्तर पर गांव को भरतपुर नाम दे दिया है और भरत तिवारी को शहीद मानते हैं. उन्होंने कहा कि सरकार चाहे जो निर्णय ले, लेकिन लोगों के बीच भरत की पहचान अब एक शहीद के रूप में स्थापित हो चुकी है।


# राम की भक्ति कालनेमियों को निपटा देगी...CM योगी

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर में विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि उनकी चिढ़ है कि अयोध्या नगरी इतनी सुंदर कैसे हो गई

● काशी विश्वनाथ धाम इतना सुंदर कैसे हो गया

● इसलिए झूठ फैला रहे हैं, लेकिन प्रभु श्री राम की भक्ति ऐसे कालनेमियों से निपटने में पूरी तरह सहायक है

## बोले- अयोध्या को लेकर फैला रहे हैं झूठ





उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेरामपुर में लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने राम मंदिर चढ़ावा चोरी घटना का नाम लिए बिना विपक्ष पर अयोध्या को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी' चिढ़ है कि अयोध्या नगरी इतनी सुंदर कैसे हो गई, काशी विश्वनाथ धाम इतना सुंदर कैसे हो गया। अब कुछ नहीं कर पा रहे हैं तो झूठ का सहारा लेकर कुछ न कुछ तो करेंगे और कुछ न कुछ बोलेंगे, लेकिन प्रभु श्री राम की भक्ति ऐसे कालनेमियों से निपटने में पूरी तरह सहायक है। सीएम योगी ने कहा किकांग्रेस 2017 से पहले राम के अस्तित्व और श्रीकृष्ण के अस्तित्व को नकार चुकी थी। अब वे भी कह रहे हैं कि राम तो सबके हैं। अब वे लोग सभी अयोध्या जाने के लिए मचल रहे हैं. प्रभु राम तो जग नियंता हैं। इस ब्रह्मांड के स्वामी हैं। वे भी जानते हैं कि सही कौन और बुरा कौन है? सीएम योगी ने कहा कि प्रभु राम की भक्ति तो हनुमान जी के अंदर इतनी ताकत पैदा कर देती है कि लक्ष्मण जी को बचाने के लिए लक्ष्मण बूटी लाने जा रहे हनुमान जी के साथ कोई कालनेमी धोखा देकर इससे वंचित करने का प्रयास करता है तो राम की भक्ति ऐसे कालनेमियों को निपटाने में सहायक हो जाती है. इस लिए चिंता की बात नहीं है।

**अयोध्या इतनी सुंदर क्यों, इसकी है चिढ़**

उन्होंने कहा कि उनकी चिढ़ तो है कि अयोध्या और काशी इतनी सुंदर कैसी हो गयी. उनकी चिढ़ तो है तो प्रयागराज का वैभव महाकुंभ के नाम पर देश और दुनिया को कैसे आकर्षित कर रहा है। उनकी चिढ़ मथुरा और वृंदावन को लेकर है। तीर्थ को लेकर और हमारे विधायकों द्वारा पुराने स्थलों का विकास का काम हो रहा है, उसे रोकने की चिढ़ थी। अब कुछ नहीं कर पा रहे हैं तो झूठ का सहारा लेकर कुछ न कुछ तो करेंगे और कुछ न कुछ बोलेंगे। इनका वक्तव्य दिखाता है कि अंगूर खट्टे हैं। जनता जनार्दन इनको सबक सीखा चुकी है उन्होंने कहा कि नौवजान रोजगार पाकर प्रदेश में विकास में योगदान दे रहा है। डबल इंजन की सरकार तुष्टीकरण नहीं, आमजन के संतुष्टीकरण पर विश्वास करती है।

**यूपी बन गया है अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन**

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी रामपुर के चाकू का दुरुपयोग करके जनता की जमीनों पर कब्जा करती थी और उन्हें प्रताड़ित करती थी। डबल इंजन सरकार आई तो यही चाकू जनता की सुरक्षा के लिए उपयोग में आ रहा है. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, जो कांग्रेस और सपा के पाप के कारण कभी बीमारू था, आज वह भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर Top 3 Economy के रूप में स्वयं को स्थापित कर रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भीषण गुर्मी में स्कूलों में अवकाश की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोपीगंज।** भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए राहुल सिंह ने जिलाधिकारी शैलेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में कुछ दिनों का अवकाश घोषित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जिले में तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। ऐसे में विद्यार्थियों को हीटस्ट्रोक, डिहाइड्रेशन व अन्य मौसमी बीमारियों से बचाने के लिए अवकाश घोषित किया जाना जनहित में आवश्यक है।

### सुगंधित पुष्पों से सजा बाबा का दरबार

**गोपीगंज।** सोमवार को ब्रह्मांडनायक देवाधिदेव महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया। सायंकाल बाबा बड़े शिव, बाबा गोपेश्वरनाथ और बाबा तिलेश्वरनाथ का अलौकिक स्वरूप में सुगंधित पुष्पों व पंच द्रव्य से श्रृंगार कर महाआरती-पूजन संपन्न हुआ।अलौकिक स्वरूप के दर्शन के लिए सायंकाल से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। आरती के समय पूरा परिसर नर-नारियों से भर गया। 'हर हर बम बम' के जयघोष और डमरू, शंख व करतल ध्वनि से मंदिर परिसर देर रात तक गुंजायमान रहा।

### 29 वर्षों की सेवा के बाद कैलाशपति तिवारी सेवानिवृत्त




**भदोही।** जिला सूचना कार्यालय, भदोही में मंगलवार को वरिष्ठ वाहन चालक कैलाशपति तिवारी के अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने उनके 29 वर्षों के निष्कलंक, ईमानदार एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री तिवारी ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी से ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोटे ब्याज और प्रोसेसिंग फीस पर लोन देने वालों पर योगी सरकार का एक्शन, उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

● गैर-पंजीकृत वित्तीय इकाइयों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई होगी।

● आर्थिक अपराधों में शीघ्र जांच और प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित होगा।

● जनता को निवेश से पहले सावधानी बरतने हेतु जागरूक करें।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** गैर पंजीकृत वित्तीय इकाइयों द्वारा अत्यधिक ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराने, अतिरिक्त प्रोसेसिंग शुल्क वसूलने, ऋण वसूली के लिए अनैतिक तरीकों का उपयोग करने तथा फर्जी सेविंग बांड जारी करने की शिकायतें मिलने पर अब तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों में शीघ्र जांच, प्रभावी अभियोजन तथा दोष सिद्धि सुनिश्चित कराने तक अधिकारी सक्रिय रहेंगे। इस तरह के अपराधों में दोषियों के विरुद्ध कठोर व समयबद्ध कार्रवाई कराने को प्राथमिकता दी जाएगी।

मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संयोजित राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की 21वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि आम जनता को निवेश योजना में धन लगाने से पहले संबंधित कंपनी के दस्तावेजों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करने तथा कंपनी के पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी का सत्यापन अवश्य करने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने प्रदेश में सक्रिय बहुराज्यीय सहकारी समितियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों, आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) व रजिस्ट्रार सहकारी समितियां (आरसीएस) द्वारा की जा रही कार्रवाई, अनियमित रूप से जमा स्वीकार करने वाली कंपनियों, गैर पंजीकृत संस्थाओं की अवैध वित्तीय गतिविधियों पर आसूचना (इंटेलीजेंस) साझा करने और वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 'सचेत' पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा समयबद्ध कार्रवाई करते हुए पोर्टल पर अपलोड किया जाए, जिससे शिकायतकर्ताओं को भी प्रकरण के प्रगति की जानकारी मिल सके।



मुख्य सचिव ने इस बात पर बल दिया कि वित्तीय व साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए बैंकों, प्रवर्तन एजेंसियों और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक राजीव द्विवेदी ने आम जनता में वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में सचिव वित्त संदीप कौर, डीजीएम आरबीआई हैमन्ती सरकार, आईजी गीता सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## यूपी में अब कक्षा की सीख से बनेगी शिक्षा नीति, बच्चों के सीखने के साक्ष्यों पर तय होगी नई रणनीति

**लखनऊ।** अब प्रदेश में शिक्षा सुधार की दिशा केवल योजनाओं और आदेशों से नहीं, बल्कि कक्षा में बच्चों की वास्तविक सीख और शिक्षकों के अनुभवों से तय होगी। पहली बार सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के तरीके का साक्ष्य आधारित अध्ययन नई शैक्षणिक रणनीति की नींव बनेगा। इसी सोच के साथ मंगलवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'पालिसी टू प्रैक्टिस डायलाग' में बेसिक शिक्षा विभाग और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन ने टीचिंग एंड लर्निंग प्रैक्टिसेज सर्वे (टीएलपीएस)-2025 रिपोर्ट जारी की। इसमें सुझाव दिया गया है कि कक्षा का वातावरण ऐसा हो, जहां बच्चे बिना डर के सवाल पूछ सकें। रटने की बजाय कहानी, बातचीत, स्वतंत्र पठन-लेखन, समूह गतिविधियों और बच्चों की मातृभाषा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि शिक्षा में वास्तविक बदलाव तभी आएगा, जब शिक्षक हर बच्चे की सीखने की जरूरत के अनुसार कक्षा में पढ़ाने का तरीका अपनाए। उन्होंने एक जुलाई से शुरू हो रहे स्कूल चलो अभियान को पूरी गंभीरता से सफल बनाने के निर्देश दिए।

## किसानों की आय बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली

● यूपी के 65 जिलों में बढ़ावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** जलवायु परिवर्तन और लगातार बदल रहे मानसून के मिजाज को देखते हुए प्रदेश में वर्षा आधारित खेती को अधिक सुरक्षित और लाभकारी बनाने की कोशिश की जा रही है। खरीफ सीजन में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) के तहत संचालित जलवायु अनुकूल एकीकृत कृषि प्रणाली (क्लाइमेट रेजिलिएंट इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम) को प्रदेश के 65 जिलों में लागू किया जा रहा है, जिससे कम वर्षा होने पर भी किसानों का उत्पादन और आय प्रभावित न हो। योजना के तहत मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, पीलीभीत, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर और शामली को छोड़कर शेष जिलों में प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर क्लस्टर विकसित किए जाएंगे।

इसमें फसल उत्पादन के साथ कृषि वानिकी (पेड़), पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन और वर्मी कम्पोस्ट जैसी गतिविधियों को एक साथ अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। लाभ पाने के लिए



फसल के साथ पेड़ लगाना अनिवार्य होगा, जबकि अन्य गतिविधियों में से कम से कम दो को भी साथ में शामिल करना होगा। योजना के तहत प्रत्येक किसान परिवार को तीन वर्षों में 30 हजार रुपये तक का अनुदान दिए जाने का प्रविधान है, यह राशि चरणबद्ध तरीके से दी जाएगी। प्रत्येक क्लस्टर में किसानों को आधुनिक जलवायु अनुकूल खेती की तकनीकों का प्रशिक्षण देने के लिए 10 हजार रुपये की व्यवस्था भी की गई है। विभाग के अनुसार, बारिश कम होने या अनियमित होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इस पहल से किसानों को केवल फसल पर निर्भर रहने के बजाय आय के कई स्रोत मिलेंगे, जिससे कम बारिश या प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी उनकी आर्थिक स्थिति पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

## सोनभद्र में दो माह बाद एक जुलाई से पुनः चलेगी नियमित कोर्ट

● इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में एक मई से 30 जून तक चल रही थी प्रातःकालीन कोर्ट

जिले की भौगोलिक स्थिति के साथ ही अत्यधिक गर्मी पड़ने के मद्देनजर प्रति वर्ष मार्निंग कोर्ट का होता है संचालन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में सोनभद्र की अदालतों में दो माह मार्निंग कोर्ट चल रही थी, लेकिन अब पुनः नियमित कोर्ट चलेगी। एक जुलाई बुधवार से सुबह 10 बजे से कोर्ट का संचालन शुरू हो जाएगा। जिसकी वजह से न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं वादकारियों के नित्य क्रिया में एकबार फिर से परिवर्तन करना पड़ेगा जिससे शुरुआत में परेशानी होगी। बता दें कि सोनभद्र जिले की भौगोलिक स्थिति अन्य जिलों से भिन्न है। जिसके चलते दो महीने मई और जून माह में भयंकर गर्मी पड़ती है। सोनभद्र बार




एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त प्रस्ताव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोनभद्र में दो माह अर्थात एक मई से 30 जून तक के लिए मार्निंग कोर्ट संचालित करने का निर्देश दिया था। जिसकी वजह से प्रातः 6:30 बजे से दोपहर बाद 1:30 बजे तक मार्निंग कोर्ट चल रही थी। यह आदेश जनपद न्यायालय सोनभद्र व अधीनस्थ न्यायालयों, वाह्य न्यायालय अनपरा स्थित ओबरा, दुद्धी व ग्राम न्यायालय घोरावल पर लागू था। लेकिन अब एक जुलाई बुधवार से पुनः पहले की तरह सुबह 10 बजे से नियमित कोर्ट का संचालन होगा। इससे एकबार फिर से न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों व वादकारियों को अपने दिनचर्या में बदलाव करना पड़ेगा, जिससे शुरुआत में कुछ दिनों तक परेशानी होगी, बाद में सुचारू रूप से चलने लगेगा।

## 2 दिनों में फिर से युद्ध शुरू होगा, नेतन्याहू ने ईरान को दी बड़ी धमकी

● अमेरिका और ईरान में बातचीत के बीच अब इजराइल के इस एक्शन से पश्चिम एशिया में तनाव गहरा गया है।

दरअसल इजराइल ने ट्रंप के लेबनान में हमले रोकने की अपील के बावजूद हिजबुल्ला को दहलाया है। संकेत साफ हैं। इजराइल किसी से भी रुकेगा नहीं।

क्योंकि नेतन्याहू ने एक बार फिर से यह साफ किया है कि उनकी सेना का लेबनान में ऑपरेशन हिजबुल्लाह के तहत सफाई का काम जारी रहेगा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ईरान के साथ युद्ध को लेकर इजराइल ने बड़ा दावा कर दिया है। दो दिनों के अंदर फिर से युद्ध शुरू हो सकता है और अगर ईरान हमला करता है तो फिर से युद्ध शुरू होगा। सुप्रीम लीडर मोजतबा खामनेई नहीं हमारे निशाने पर हैं। इजरायली सेना को तैयार रहने के हमने आदेश दे दिए हैं। आईडीएफ ब्लू एंड वाइट ऑपरेशन के लिए तैयारी करें। यह बड़ा बयान इजराइल की तरफ से दिया गया है। दो दिनों के अंदर युद्ध शुरू हो सकता है। अगर ईरान ने हमला किया तो फिर से युद्ध शुरू होगा। पिछले कुछ घंटों से अमेरिका और ईरान के बीच भले ही शांति हो लेकिन इजराइल ने नया मोर्चा खोल दिया है। अमेरिका और ईरान में बातचीत के बीच अब इजराइल के इस एक्शन से पश्चिम एशिया में तनाव गहरा गया है। दरअसल इजराइल ने ट्रंप के लेबनान में हमले रोकने की अपील के बावजूद हिजबुल्ला को दहलाया है। संकेत साफ हैं। इजराइल किसी से भी रुकेगा नहीं। ऐसा इसीलिए क्योंकि नेतन्याहू ने एक बार फिर से यह साफ किया है कि उनकी सेना का लेबनान में ऑपरेशन हिजबुल्लाह के तहत सफाई का काम जारी रहेगा।

अमेरिका और ईरान में शांति वार्ता के बीच इजराइल ने लेबनान में जंग का नया मोर्चा खोल दिया है। इजराइल ने सी स्क्वायर के बीच दक्षिणी लेबनान में यहां तक हमला किया है। इजरायली सेना ने अपनी सीमा से 10 किमी दूर हमला करके हिजबुल्लाह को बड़ी चोट दी है। उसके अंडर ग्राउंड सैन्य ठिकाने को ब्लास्ट करके



उड़ा दिया है। इजराइल के बारूदी तेवर महायुद्ध का बड़ा डेंजर नेतन्याहू ने दम दिखाया पाताल लोक को उड़ाया हिजबुल्लाह पर बमबारी तबाही जारी। आईडीएफ के जवान चुन-चुन कर हिजबुल्लाह के लड़ाकों को ठिकाने लगा रहे हैं। यह वीडियो आईडीएफ ने ही जारी किया है। इसमें एक हिजबुल्लाह फाइटर को बम से उड़ाते हुए दिखाया गया है। दावा किया जा रहा है कि हिजबुल्लाह के इस लड़ाके ने गुरुवार रात दक्षिणी लेबनान में एक सैनिक की हत्या की थी। इजराइली सेना के इस एक्शन से हिजबुल्लाह भड़का हुआ है। उसने इजराइल पर सीज पर तोड़ने का आरोप लगाते हुए पलटवार की धमकी दी है। इस बीच आईडीएफ ने एंटी टैंक विस्फोटक से लैस हिजबुल्लाह ड्रोन के हमले में चार टैंक क्रू के मारे जाने की पुष्टि की है। कहा जा रहा है कि इस हमले में हिजबुल्लाह ने फाइबर ऑप्टिक ड्रोन का इस्तेमाल किया जिसका तोड़ इज़राइल भी अब तक नहीं निकाल पाया है। हिजबुल्लाह के समर्थन में अब ईरान भी खुलकर उतर आया है। ईरान ने अमेरिका को समझौते की शर्तें और लेबनान में युद्ध विराम लागू करने का वादा याद दिलाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### योगी सरकार का गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान, यूपी बना अव्वल राज्य




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आर्थिक समृद्धि के क्षेत्र में नया कीर्तिमान बनाया है। प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना किसानों को 31,682 करोड़ रुपये का भुगतान किया। वहीं वर्ष 2017 से गन्ना किसानों को अब तक 3,23,572 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया है। देश का सर्वाधिक गन्ना मूल्य भुगतान करने वाला उत्तर प्रदेश निरंतर प्रथम स्थान पर बना हुआ है। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग के अनुसार वर्ष 1995 से 2017 तक के 22 वर्ष में किसानों को कुल 2,13,519 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था, जबकि वर्तमान सरकार ने मात्र नौ वर्ष में ही इससे 1,10,053 करोड़ रुपये अधिक भुगतान करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। वहीं वर्ष 2007 से 2017 (10 वर्ष) में कुल 1,47,346 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ था, जबकि वर्ष 2017 से अब तक 3,23,572 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में योगी सरकार की किसान हितैषी नीतियों का असर वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में भी दिखाई दे रहा है। इस सत्र में अब तक किसानों को 31,682 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जो कुल देय राशि का 91.64 प्रतिशत है। गन्ना उत्पादन और चीनी उद्योग के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की हैं। पेराई सत्र 2025-26 में प्रदेश की 121 संचालित चीनी मिलों ने 878.12 लाख टन गन्ने की पेराई कर 89.52 लाख टन चीनी का उत्पादन किया है। मार्च 2017 से अब तक प्रदेश में 04 नई चीनी मिलों की स्थापना की गई है, जबकि 07 बंद चीनी मिलों का पुनर्संचालन किया गया है। इसके अलावा 42 निजी क्षेत्र, 01 निगम क्षेत्र और 01 सहकारी क्षेत्र की चीनी मिलों में क्षमता विस्तार किया गया है। इन प्रयासों से 1,28,500 टीसीडी अतिरिक्त पेराई क्षमता का सृजन हुआ है। नई औद्योगिक इकाइयों और क्षमता विस्तार के परिणामस्वरूप लगभग 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है।

### यूपी में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर स्कूल वाहनों के होंगे चालान, लापरवाही पर रद हो सकती है स्कूल की मान्यता

लखनऊ। प्रदेश में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग एक से 15 जुलाई तक 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान चलाएगा। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश पर शुरू हो रहे अभियान में बिना फिटनेस, बिना परमिट और सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले स्कूल वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पहले सप्ताह में स्कूलों को कमियां दूर करने का मौका दिया जाएगा, जबकि आठ जुलाई से नियम तोड़ने वाले वाहनों का चालान, सीज और संचालन बंद कराने की कार्रवाई होगी। लगातार लापरवाही करने वाले स्कूलों की मान्यता रद करने की भी संस्तुति की जाएगी। परिवहन विभाग की प्रशासन और प्रवर्तन शाखा संयुक्त रूप से अभियान चलाएंगी। जिन स्कूल वाहनों के पास फिटनेस प्रमाणपत्र या वैध परमिट नहीं है, उनके स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को नोटिस, व्यक्तिगत संपर्क और फोन के माध्यम से सूचित किया जाएगा।उनसे कहा जाएगा कि सात जुलाई तक सभी स्कूल वाहनों की फिटनेस कराकर उन्हें वैध परमिट से संचालित करें। अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने जिलों में स्कूलों की संख्या के अनुसार जोन और सेक्टर बनाकर जिम्मेदारी दी जाएगी। वे प्रत्येक स्कूल में पहुंचकर वाहनों की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करेंगे और सुरक्षा मानकों की जांच करेंगे। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने सभी उप परिवहन आयुक्त, संभागीय परिवहन अधिकारियों और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जुलाई के पहले सप्ताह में सभी जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक कराई जाए। अभिभावकों को भी जागरूक किया जाएगा कि वे अपने बच्चों को स्कूल ले जाने वाले वाहनों की सुरक्षा और वैध दस्तावेजों की जानकारी जरूर लें।

# जल जीवन मिशन पर सवाल: सिसवा ग्राम पंचायत में लाखों की योजना अधर में

- दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बलरामपुर। केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर जल' योजना को धरातल पर उतारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जनपद के पचपेड़वा विकासखंड की सिसवा ग्राम पंचायत में यह योजना अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए ट्यूबवेल तो स्थापित कर दिया गया, लेकिन इसके बाद पूरा कार्य बीच में ही छोड़ दिया गया। महीनों बीत जाने के बावजूद न पानी की टंकी का निर्माण हुआ और न ही घर-घर पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्यूबवेल लगाने के बाद से न तो ठेकेदार दोबारा गांव में दिखाई दिया और न ही जल जीवन मिशन से जुड़े विभागीय अधिकारियों ने कार्य की सुध ली। अधूरी परियोजना के कारण लाखों रुपये की लागत से शुरू की गई योजना सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गई है। गांव के लोग आज भी हैंडपंपों और अन्य असुरक्षित जल स्रोतों पर निर्भर हैं। कई स्थानों पर दूषित पानी पीने की मजबूरी बनी हुई है, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, लेकिन सिसवा ग्राम पंचायत की हकीकत उन दावों की पोल खोल रही है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अधूरे कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा जल्द से जल्द टंकी निर्माण और पाइपलाइन बिछाकर गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इस संबंध में नवागंतुक अधिशासी अभियंता सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाएगा। वहीं अवर अभियंता आशीष कुमार यादव ने बताया कि निर्माण कार्य जल्द ही पुनः शुरू कराया जाएगा, ताकि शेष कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब ट्यूबवेल स्थापित कर दिया गया था, तो आखिर पूरा कार्य क्यों रोक दिया गया? क्या सरकारी धन खर्च कर योजना को अधूरा छोड़ देना ही जल जीवन मिशन का उद्देश्य है, या फिर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय कर ग्रामीणों को जल्द शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा? अब सभी की निगाहें जांच और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

## दो दिन से सरकारी विद्यालय में घायल अवस्था में घूम रहा गाय का बछड़ा, माट साहब का नहीं गया ध्यान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले के हर्रैया सरकार गौसेवा, शिक्षा और संवेदनशील प्रशासन के लाख दावे करे, लेकिन प्राथमिक विद्यालय मझौवा बाबू की यह तस्वीर उन दावों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। विद्यालय के जिस कमरे में नौनिहालों को शिक्षा दी जानी चाहिए, उसी कमरे में दो दिन से घायल गौवंश का बछड़ा तड़पता और भटकता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कमरे में खून के निशान भी दिखाई दिए, लेकिन विद्यालय खुला होने के बावजूद भी माट साहब का ध्यान उस मूक प्राणी की ओर नहीं गया और उसके उपचार की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी विद्यालय का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कक्षाओं में आवारा कुत्तों का घूमना और ब्लैकबोर्ड की लकड़ी जलाकर खाना बनाते हुए दृश्य सामने आए थे। उस मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं दिखा। अब एक बार फिर सामने आई यह तस्वीर कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। क्या कार्रवाई सिर्फ कागज़ों तक सीमित है? क्या सरकारी दावों की हकीकत यही है? स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, बेसिक शिक्षा अधिकारी और पशुपालन विभाग से तत्काल घायल बछड़े का उपचार कराने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाए तो जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।जब शिक्षा के मंदिर में मानवता घायल हो जाए, तब सवाल सिर्फ एक विद्यालय का नहीं, पूरी व्यवस्था का होता है। '

## अमृत भारत स्टेशन के नाम पर हो रही कमीशनखोरी, काम में हो रहा घटिया सामग्री का इस्तेमाल

फिरोजाबाद। अमृत भारत स्टेशन योजना से हो रहे रेलवे स्टेशन का कायाकल्प में मानकों की अनदेखी हो रही है। ठेकेदार निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग कर रहे हैं। पीला ईटों की डस्ट से चिनाई की जा रही है। एक रेल यात्री ने घटिया निर्माण का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया तो आनन-फानन में वाटर बूथ तोड़ दिया गया। अंग्रेजों के जमाने के रेलवे स्टेशन को भव्य और सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना से कार्य कराए गए हैं। सर्कुलेटिंग एरिया के साथ ही विभिन्न प्लेटफार्म पर टायल्स और लिफ्ट लगाने का काम चल रहा है। सोमवार सुबह दैनिक जागरण की टीम वहां पहुंची तो पुराने डाकघर के पीछे बन रही बाउंड्री में मजदूर पीला ईट लगा रहे थे। चंबल सेंड की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा था। मजदूरों और राजमिस्त्री का कहना था कि ठेकेदार जो मंगाकर देते हैं। वह उसका उपयोग करते हैं। प्लेटफार्म पर निर्माण कार्य लगभग समाप्त हो चुका है। मजदूरों ने बताया कि वहां भी इसी तरह की सामग्री लगाई गई है। नए और पुराने ओवरब्रिज पर लिफ्ट लगाने का काम चलता मिला। सूत्रों का कहना है कि इसमें भी मानकों की अनदेखी की गई है।

# गौरीगंज पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा


- 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत अन्तर्जनपदीय 04 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से चोरी की 26 बैट्रियां, 05 इन्वर्टर, चोरी के सामान की बिक्री के 38400/- रुपये नकद
- चोरी की घटना में प्रयुक्त विभिन्न उपकरण 01 ब्रेजा कार, 01 तीन पहिया लोडर वाहन, 04 मोबाइल फोन बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में संदिग्धों की चेकिंग एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर नेता रोड पर खड़ी संदिग्ध ब्रेजा कार संख्या पीबीएक्स 7888 पर सवार 03 व्यक्तियों को सुभाष चन्द्र पाठक पुत्र शिवपूजन पाठक निवासी कुनगाई बुजुर्ग पोस्ट इटवा थाना पैकोलिया जनपद बस्ती उम्र करीब 47 वर्ष (चालक), राजकुमार तिवारी पुत्र भगवान दासतिवारी उम्र 33 वर्ष निवासी शिवदीन का पुरवा मजरे अमटाही थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र 33 वर्ष, मनीष कुमार गुप्ता पुत्र वंदन कुमार गुप्ता निवासी कस्बा व थाना हरइया जनपद बस्ती उम्र करीब 20 वर्ष की तलाशी व वाहन की तलाशी ली गयी । तीनों व्यक्तियों के कब्जे से 01-01 एण्ड्रॉयड फोन व ब्रेजा कार से 38400/-रुपये बरामद हुए । ब्रेजा कार का नंबर जांचने पर ज्ञात हुआ कि उक्त नंबर थार कार का है ।पूछताछ करने पर सुभाष चन्द्र पाठक ने बताया कि यह कार उसकी है जिसका रजि0 नंबर पीबी 22एक्स7689 है। अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग ब्रेजा कार की नंबर प्लेट बदल कर उसी कार से अयोध्या, सुलतानपुर, बस्ती, अमेठी, प्रतापगढ़, बनारस, प्रयागराज आदि जनपदों में उन्हीं जनपदों के लोकल साथियों के साथ सूनसान जगहों पर बनी इलेक्ट्रॉनिक दुकानों की रैकी करके दुकानों के बाहर रखे कीमती सामान व शटर तोड़कर अंदर रखे सामान को चोरी कर लेते हैं एवं इसी ब्रेजा कार व तीन पहिया लोडर वाहन पर लादकर दूसरे जनपदों में सस्ते दामों में बेच देते हैं। आज मुसाफिरखाना जाने वाली सड़क पर बनी एक दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने की तैयारी कर रहे थे। लगभग एक महीना पहले गौरीगंज कस्बे में एक दुकान के बाहर रखे लोहे के फर्मा चोरी करके तीन पहिया लोडर वाहन से उठा ले गये थे तथा 49000/- रुपये में बेच दिया था । कार से बरामद 38400/-रुपये वही रुपये हैं शेष रुपये खर्च कर दिये हैं । दोबारा इसी महीने की 20 तारीख को गौरीगंज कस्बे में ही सुलतानपुर रोड के किनारे पुरानी दुकान का शटर उठाकर उसमें रखी बैट्रियां व इन्वर्टर निकाल कर तीन पहिया लोडर पर लाद कर अपने साथी राजकुमार तिवारी उपरोक्त की देखरेख में एक जगह रखवा दिया था । कुछ छोटी बैट्रियों को बेच दिया था शेष इन्वर्टर व बैट्रियां उनका साथी मोहन वर्मा पुत्र लक्षीराम निवासी नारायणपुर मिसिर थाना हरइया जनपद बस्ती, सैंठा नाला पुल के पास तीन पहिया लोडर वाहन पर लाद कर उनका इंतजार कर रहा है। उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर सैंठा नाला पुल के पास पहुंचकर सड़क के किनारे खड़े तीन पहिया लोडर के चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मोहन वर्मा उपरोक्त बताया । तलाशी से मोहन वर्मा के कब्जे से 01 एण्ड्रॉयड फोन बरामद हुआ। लोडर पर लदे एवं पॉलीथीन से ढके सामान को देखा गया तो 05 नये इन्वर्टर, 18 नई बैट्रियां व 08 पुरानी बैट्रियां बरामद हुई। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी करने के उपकरण सरिया, हथौड़ा, पेंचकश, छेनी आदि बरामद हुई। वाहनों के कागजात मांगने पर दिखा न सके मौके से ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

## 392, 504 व 506 के मामले में तीन वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए




बलरामपुर। जनपद में वारंटियों एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पचपेड़वा पुलिस ने मंगलवार को तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान के नेतृत्व में थाना पचपेड़वा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में असलम (45 वर्ष), गब्बन (53 वर्ष) और शब्बू (52 वर्ष) शामिल हैं। तीनों विशुनपुर टनटनवा, थाना पचपेड़वा के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार तीनों के विरुद्ध वर्ष 2014 के मामला संख्या 903/2014 में धारा 392, 504 एवं 506 भारतीय दंड संहिता के तहत न्यायालय से वारंट जारी था। पुलिस ने बताया कि तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अमित यादव, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार एवं कांस्टेबल शिव कुमार की प्रमुख भूमिका रही।

## फिरोजाबाद: तेज रफ्तार गैस टैंकर ने चारपाई पर सो रहे लोगों को कुचला, पिता-पुत्र की मौत; बेटी घायल




फिरोजाबाद। शिकोहाबाद में मैनपुरी रोड स्थित गांव मुहम्मदपुर माड़ई में अनियंत्रित गैस टैंकर ने मंगलवार सुबह छह बजे सड़क किनारे चारपाई पर सो रहे तीन लोगों को रौंद दिया। इसके बाद एक घर में घुस गया। हादसे में चारपाई पर सो रहे 50 वर्षीय कासिम अली और उनके 10 वर्षीय बेटे तोशिफ की मौत हो गई। वहीं 13 वर्षीय बेटी शहरीन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सैफई ले जाया गया है। घटना से गुस्साए लोगों ने एक घंटे तक जाम लगाकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे एसडीएम और इंस्पेक्टर ने उन्हें समझाकर शांत किया।

## ट्रेनिंग पूर्ण कर घर लौटे थल सेना के जवान अमरीश विश्वकर्मा को समाजसेवी ने किया प्रोत्साहित

- वरिष्ठ पत्रकार सुशील मिश्रा,अभिषेक सिंह,आदित्य तिवारी सहित अन्य लोग रहे मौजूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



शुकुलबाजार अमेठी- जनपद अमेठी के विकासखंड शुकुलबाजार अमेठी अंतर्गत गांव ऊंचगांव निवासी अशोक विश्वकर्मा एवं रानी विश्वकर्मा के होनहार सुपुत्र अमरीश विश्वकर्मा ने भारतीय थल सेना मे सैनिक जीडी पद पर चयनित होकर परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया और लोगों का शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा वहीं होनहार युवा अमरीश विश्वकर्मा के ट्रेनिंग पूरी कर अपने निवास ऊंचगांव पहुंचने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया वहीं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक समाजसेवी पी.के.तिवारी ने शुकुलबाजार रानीगंज रोड स्थित मिश्रा रेडीमेड सेंटर प्रतिष्ठान शुकुलबाजार पहुंचकर होनहार युवा अमरीश विश्वकर्मा को पटुका,श्री राधाकृष्ण प्रतिमा एवं पेन भेंटकर प्रोत्साहित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार सुशील मिश्रा,अभिषेक सिंह,आदित्य तिवारी एवं सूरज कौशल ने भी अमरीश विश्वकर्मा को शुभकामनाएं दी वहीं अमरीश विश्वकर्मा ने समाजसेवी पी के तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार सुशील मिश्रा एवं फिजिकल तैयारी कराने वाले गुरु अभिषेक सिंह को अंगवस्त्र भेंटकर धन्यवाद किया और कहा कि अभिषेक सर के कुशल नेतृत्व मे अनेकों होनहारों की फिजिकल तैयारी कराई जाती है जिसमे कई युवाओं का चयन आर्मी मे हुआ है।

## परीक्षा को निष्पक्ष, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अमेठी। जनपद में आयोजित होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, नकलविहीन एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों, जोनल मजिस्ट्रेटों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा की गरिमा एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं सतर्कता के साथ निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर समय से पूर्व पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाए तथा परीक्षा प्रारंभ होने से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप कराई जाए तथा पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सावधानीपूर्वक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहे तथा किसी भी प्रकार की नकल, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा बाहरी हस्तक्षेप की संभावना पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। प्रभारी जिलाधिकारी ने जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करते रहें तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। बताते चलें कि जनपद में शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफल संचालन के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। परीक्षा में कुल 23,040 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन 2, 3 एवं 4 जुलाई, 2026 को दो पालियों में आयोजित कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, विद्युत, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य गोपनीय सामग्री को आयोग के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षित एवं समयबद्ध ढंग से जमा कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सभी केंद्र व्यवस्थापक, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का आश्वासन दिया।

## डीएम ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




बस्ती। बस्ती जिले में आगामी निर्वाचन की तैयारियों के तहत जिले में मतदेय स्थलों के संभाजन एवं पुनर्निधारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में मंगलवार को जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टेऊट सभागार में बैठक आयोजित की गयी । बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदेय स्थलों का पुनः परीक्षण कराया जा रहा है। आयोग के मानको के अनुसार मतदेय स्थलों पर 1200 से अधिक मतदाता है, उनका विभाजन कर नये मतदेय स्थल बनाये जायेंगे ताकि मतदान प्रक्रिया अधिक सुगम, व्यवस्थित व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराया जा सकें। उन्होने कहा कि 24 जून से 31 जुलाई 2026 तक विभिन्न चरणों में भौतिक सत्यापन, मतदेय स्थलों का पुनर्निधारण, प्रारूप सूची का प्रकाशन, आपत्तियों का परीक्षण कर नियमानुसार उनका निस्तारण भी किया जायेंगा। उन्होने बताया कि मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण एवं नये मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु भवनों का चिंहॉकन 24 से 28 जून, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार करना 29 जून से 01 जुलाई, आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन तथा मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची मा. प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना 04 जुलाई, वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा मा. प्राप्त राजैनिक दलों के साथ बैठको के आयोजन के पश्चात् शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अन्तिम रूप दिया जाना 18 जुलाई, जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी संलग्नको सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ भेजे जाने हेतु उपलब्ध कराया जाना 25, 27 व 28 जुलाई तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा संभाजन संबंधी प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जाना 31 जुलाई 2026 है। बैठक में मा. प्राप्त राजनैतिक दलों के सदस्य एवं प्रतिनिधिगण, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हिमांशु कुमार, मनोज प्रकाश, सत्येन्द्र सिंह, उमाकान्त तिवारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष सिंह, ओम प्रकाश सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## फिरोजाबाद में पांच की मौत, आंधी में नीम का पेड़ ई-रिक्शा पर गिरा; दर्दनाक हादसे में सवार रह गए दबे

फिरोजाबाद। आंधी और वर्षा के दौरान एटा की सीमा से सटे फरिहा के गांव चिड़रई में सोमवार रात साढ़े आठ बजे नीम का पेड़ ई-रिक्शा पर गिर गया। जिससे उसमें बैठीं सभी आठ सवारियां घायल हो गईं। पांच की हालत गंभीर थी। उनकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। डीएम और एसएसपी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। मौके पर काफी भीड़ जुट गई। एटा के अवागढ़ से आ रहे ई-रिक्शा में आठ सवारियां थीं। पृथ्वीपुर चिड़रई के पास नीम का बड़ा पेड़ ई-रिक्शा पर गिरते ही चीखपुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़ कर आए। ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था और सवारियां पेड़ के नीचे दब गईं थीं। घटना के कारण वहां जाम लग गया। पुलिस ने ग्रामीणों और जेसीबी की मदद से पेड़ को हटवाया। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस से सरकारी ट्रामा सेंटर भिजवाया।तब तक पांच लोगों की मौत हो गई। इनकी पहचान 28 वर्षीय गजेंद्र निवासी बटोलर, फरिहा, 59 वर्षीय हरेश पाल, निवासी नगला फतेह, फरिहा, 20 वर्षीय विष्णु निवासी ईखू, फरिहा, 17 वर्षीय अमन निवासी नगला मंडा सकरौली, एटा और 65 वर्षीय गंगा सिंह निवासी आनंदपुर, अवागढ़, एटा के रूप में हुई है। सरकारी ट्रामा सेंटर पर काफी संख्या में पुलिस फोर्स है। वहीं डीएम संतोष कुमार शर्मा और एसएसपी आदित्य लांग्हे ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

## मॉडल शॉप का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, सीसीटीवी, डीवीआर भी ले गए चोर

बस्ती। बस्ती जिले में पुलिस का दहशत खत्म होते नजर आ रहे हैं जगह-जगह चोरी लूट हत्या जैसी घटनाएं हो रही है बस्ती जिले की पुलिस हर तरफ फैल नजर आ रही है क्योंकि शिकायतों पर ना ध्यान देना स्थान पर पुलिस द्वारा पैसा लेकर शिकायतों को कूड़ेदान में डालना इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा रहा है अपराधी दम पे दम अपराध करते नजर आ रहे इन पर अंकुश लगाना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही है ताजा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के डिड़ौहा चौराहे स्थित एक मॉडल शॉप में रविवार की रात अजीवीज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से करीब 3.51 लाख रुपये की नकदी, सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर (हार्ड डिस्क) और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सुजिया गांव निवासी अभिनव पाण्डेय की कोतवाली थाना क्षेत्र के डिड़ौहा चौराहे पर मॉडल शॉप संचालित है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे मकान मालिक ने फोन कर सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने पर जब अभिनव पाण्डेय मौके पर पहुंचे तो देखा कि अज्ञात चोर रात में ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुस गए थे। पीड़ित के अनुसार, चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर डीवीआर, हार्ड डिस्क भी अपने साथ ले गए, जिससे उनकी पहचान न हो सके। इसके अलावा दुकान में रखी दो दिनों की बिक्री की 3,51,360 रुपये नकद राशि चोरी कर ली गई। चोरों ने दुकान में रखी शराब की दो बोतलों में से एक पूरी और दूसरी आधी पीकर वहीं छोड़ दी, जिससे अतिरिक्त नुकसान भी हुआ। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरी गई नकदी, डीवीआर और अन्य सामान की बरामदगी के साथ दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# वृक्षारोपण महायज्ञ 2026-'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान

## दृ हरित भविष्य की ओर एक सशक्त कदम

**लखनऊः** प्रकृति मानव जीवन का आधार है। स्वच्छ वायु, शुद्ध जल, उपजाऊ भूमि और संतुलित जलवायु हमें प्रकृति से ही प्राप्त होती है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और वनों की कटाई जैसी चुनौतियों ने पर्यावरण संरक्षण को अत्यंत आवश्यक बना दिया है। ऐसे समय में वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का माध्यम बन गया है। इसी उद्देश्य को लेकर उत्तर प्रदेश वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा 76वें वन महोत्सव के अवसर पर 'वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 दृ एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत इस वर्ष 35 करोड़ पौधें 5.25 लाख चिन्हित स्थलों पर रोपित किये जा रहे है। 1900 से अधिक पौधशालाओं में विकसित किये गये कुल 52.44 करोड़ पौधे मौजूद है। यह अभियान केवल वृक्ष लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जनभागीदारी के माध्यम से एक व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया गया है।

**अभियान का उद्देश्य** 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का मूल उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्रकृति संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। माँ जीवन का प्रथम आधार होती है। जिस प्रकार माँ हमें स्नेह, सुरक्षा और जीवन प्रदान करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी मानव जीवन को संरक्षण और पोषण प्रदान करते हैं। इस भावनात्मक संदेश के माध्यम से लोगों को अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान का लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करना है। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने लगाए गए पौधे को अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी वृक्षारोपण अभियान वास्तविक सफलता प्राप्त कर सकेगा।

**वन महोत्सव और वृक्षारोपण का महत्व**

भारत में वन महोत्सव की शुरुआत लोगों को वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से की गई थी। वन महोत्सव के दौरान बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वृक्ष हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिससे वायु प्रदूषण कम होता है। इसके अतिरिक्त वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, भूजल स्तर को बनाए रखते हैं और जैव विविधता के संरक्षण में सहायक होते हैं। आज विश्व जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाएँ

पर्यावरणीय असंतुलन के परिणाम हैं। ऐसे में वृक्षारोपण इन चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी और सरल उपाय माना जाता है।

**प्रदूषण नियंत्रण में वृक्ष के महत्व पर जन जागरूकता**

वृक्ष वायुमण्डल से हानिकारक गैसों को हटाकर, ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित कर, ग्रीन हाउस के प्रभाव को कम करने के साथ-साथ वायु की गुणवत्ता में सुधार करता है। पर्यावरण शुद्ध करने, धूल व तापमान नियंत्रण व ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण में वृक्ष प्रजातियों पीपल, बरगद, पाकड़, गूलर, नीम, आम, जामुन, महुआ, इमली, अमलतास, अशोक, सहजन आदि सहायक हैं। आज पूरा विश्व इस बात से अवगत है कि किसी स्थान पर वृक्षावरण बढ़ाकर वहाँ की मृदा व भू-जल स्तर में सुधार, आक्सीजन की प्रचुरता द्वारा वायु की शुद्धता आदि से उस स्थान के माईक्रो क्लाइमेट में सुधार हो जाता है।

**आक्सीजन टैंकः-** एक वृक्ष प्रतिवर्ष औसतन 260 पाउण्ड अथवा 82,420 लीटर आक्सीजन का उत्पादन करता है। एक व्यक्ति को प्रतिदिन 550 लीटर आक्सीजन की आवश्यकता रहती है। वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2026 में प्रदेश में 35 करोड़ पौधा रोपण से भविष्य में स्थापित होने वाले वृक्ष लगभग 14.36 करोड़ नागरिकों की आक्सीजन आवश्यकता के लिये पर्याप्त है।

**कार्बन सिंकः-** वृक्ष कार्बन डाईआक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण शुद्ध करता है। वनावरण एवं वृक्षावरण कार्बन सिंक का कार्य करते हैं। एक परिपक्व वृक्ष प्रतिवर्ष 13 पाउण्ड कार्बन अवशोषित करता है। वर्षाकाल 2026 में प्रदेश में 35 करोड पौधा रोपण से स्थापित होने वाले वृक्षों द्वारा वर्ष 2030 तक लगभग 18.55 मिलियन टन कार्बन का अवशोषण होगा। वृक्षों द्वारा प्राप्त जीवनदायनी आक्सीजन के लिये हम सदैव ऋणी रहेंगे। यह आवश्यक है कि प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, सहित सभी प्रजातियों के पौधों का रोपण तथा वृक्ष के रूप में स्थापित होने तक उनका संरक्षण कर ऋण मुक्त हों। साथ ही, कार्बन अवशोषण में वृक्षों की भूमिका का जन मानस में प्रचार-प्रसार किया जाय। आज यह आवश्यक है कि मारल एथिक्स के साथ-साथ पर्यावरण नैतिकता (म्दअपतवदउमदजंस म्जीपबे) की भावना को जागृत कर आक्सीजन टैंक तथा कार्बन सिंक में वृक्षों के महत्व पर सभी को शिक्षित किया जाय।

हरित सारथी अभियान जन-जागरूकता का अभिनव प्रयास 'वृक्षारोपण महायज्ञ 2026' के अंतर्गत डिजिटल जन-जागरूकता कार्यक्रम 'हरित सारथी अभियान' प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के मिशन से जोड़ना है। अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के 75 जिलों से 76 हरित सारथियों का चयन किया जाएगा। ये चयनित हरित सारथी 1 जुलाई से 7 जुलाई तक अपने-अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण, जन-जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे। वे स्थानीय समुदायों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों को जोड़कर वृक्षारोपण को जन आंदोलन का स्वरूप देंगे। हरित सारथी केवल वृक्ष लगाने का कार्य नहीं करेंगे, बल्कि लोगों को पर्यावरणीय चुनौतियों और उनके समाधान के प्रति भी जागरूक करेंगे। इस प्रकार वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनेंगे। किसी भी सामाजिक परिवर्तन में युवाओं और विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए अभियान के अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लिए 'स्कूल ऑफ हरित सारथी सम्मान' कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षण संस्थानों को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्यार्थी पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण कार्यक्रम और पर्यावरण जागरूकता रैलियों में भाग लेकर प्रकृति संरक्षण के महत्व को समझेंगे। जब बच्चों और युवाओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होगी, तब भविष्य में वे जिम्मेदार नागरिक बनकर प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा कर सकेंगे। डिजिटल युग में सोशल मीडिया जन-जागरूकता का सबसे प्रभावशाली माध्यम बन चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स के लिए विशेष सहभागिता अभियान शुरू किया गया है।

**पर्यावरण संरक्षण में नागरिकों की भूमिका**

पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है। यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें, तो देश में हरित क्षेत्र का विस्तार तेजी से हो सकता है। अपने घर, विद्यालय, कार्यालय, खेल और सार्वजनिक स्थानों पर पौधें लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते है। इसके साथ ही जल संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, ऊर्जा की बचत और स्वच्छता जैसे प्रयास भी पर्यावरण सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। ''वृक्षारोपण महायज्ञ 2026-एक पेड़ माँ के नाम'' केवल एक पर्यावरण अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक प्रयास है। यह पहल समाज के प्रत्येक वर्ग को एक साझा उद्देश्य से जोड़ती है।

सम्पर्क सूत्र- रवि यादव

# यूपी का चुनावी मैदानः मुकाबला फिर से भाजपा बनाम सपा

संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला

उत्तर प्रदेश की सियासत का गणित पिछले 30 साल से लगभग तय है। यहाँ सत्ता की चाबी हमेशा दो बड़े खेमों के पास रही है। 2027 का विधानसभा चुनाव भी इसी स्क्रिप्ट पर आगे बढ़ता दिख रहा है। मैदान में कई दल हैं, पर असली सीधी टक्कर भाजपा बनाम सपा के बीच ही होगी। 2024 के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में सपा ने भाजपा को पीछे छोड़ दिया था। प्रदेश में भाजपा को 33 जबकि सपा को 37 सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। लेकिन यह संभव है कि विधानसभा का चुनावी गणित अलग हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में काफी लोकप्रिय हो चुके हैं खासकर अपने कड़े फैसले को लेकर। इसलिए विधानसभा चुनाव के गणित को अलग तरीकों से देखना होगा। भाजपाः 'डबल इंजन' से 'ट्रिपल अटैक' की तैयारी- भाजपा यूपी में 2017 और 2022 में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आई। उसका कोर नैरेटिव 3 चीजों पर टिका हैः हिंदुत्व + विकासः अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, प्रयागराज कुंभ को भाजपा अपनी उपलब्धि के तौर पर पेश कर रही है। साथ में एक्सप्रेसवे, मेट्रो, नोएडा फिल्म सिटी, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे विकास प्रोजेक्ट फ्रंट पर हैं। लॉ एंड ऑर्डरः 'माफिया राज खत्म' और 'बुलडोजर मॉडल' भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी हथियार बना है। पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक इसे कानून-व्यवस्था की गारंटी के रूप में बेचा जा रहा है।

केंद्र + राज्य का तालमेलः मोदी का चेहरा राष्ट्रीय स्तर पर और योगी का चेहरा राज्य स्तर पर। यह 'डबल इंजन' 2024 लोकसभा में कुछ सीटों पर झटका खाने के बाद भी संगठन के लिए सबसे बड़ा भरोसा है। भाजपा की चुनौतीः किसानों की नाराजगी, महंगाई, बेरोजगारी और आरक्षण जैसे मुद्दे। 2024 लोकसभा में पिछड़ा-दलित वोट में हुई सेंध को वापस लाना संगठन की प्राथमिकता है। सपाः 'पीडीए' फॉर्मूले से वापसी की कोशिश-अखिलेश यादव ने 2022 के बाद अपनी राजनीति को पूरी तरह रीसेट किया। सपा अब 'एम-वाई समीकरण' से आगे बढ़कर 'पीडीए' यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक के फॉर्मूले पर खेल रही है। सोशल इंजीनियरिंगः भाजपा के 'नॉन-यादव ओबीसी + नॉन-जाटव दलित' मॉडल को काटने के लिए सपा ने कुर्मी, निषाद, पाल, जाटव के अलावा मुस्लिम वोट को एकजुट करने की कोशिश की। 2024 लोकसभा में इसका असर दिखा भी।

रोजगार और महंगाईः पेपर लीक, अग्निवीर, बेरोजगारी और महंगाई को सपा मुख्य मुद्दा बना रही है। 'बेरोजगारी भत्ता' और पुरानी पेंशन बहाली जैसे वादे इसी दिशा में हैं। अखिलेश का सॉफ्ट हिंदुत्वः मंदिर जाने, कावड़ यात्रा, और समाजवादी पीडीए पंचायत से सपा उस 'तुष्टीकरण' के टैग को तोड़ने की कोशिश कर रही है जो उसे पहले घेरता था। **सपा की चुनौतीः** संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, परिवारवाद के आरोप से बचाना, और मुस्लिम+यादव के बाहर दूसरे पिछड़ों को स्थायी तौर पर जोड़ना।

**बाकी दल कहाँ हैं? - बसपाः** मायावती अभी भी दलित वोट की सबसे बड़ी ध्रुव हैं, पर 2022 और 2024 में उनका वोट बैंक खिसका। अगर वो अकेले लड़ती हैं तो वो भाजपा या सपा में से एक का नुकसान करेंगी, पर खुद सत्ता की रेस से बाहर दिख रही हैं। कांग्रेसः राहुल-प्रियंका के यूपी फोकस के बाद भी संगठन जमीन पर कमजोर है। वो कुछ सीटों पर सपा को फायदा या नुकसान दे सकती है, पर मुख्य मुकाबला नहीं। आरएलडी + अन्यः जयंत चौधरी एनडीए में हैं। निषाद पार्टी, अपना दल भाजपा के साथ। ओम प्रकाश राजभर भी भाजपा के साथ। ये सब वोट कटवा या वोट ट्रांसफर का काम करेंगे, पर फ्रेम भाजपा 1ह्व सपा ही रहेगा। तो फैसला क्या होगा? यूपी में चुनाव हमेशा जाति, धर्म, विकास और कानून-व्यवस्था के मिश्रण से तय होता है। 2027 में भी फ्रेम यही रहेगा।

भाजपा का दांवः हिंदुत्व + विकास + लॉ एंड ऑर्डर + मोदी-योगी का डबल चेहरा। सपा का दांव : पीडीए एकता + बेरोजगारी-महंगाई + 2024 की मोमेंटम। बसपा का वोट जिस तरफ शिफ्ट हुआ, और ब्राह्मण-ठाकुर-बनिया बनाम ओबी सी -दलित-मुस्लिम का ध्रुवीकरण जिस हद तक हुआ, उसी पर सीटों का गणित बनेगा। जमीन पर चाहे जितने दल पोस्टर लगाएं, वोटर के दिमाग में लड़ाई दो ही खेमों के बीच है। एक तरफ योगी-मोदी की भाजपा, दूसरी तरफ अखिलेश की सपा। यूपी 2027 = भाजपा 1ह्व सपा। बाकी सब असर डालने वाले खिलाड़ी हैं, मुख्य खिलाड़ी ये दो ही हैं।

# शासन की नीतियों से मीरजापुर में औद्योगिक सुविधाओं को मिली बढ़त

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश का मीरजापुर जनपद जितना ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक रूप से समृद्ध रहा है, उतनी ही इसकी पहचान वैश्विक स्तर पर हस्तनिर्मित कालीन उद्योग के एक प्रमुख केंद्र के रूप में रही है। विंध्याचल की पहाड़ियों और मां गंगा के आंचल में बसे इस क्षेत्र ने सदियों से अपनी पारंपरिक कला और शिल्प के दम पर दुनिया भर में नाम कमाया है। हालांकि, पारंपरिक उद्योगों की अपनी सीमाएं होती हैं और बदलते समय के साथ युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को एक नई गति देने के लिए यहाँ विविधीकरण की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी आवश्यकता को भांपते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार ने मीरजापुर को एक नए सांचे में ढालने की योजना को साकार किया। आज यह जनपद पारंपरिक कला संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक औद्योगिक हब बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। शासन की नीतियों और रणनीतिक दूरदर्शिता के चलते पिछड़े जिलों की श्रेणी से निकलकर मीरजापुर अब उत्तर प्रदेश के सबसे उभरते हुए औद्योगिक केंद्रों में शुमार होने की दिशा में अग्रसर है। यह बदलाव न केवल इस क्षेत्र की भौगोलिक और आर्थिक तस्वीर को बदल रहा है, बल्कि आने वाले समय में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में इस जनपद की हिस्सेदारी को भी कई गुना बढ़ाने का काम करेगा। इस नई औद्योगिक क्रांति की नींव के रूप में मीरजापुर में दो बड़े निजी औद्योगिक पार्कों को विकसित करने की मंजूरी दी गई है, जो क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखते हैं। शासन द्वारा स्वीकृत इन पार्कों का निर्माण सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम टांगा और मड़िहान के देवरीकलां गांव में होने जा रहा है। भूमि की उपलब्धता और भौगोलिक कनेक्टिविटी के लिहाज से इन दोनों स्थानों का चयन बेहद रणनीतिक है। टांगा में लगभग ग्यारह एकड़ से अधिक की भूमि पर आधुनिक सुख-सुविधाओं से लैस पार्क का विकास किया जाना निश्चित किया गया है, वहीं दूसरी तरफ मड़िहान के देवरीकलां में बारह एकड़ से ज्यादा की विस्तृत भूमि पर उद्योगों को स्थापित करने के लिए ढांचागत विकास किया जाएगा। निजी निवेश को प्रोत्साहित करने और निवेशकों के हौसले को बुलंद करने के लिए प्रशासन ने बेहद उदार रुख अपनाते हुए मात्र एक प्रतिशत की साधारण ब्याज दर पर भारी-भरकम ऋण की संस्तुति दी है। वित्तीय प्रोत्साहन के तहत टांगा के विकासकर्ताओं के लिए पांच करोड़ पचास लाख रुपये से अधिक और देवरीकलां के लिए छह करोड़ एक लाख रुपये से अधिक का ऋण स्वीकृत किया गया है। इतनी रियायती दरों पर पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन का इस क्षेत्र के विकास को लेकर प्रतिबद्धता का परिचायक है।

औद्योगिक बुनियादी ढांचे की बात करें तो इन पार्कों की योजना अत्यंत सुनियोजित और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। टांगा में जहां इक्कीस औद्योगिक भूखंडों का निर्माण किया जाएगा, वहीं देवरीकलां में चालीस भूखंडों पर विभिन्न प्रकार की औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जाएगी। इन भूखंडों का आवंटन इस तरह किया जाएगा कि लघु, मध्यम और सूक्ष्म उद्यमों को एक ही परिसर में फलने-फूलने का समान अवसर मिल सके। शासन की मंशा केवल कारखानों की स्थापना तक सीमित नहीं है, बल्कि वह एक ऐसा संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना चाहता है जहां उद्योगपतियों को कदम-कदम पर प्रशासनिक बाधाओं का सामना न करना पड़े। यही कारण है कि इन पार्कों के भीतर मैन्युफैक्चरिंग जोन के साथ-साथ बिजनेस सेंटर, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, इन्क्यूबेशन सेंटर और आधुनिक संचार प्रणालियों जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही वहां काम करने वाले श्रमिकों और अधिकारियों के उत्तम स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था भी पार्क परिसर के भीतर ही की जाएगी। यह एकीकृत ढांचा न केवल उत्पादकता को बढ़ाएगा बल्कि मीरजापुर को राष्ट्रीय स्तर पर एक सुगम निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा।

किसी भी क्षेत्र में औद्योगिक विकास की गति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां के नियम और कानून निवेशकों के लिए कितने अनुकूल हैं। पूर्व के समय में जटिल विनियामक ढांचे और कड़े मानकों के कारण निजी उद्यमी निवेश करने से कतराते थे, लेकिन वर्तमान प्रशासन ने इस समस्या का स्थाई समाधान निकालते हुए नियमों में व्यापक ढील दी है। उद्योगों की स्थापना के लिए सड़कों की चौड़ाई के मानकों में किया गया बदलाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अब मात्र सात मीटर चौड़ी सड़कों के किनारे भी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को वैधानिक मान्यता दे दी गई है। इस सिंगल रिफॉर्म ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में औद्योगिक पार्कों के विकास का रास्ता पूरी तरह से साफ कर दिया है। इससे भूमि अधिग्रहण की जटिलताएं कम हुई हैं और विकासकर्ताओं को कम लागत में बेहतर कनेक्टिविटी वाले भूखंड मिलने आसान हो गए हैं। नीतियों का यह सरलीकरण दर्शाता है कि शासन केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर बदलाव लाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस सुगम नीतिगत माहौल का ही नतीजा है कि आज बड़े-बड़े ट्रस्ट और निजी कंपनियां मीरजापुर की ओर रुख कर रही हैं और अपना निवेश बढ़ाने को उत्सुक हैं।

इस औद्योगिक कायाकल्प का सबसे सकारात्मक और दूरगामी प्रभाव स्थानीय समाज और युवा पीढ़ी पर पड़ने वाला है। मीरजापुर और इसके आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार की तलाश में बड़े महानगरों की ओर पलायन करना पड़ता था, जिससे न केवल क्षेत्र की प्रतिभा बाहर चली जाती थी बल्कि परिवारों पर भी इसका गहरा सामाजिक व आर्थिक प्रभाव पड़ता था। इन दो निजी औद्योगिक पार्कों में स्थापित होने वाली कुल इकसठ औद्योगिक इकाइयों से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। स्थानीय युवाओं को उनके घर के पास ही तकनीकी, प्रबंधकीय और कुशल श्रम से जुड़े रोजगार मिल सकेंगे। इसके अलावा, जब ये पार्क पूरी तरह कार्यशील हो जाएंगे, तो इनके सहायक उद्योगों जैसे परिवहन, रसद, पैकेजिंग, कच्चा माल आपूर्ति और सेवा क्षेत्र में भी अभूतपूर्व तेजी आएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और छोटे दुकानदारों की आय में भारी वृद्धि होगी। युवाओं का यह आर्थिक सशक्तिकरण क्षेत्र से पलायन को रोकने में मील का पत्थर साबित होगा और मीरजापुर आत्मनिर्भरता के एक नए युग में प्रवेश करेगा।

आधुनिक दौर में औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना एक बहुत बड़ी चुनौती है, और शासन इस पहलू के प्रति पूरी तरह सतर्क है। मीरजापुर के इन दोनों पार्कों को पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल और 'ग्रीन इंडस्ट्रियल पार्क' की अवधारणा पर विकसित करने का निर्णय लिया गया है। उद्योगों से निकलने वाले कचरे के उचित निस्तारण के लिए साझा अपशिष्ट उपचार संयंत्रों की योजना बनाई गई है, ताकि स्थानीय जल स्रोतों और उपजाऊ भूमि को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। इसके साथ ही परिसरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और हरित पट्टियों का विकास अनिवार्य किया गया है। पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक तकनीक के इस बेहतरीन समन्वय से यह सुनिश्चित होगा कि आर्थिक तरक्की की कीमत प्रकृति को न चुकानी पड़े। संक्षेप में कहें तो, वित्तीय प्रोत्साहन, उदार प्रशासनिक नीतियों, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और पर्यावरणीय चेतना के समागम से मीरजापुर में जो औद्योगिक ताना-बाना बुना जा रहा है, वह आने वाले समय में पूरे उत्तर प्रदेश के लिए रोल मॉडल बनेगा। मीरजापुर अब केवल कालीन का शहर नहीं, बल्कि तरक्की और आधुनिकता की नई पहचान के साथ देश के औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित होने की दिशा में अग्रसर है।

जनपदः मीरजापुर

# डबल सरप्राइज के साथ लौट रहा है रीचर, कब और कहां स्ट्रीम होगी सीरीज?



**नई दिल्ली।** ओटीटी की दुनिया की सबसे चर्चित वेब सीरीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें हॉलीवुड स्टार एलन रिचसन की रीचर का नाम जरूर शामिल होगा। अब तक रीचर के तीन सीजन आ चुके हैं और तीनों ने अपार सफलता हासिल की है। इस बीच मेकर्स की तरफ से रीचर सीजन 4 की रिलीज डेट का आधिकारिक एलान कर दिया गया है। इसके साथ ही रीचर की लोकप्रिय किरदार और स्पाई एजेंट 'नीली' को लेकर बड़ा सरप्राइज दिया गया है।

**कब आएगा रीचर चौथा सीजन**

बीते साल 20 फरवरी को रीचर का तीसरा सीजन रिलीज किया गया था, जिसकी कहानी ऐसे मोड़ पर खत्म हुई थी कि चौथे सीजन के लिए फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ जाए। अब लगता है कि फैंस का इंतजार जल्द ही खत्म होने जा रहा हैं। क्योंकि खुद रीचर के लीड एक्टर एलन रिचसन द्वारा मंगलवार को रीचर सीजन 4 की ऑफिशियल रिलीज डेट अनाउंस की गई है। एलन ने सोशल मीडिया हैंडल पर रीचर का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी है कि 12 अगस्त 2026 को रीचर 4 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन रिलीज किया जाएगा। इसके साथ ही इस बार दर्शकों का सीरीज की मुख्य किरदार नीली का स्पिन ऑफ भी देखने को मिलेगा। जिसके तहत का पहला सीजन 16 सितंबर 2026 को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जाएगा। बता दें कि रीचर में नीली की भूमिका मशहूर हॉलीवुड एक्ट्रेस मारिया स्टेन ने अदा की है। इस तरह से रीचर के मेकर्स ने फैंस को डबल सरप्राइज दिया है। इस अनाउंसमेंट के बाद रीचर और नीली सीरीज के लिए फैंस की एक्साइटमेंट लेवल काफी हाई हो गई है।

**इंडिया में रीचर काफी क्रेज**

हॉलीवुड फिल्में और वेब सीरीज को इंडियन ऑडियंस भी देखना पसंद करती है। रीचर भी उन चुनिंदा विदेशी सीरीज में से एक हैं, जो भारतीय दर्शक देखना पसंद करते हैं। एक स्पाई थ्रिलर के तौर पर रीचर ने अपनी सभी सीजन के दम पर इनका भरपूर मनोरंजन जो किया है।

## दैनिक राशिफल

**मेष** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्चों से बचें। परिवार में किसी शुभ समाचार से प्रसन्नता मिलेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के संकेत हैं।

**वृषभ** आज धैर्य और संयम से काम लेने की आवश्यकता है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में लाभ के नए अवसर बनेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, खान-पान का ध्यान रखें। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**मिथुन** दिन व्यस्त रहेगा, लेकिन मेहनत का पूरा फल मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। आर्थिक लाभ के योग हैं। मित्रों से सहयोग मिलेगा। यात्रा के दौरान सावधानी बरतें। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी।

**कर्क** आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति या सम्मान मिलने के संकेत हैं। निवेश सोच-समझकर करें। सेहत में सुधार रहेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है।

**सिंह** आज आत्मविश्वास के बल पर कठिन कार्य भी पूरे कर लेंगे। व्यापार में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या** आज योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। नौकरी में नए अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**तुला** आज भाग्य का साथ मिलेगा। रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। व्यापार में विस्तार की योजना सफल हो सकती है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** आज कार्यक्षेत्र में चुनौतियां आएंगी, लेकिन सूझबूझ से उन्हें पार कर लेंगे। आर्थिक मामलों में लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**धनु** आज नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। नौकरी और व्यापार दोनों में उन्नति के योग हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। परिवार में खुशहाली रहेगी।

**मकर** आज मेहनत के अनुरूप परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। धैर्य बनाए रखें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कुंभ** आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार में लाभ और नौकरी में प्रशंसा मिलने के योग हैं। संतान पक्ष से सुखद समाचार मिल सकता है। मित्रों के साथ समय आनंददायक रहेगा।

**मीन** आज मानसिक शांति बनी रहेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की चर्चा हो सकती है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

# अंधविश्वास, अज्ञान और कुप्रथाओं की जकड़न

## जब विवेक सो जाता है तो समाज त्रासदी का शिकार बन जाता है

राजस्थान के फलोदी जिले के फतेहगढ़ गांव में घटित हृदयविदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। एक किसान ने पहले अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या कर स्वयं भी आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार परिवार यह मान बैठा था कि महिला पर भूत-प्रेत का साया है और इसी कारण उसे तांत्रिक के पास ले जाया जा रहा था। वहीं जयपुर जिले में एक महिला और उसकी दो बेटियों के तालाब में मृत मिलने की घटना ने भी समाज को गहरे चिंतन के लिए विवश कर दिया। ये घटनाएँ केवल आपराधिक या पारिवारिक त्रासदी नहीं हैं, बल्कि उस अंधविश्वास, अज्ञान और अविवेक की भयावह तस्वीर हैं, जो आज भी समाज के अनेक हिस्सों में जड़ें जमाए हुए है। जब मनुष्य विवेक छोड़ देता है, तब वह स्वयं भी दुख पाता है और दूसरों के जीवन को भी संकट में डाल देता है।

समाज में व्याप्त अनेक कुप्रथाओं का मूल कारण अज्ञान ही है। दहेज, तिलक, मृत्यु-भोज, दिखावा, झूठी सामाजिक प्रतिष्ठा, टोना-टोटका, भूत-प्रेत और तांत्रिकों पर विश्वास जैसी प्रवृत्तियाँ मनुष्य को वास्तविक समाधान से दूर ले जाती हैं। जब किसी समस्या का वैज्ञानिक, चिकित्सकीय या तार्किक समाधान खोजने के बजाय उसे अलौकिक शक्तियों से जोड़ दिया जाता है, तब दुख और बढ़ जाता है। मानसिक बीमारी का उपचार डॉक्टर और मनोचिकित्सक कर सकते हैं, लेकिन यदि उसे भूत-प्रेत का प्रभाव मानकर तांत्रिकों के भरोसे छोड़ दिया जाए तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। फलोदी की घटना इसी मानसिकता की दुखद परिणति प्रतीत होती है। महापुरुषों और संतों ने सदैव कहा है कि अंधविश्वास का आधार ज्ञान नहीं, बल्कि भय और अज्ञान होता है। जब मनुष्य सोचने-समझने की शक्ति का उपयोग करना छोड़ देता है, तब वह हर उस बात पर विश्वास करने लगता है जिसका कोई प्रमाण नहीं होता। धीरे-धीरे वही बातें परंपरा बन जाती हैं और लोग बिना सोचे-समझे उनका पालन करने लगते हैं। समय के साथ उनका उद्देश्य समाप्त हो जाता है, लेकिन लोग उन्हें केवल इसलिए निभाते रहते हैं क्योंकि 'हमारे पूर्वज ऐसा करते थे।' यही स्थिति समाज को आगे बढ़ाने के बजाय पीछे धकेल देती है।

एक प्रेरक प्रसंग इस मानसिकता को स्पष्ट करता है। विवाह के समय किसी घर में बिल्ली रास्ते में आ गई तो उसे टोकरी के नीचे बंद कर दिया गया ताकि वह सामने न आए। वर्षों बाद उस परिवार की नई पीढ़ी ने इसे घर की परंपरा समझ लिया और विवाह के समय पहले बिल्ली पकड़कर लाने की जिद करने लगी। किसी ने यह जानने का प्रयास नहीं किया कि उस समय बिल्ली को बंद करने का वास्तविक कारण क्या था। यही अंधानुकरण है। जब किसी परंपरा का उद्देश्य समाप्त हो जाए और लोग केवल उसकी नकल करते रहें, तब वह कुप्रथा बन जाती है। समाज में देवी-देवताओं के नाम पर भी अनेक प्रकार के अंधविश्वास प्रचलित हैं। लोग बिना समझे विभिन्न प्रकार के कर्मकांड करते हैं और यह मान लेते हैं कि इससे उनके सभी दुख दूर हो जाएंगे। जबकि धर्म का वास्तविक उद्देश्य मनुष्य के भीतर सत्य, करुणा, संयम और विवेक का विकास करना है। यदि धर्म के नाम पर केवल बाहरी प्रदर्शन, डर और अंधविश्वास रह जाए तो वह धर्म नहीं, बल्कि उसकी विकृति बन जाता है। धर्म मनुष्य को स्वतंत्र विचार, नैतिकता और आत्मबल देता है, न कि भय और भ्रम।

इसी प्रकार दहेज और तिलक जैसी कुप्रथाएँ भी अज्ञान और सामाजिक दिखावे का परिणाम हैं। बेटी को अपनी इच्छा और सामर्थ्य के अनुसार देना अलग बात है, लेकिन उसे सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर लेन-देन की प्रतियोगिता बना देना घोर अन्याय है। इसी कारण अनेक परिवार आर्थिक रूप से टूट जाते हैं, बेटियों को अपमान सहना पड़ता है और कई बार उनकी जान तक चली जाती है। जिस परंपरा से हिंसा, अन्याय और पीड़ा बढ़े, उसे परंपरा नहीं बल्कि अभिशाप कहना अधिक उचित होगा।

मृत्यु-भोज और दिखावे की परंपरा भी इसी मानसिकता का उदाहरण है। किसी प्रियजन के निधन पर दुख स्वाभाविक है, लेकिन कृत्रिम रूप से रोने-पीटने का प्रदर्शन करना, आर्थिक बोझ उठाकर भोज देना या समाज के दबाव में अनावश्यक खर्च करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। मृत व्यक्ति के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उसके आदर्शों को अपनाना और परिवार का सहारा बनना है, न कि दिखावे के लिए रस्में निभाना। आज भी अनेक परिवार सामाजिक दबाव के कारण कर्ज लेकर ऐसे आयोजन करते हैं और वर्षों तक उसका बोझ उठाते हैं। आज विज्ञान, शिक्षा और तकनीक के युग में भी यदि लोग मानसिक रोग को भूत-प्रेत समझेंगे, बीमारी का इलाज अस्पताल के बजाय तांत्रिकों से कराएंगे, या जीवन की हर समस्या का कारण अदृश्य शक्तियों को मानेंगे, तो ऐसी दुखद घटनाएँ बार-बार सामने आती रहेंगी। मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। परिवारों को चाहिए कि वे समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सकों से सलाह लें, रोगी को सहानुभूति दें और वैज्ञानिक सोच अपनाएँ। अंधविश्वास किसी भी समस्या का समाधान नहीं देता, बल्कि उसे और जटिल बना देता है।

कुप्रथाओं का अंत केवल कानून से नहीं होगा। इसके लिए समाज में वैचारिक जागरण आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को पहले स्वयं बदलना होगा। माता-पिता अपने बच्चों को तर्क, विज्ञान और नैतिकता का संस्कार दें। विद्यालयों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिले। धार्मिक और सामाजिक नेतृत्व भी लोगों को अंधविश्वास से मुक्त करने का कार्य करे। जब व्यक्ति जागेगा तभी समाज जागेगा, और जब समाज जागेगा तभी ऐसी त्रासदियों पर रोक लग सकेगी।

फलोदी और जयपुर की घटनाएँ केवल समाचार नहीं हैं, बल्कि समाज के लिए चेतावनी हैं। यदि आज भी हम अंधविश्वास, अज्ञान और कुप्रथाओं से बाहर नहीं निकले, तो न जाने कितने परिवार इसी प्रकार बिखरते रहेंगे। समय की मांग है कि हम विवेक, शिक्षा और वैज्ञानिक सोच को अपनाएँ। परंपराओं का सम्मान अवश्य करें, लेकिन केवल उन्हीं परंपराओं का जो मानवता, करुणा और समाज के कल्याण को मजबूत करें। जो परंपराएँ भय, हिंसा, शोषण और अज्ञान को बढ़ावा देती हैं, उन्हें साहसपूर्वक त्याग देना ही सच्ची सामाजिक सेवा है। जब मनुष्य अपने भीतर ज्ञान का दीप जलाता है, तभी अंधविश्वास का अंधकार समाप्त होता है और तभी एक स्वस्थ, संवेदनशील तथा प्रगतिशील समाज का निर्माण संभव होता है।

कांतिलाल मांडोत

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आषाढ़ मास की प्रथम वर्षा में भूमि हुई जलमग्न गर्मी से मिली राहत



**बरेली**/आषाढ़ के मा प्रारंभ होते ही प्रथम दिन हुई मूसलाधार बारिश से खेत खलियान सभी जलमग्न हो गए इस बरसात के होने से जनपद के किसानों ने राहत की सांस ली क्योंकि सिंचाई के लिए नहरो पानी नहीं था। पंप सेट से सिंचाई करना भारी पड़ रहा था भीषण गर्मी के चलते गन्ने की सिंचाई करना किसी अग्नि परीक्षा से काम नहीं था चुके बीती रात कोई मूसलाधार बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है जिसके चलते खेत पानी से जलमग्न हो गए तो तालाबों में भी पानी दिखाई देने लगा है । हर जगह पानी ही पानी दिखाई देने से किसने की गन्ना की फसल को अमृत वर्षा माना जा रहा है इसी तरह किसानों को अब अपने खेतों में धान की रोपाई करने के लिए भी बड़ी राहत मिली है निचले स्थानों की भूमि तो पानी में पूरी तरह डूब जाने से सैलाब जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है किसी क्रम में विकासखंड भदपुरा आदि कॉलोनी में भी पानी भर गया है जिसका कोई भी सावधान जब तक नहीं हो सकता जब तक बंद पड़ी नालियों को सुचारू रूप से खोला नहीं जाएगा इस वर्ष से लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आज से शुरू होगा विशेष संचारी रोग एवं दस्तक अभियान

**गोला गोकर्णनाथ खीरी**- जनपद खीरी में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 1 से 31 जुलाई 2026 तक विशेष नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक 'दस्तक अभियान' का आगाज होगा। जिलाधिकारी खीरी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक खीरी के निर्देशों के अनुपालन में हुई अंतर्विभागीय बैठक में इसकी तैयारियों की समीक्षा की गई जिसमें डेंगू व मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इस वर्ष 'स्टॉप डायरिया कैंपेन' को भी इसका हिस्सा बनाया गया है, जिसके तहत फ्रंटलाइन वर्कर्स दस्त के लक्षण मिलने पर रोगी को तुरंत ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां देंगे। आशा वर्कर्स घर-घर जाकर बुखार, टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया और दस्त के मरीजों की पहचान कर उनका विवरण ई-कवच पोर्टल पर दर्ज करेंगी । जिला विद्यालय निरीक्षक खीरी श्री विनोद कुमार मिश्र ने पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि सभी माध्यमिक विद्यालयों में प्रार्थना सभा में विशेष संचारी रोग दस्तक अभियान के बारे में पूर्ण रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दी जाए। अभियान के नामित जनपद नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार सभी विद्यालयों में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद, क्विज, निबंध लेखन, जागरूकता रैली , क्लोरिनेशन डेमो, दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, एक्यूट डायरिया आदि कार्यक्रमों के आयोजन की रिपोर्ट संकलित एवं मॉनिटरिंग का कार्य करेंगे। सभी ब्लॉक नोडल शिक्षक अपने-अपने ब्लॉक के विद्यालयों के प्रधानाचार्य से संपर्क स्थापित इस जागरूकता अभियान को गति प्रदान करेंगे।

### खीरी थाने से चंद कदम दूर हाईवे बना तालाब, अधिकारी बेखबर



**लखीमपुर खीरी।** मानसून की पहली बारिश ने ही नगर पालिका और PWD के दावों की पोल खोल दी। खीरी थाना से चंद कदमों की दूरी पर लखीमपुर-लहरपुर हाईवे जलमग्न हो गया है। लखीमपुर से लहरपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर रत्तसराय के पास हालात बदतर हो गए हैं। पहली बारिश में ही हाईवे तालाब में तब्दील हो गया।

**स्थानीय लोगों का आरोप:** क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि नालियां चोक हैं और पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। हर साल बारिश में यही हाल होता है, लेकिन जिले के उच्च अधिकारी ध्यान नहीं देते। कई बार शिकायत के बाद भी PWD ने सुध नहीं किया

**बड़ा सबाल**- लखीमपुर-लहरपुर हाईवे जिले का प्रमुख मार्ग है। थाने से चंद कदम दूर जलभराव होना सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। अगर पहली बारिश में ये हाल है तो आगे क्या होगा?पहली बारिश में जलभराव में फंसी गाड़ियां, पैदल निकलते लोग खोल रहे सिस्टम की पोल।

# हैदराबाद थाने में चोरों का 'गुड गवर्नेंस', 4 महीने में 7 वारदात

● **पुलिस एफआईआर तक लिखने में 'व्यस्त'**

**42 लाख से अधिक की ज्वेलरी से लेकर भैंस-चारपाई तक सब ले गए चोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अज़ान खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र इन दिनों चोरों के लिए 'सेफ जोन' बना हुआ है। बीते चार महीनों में आधा दर्जन से ज्यादा ताबड़तोड़ चोरियों ने पुलिस की कार्यशैली की पोल खोल दी है। हालत ये है कि 42 लाख से अधिक की बड़ी चोरी से लेकर गरीब की चारपाई तक, चोर सब उठा ले गए और पुलिस सिर्फ तहरीर लेकर 'जांच जारी है' का रटा-रटाया भरोसा देती रही।ग्रामीणों में दहशत इस कदर है कि लोग अब रात जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। सवाल ये कि जब एसपी साहब की निगरानी में हुई 42 लाख से अधिक की चोरी का एक महीने में खुलासा नहीं हो पाया, तो आम आदमी की सुनवाई कहां होगी

**केस-1 और 2: एक ही रात, दो वारदात, एफ आई आर नदारद**

8 मार्च की रात ग्राम सुहेला चोरों का 'टारगेट' बना। सबसे पहले अक्षय अवस्थी की किराना दुकान की पिछली दीवार में सेंध लगाकर चोर 6 बोरी आरेंज चावल, 1 बोरी डायमंड चावल, 8 पेटी रिफाइंड तेल और 5 किलो काजू समेत 30 हजार का माल समेट ले गए। उसी रात चंद कदम दूर कमल गुप्ता उर्फ चिकू के गन्ना कोल्हू परिसर को भी खंगाल दिया। अल्टीनेटर उठाया, गोदाम का शटर तोड़ा और खाद की 15 बोरी, 6 चारपाई तक बांध ले गए। हैरानी की बात: दोनों पीड़ितों ने 9 मार्च को ही तहरीर दे दी थी, लेकिन 3 महीने 21 दिन बीत गए, पुलिस ने आज तक एफ आई आर लिखना मुनासिब नहीं समझा। सवाल उठता है- तहरीर रद्दी की टोकरी में गई या साहब की टेबल की फाइल में दब गई।

**केस-3: एस. पी.की निगरानी में 42 लाख की चोरी, पुलिस खाली हाथ**

21 मई की रात गांव सेमरई में कोटेदार चंद्र प्रकाश मिश्रा के घर चोरों ने 'जैकपॉट' मारा। ?42 लाख से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मामला हाई-प्रोफाइल हुआ तो पुलिस अधीक्षक ने खुद निगरानी शुरू की। नतीजा?एक महीने से ज्यादा बीत गया, चोर तो दूर, चोरी की एक चूड़ी तक बरामद नहीं हुई।


**केस-4 और 5: किसानों की 'लक्ष्मी' यानी भैंस भी सुरक्षित नहीं**

23 जून को ग्राम बगहा निवासी अजय कुमार वर्मा के पशुबाड़े से ?2.5 लाख की 3 दुधारू भैंस चोरी हो गई। एफ आई आर तो लिखी गई, लेकिन 6 दिन में पुलिस को भैंस की पूंछ तक नहीं मिली। इससे पहले 23 जून को ग्राम चमरपुरवा में प्रेम चंद के यहां से भी ढेड़ लाख की 2 दुधारू पशु चोर खोल ले गए। इस मामले में एफआईआर लिखी गई लेकिन 6 दिन में पुलिस को भैंस की पूंछ तक नहीं मिली।

**केस-6: सरकारी दफ्तर में चोरों का 'डिजिटल इंडिया'**

18 जून की रात चोरों ने ग्राम बघमरा स्थित क्रपैक्स केंद्र जडौरा सहकारी समिति को ही 'खाली' कर दिया। मेन गेट का ताला तोड़कर इन्वर्टर, बैटरी, सीलिंग फैन, एलसीडी, डेस्कटॉप कंप्यूटर, प्रिंटर और ई-पास मशीन समेत पूरा इलेक्ट्रॉनिक सामान उठा ले गए। सचिव मदन लाल भारती की तहरीर पर मुकदमा तो लिखा गया, पर 11 दिन बाद भी पुलिस 'साइबर चोर' तो क्या, लोकल कबाड़ी तक नहीं ढूंढ पाई।

**केस-7: मेला देखने गए, बाइक गंवाकर लौटे, FIR भी नहीं मिली**




14 जून को ग्राम द्वारिकागंज के कमलेश वर्मा खरागापुर मेला देखने एच एफ डीलक्स बाइक से गए थे। मेला देखा, लौटे तो बाइक गायब। 15 दिन बीत गए, थाने के चक्कर काट रहे हैं, पर पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं की।

**ग्रामीणों का गुस्सा: 'एफ आईआर नहीं तो कार्रवाई क्या खाक होगी'**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस तहरीर लेकर 'देखते हैं, करते हैं' बोलकर टरका देती है। आधे मामलों में तो मुकदमा ही नहीं लिखा जाता। जब रिपोर्ट ही दर्ज नहीं होगी तो चोर पकड़ेंगे कैसे? लोगों ने सवाल उठाया कि जब किराना, कोल्हू, कोटेदार, सहकारी समिति और किसान कोई सुरक्षित नहीं, तो पुलिस की गश्त कहां है? रात में सड़कों पर सन्नाटा है और चोरों के हौसले सातवें आसमान पर।

## नगर पालिका के 155वें स्थापना दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर का 155वां स्थापना दिवस मंगलवार को एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह में सामाजिक, शैक्षिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र की विभूतियों को सम्मानित किया गया, वहीं छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा जयेंद्र प्रताप सिंह एवं मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान नगर के विकास, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया गया। समारोह के प्रथम सत्र में सामाजिक, धार्मिक, शैक्षिक एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों तथा विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सम्मानित होने वाले लोगों के योगदान की सराहना करते हुए समाज के लिए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। द्वितीय सत्र में देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी जी महाराज, विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। वक्ताओं ने नगर पालिका परिषद द्वारा साहित्य, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, लोकसंस्कृति एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। सायंकाल आयोजित संगीत संध्या में आमंत्रित कलाकारों एवं स्थानीय प्रतिभाओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। इसके बाद आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवियों एवं शायरों ने अपनी रचनाओं से देर रात तक श्रोताओं को भावविभोर और आनंदित किया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, कलाकारों तथा बड़ी संख्या में नगरवासियों की उपस्थिति रही।

## शाहीद भरत तिवारी के हत्यारे को फांसी की मांग कर सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलियाकलां-खीरी।** आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान पलिया में स्थानीय गणमान्य जनों की एक बैठक आहूत हुई जिसमें दो मिनट का मौन धारण करते हुए बिहार के लाल शहीद भरत तिवारी हत्याकांड पर आक्रोश व्यक्त करते हुये शोक संवेदना व्यक्त की गई।बिहार राज्य के जनपद भोजपुर के ग्राम बिलौटी निवासी निहत्थे भरत भूषण तिवारी की निर्मम हत्या करने वाले पुलिस कर्मियों को फांसी की सजा सहित स्व0 भरत को शहीद का दर्जा, परिजनों को एक करोड रुपए आर्थिक मुआवजा सहित परिवार के किसी व्यक्ति को सरकारी नौकरी की मांग करते हुये राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित लिखित ज्ञापन तहसीलदार पलिया ज्योति वर्मा को सौंपते हुये निहत्थे भरत तिवारी के साथ क्रूरता पूर्वक व्यवहार कर निर्मम हत्या करने वाले दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने के दौरान आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान के संस्थापक आचार्य गोविंद माधव, डॉ ए.के.अवस्थी, समाजसेवी आलोक मिश्रा, पंकज पाण्डेय, एड0 गगन मिश्रा, रामचंद्र अवस्थी, दीपक पांडे,सतेन्द्र शुक्ला, अशरफी लाल शर्मा, अरुण अवस्थी, अजय पाण्डेय, दिलीप ओझा, सुनील शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार विश्वकांत त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## हैदराबाद पुलिस टीम ने अभियान चलाकर दो अभियुक्तो को किया गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी**- थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हाजा पुलिस टीम द्वारा थाना हैदराबाद जनपद खीरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 201/2026 धारा 2(ख)(i)/3 उ0प्र0 गैंग0 एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 1.रामनिवास उर्फ डिम्पल पुत्र परमेश्वरदीन निवासी मो0 भारतभूषण कालोनी कस्बा व थाना गोला जनपद खीरी उम्र करीब 42 वर्ष 2. गोविन्द वर्मा उर्फ लालू पुत्र परमेश्वरदीन उम्र करीब 33 वर्ष नि0मो0 भारत भूषण कालोनी कस्बा व थाना गोला जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अभियुक्तगणो की यक्ष एप पर फीडिंग कर आईडी जनरेट कर वास्ते विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय खीरी के समक्ष भेजा गया। अभियुक्तो को गिरफ्तार करने बाली पुलिस टीम मे मुख्य रूप से थानाध्यक्ष सुनील मलिक, आरक्षी विपिन कुमार, सिद्धार्थ व महिला आरक्षी अनुप्रिया, प्रियांशी थाना हैदराबाद जनपद खीरी प्रमुख रूप से सामिल रहे।

# अवैध खनन से स्कूली बच्चों की जान जोखिम में

● **प्रतापपुर जंगल मटेरा में लेखपाल की मिलीभगत के आरोप, हादसों के बाद भी नहीं रुका खनन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रमियाबेहड़ (खीरी)।** तहसील धौरहरा के ब्लॉक रमियाबेहड़ अंतर्गत प्रतापपुर जंगल मटेरा क्षेत्र में पीली मिट्टी का अवैध खनन स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से बिना रोक-टोक खनन चल रहा है।

**बच्चों की सुरक्षा पर संकट:**

प्रतापपुर जंगल मटेरा के रास्ते से रोजाना आसपास के गांवों के दर्जनों बच्चे स्कूल जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के कारण *कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं*। बच्चों को रास्ते से निकलने में असुविधा होती है और हर समय हादसे का डर बना रहता है। खनन कार्य के चलते कई बार बच्चे समय से स्कूल नहीं पहुंच पाते।

**धड़ल्ले से चल रहा खनन:**

स्थानीय निवासियों ने बताया कि प्रतापपुर जंगल मटेरा के पास से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से पीली मिट्टी का खनन कर ले जा रहे हैं। आरोप है कि यह सब बिना खनन परमिट और रॉयल्टी जमा किए हो रहा है। इससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है, वहीं खेतों की मेड़ें और कच्चे रास्ते भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

**शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं:**

ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से कई बार मौखिक व लिखित शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल की जानकारी में ही यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

**प्रशासन से मांग:**

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी खीरी और उपजिलाधिकारी धौरहरा से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए, बच्चों के आवागमन के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित किया जाए और दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे।यह समाचार ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों पर आधारित है। संबंधित विभाग का पक्ष प्राप्त होने पर प्रकाशित किया जाएगा।

## चकमार्ग पर कब्जे का मामला, हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

● **आनन फानन में तहसील प्रशासन ने की कार्यवाही आधी अधूरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** तहसील निघासन क्षेत्र के ग्राम हरद्वाही में चकमार्ग पर कथित अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों की समस्या अब हाईकोर्ट तक पहुंच गई है। गांव के निवासी हरीश पटेल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में जनहित याचिका दाखिल कर चकमार्ग की पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।याचिका में आरोप लगाया गया है कि गाटा संख्या 261 व 263 राजस्व अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज हैं, लेकिन वर्तमान में इस मार्ग पर अवैध कब्जे के कारण रास्ता काफी संकरा हो गया है।

इससे ग्रामीणों, किसानों और आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। याचिकाकर्ता के अनुसार इस संबंध में आईजीआरएस पोर्टल पर कई बार शिकायतें की गई, जिनके संदर्भ संख्या 4001532505677, 40015325056330 आदि हैं। आरोप है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ और राजस्व अधिकारियों द्वारा संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। बताया गया कि 31 दिसंबर 2025 की रिपोर्ट में रास्ता बाधित नहीं होने की बात कही गई, जबकि मौके की स्थिति अलग बताई जा रही है। इसके बाद गाटा संख्या 261 और 263 की पैमाइश के लिए आवेदन भी किया गया।जनहित याचिका में हाईकोर्ट से मांग की गई है कि स्वतंत्र समिति गठित कर दोबारा पैमाइश कराई जाए और यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे हटाकर चकमार्ग को मूल स्थिति में बहाल किया जाए।जिसमे तहसीलदार निघासन ने आनन फानन में आधी अधूरी कार्यवाही की निचले स्तर के अधिकारियो की बात मानकर बिना देखे लिया फैसला जो याचिका कर्ता मा 0 हाईकोर्ट लखनऊ में करेगा चैलेन्ज। आनन फानन में मा0 न्यायालय तहसीलदार निघासन ने राजस्व नियमावली की धारा 67 के तहत निम्न व्यक्तियों पर कार्यवाही कर 13-07-2026 दिनांक नियत की वाद सं04530 संजय कुमार पुत्र ओमप्रकाश नि0 हरद्वाहीवाद सं04533 राकेश कुमार पुत्र श्यामकिशोर हर द्वाहीवादसं 0 4532 लाजेश कुमार पुत्र हर द्वाहीवाद सं0 4534 प्रमोद कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद हरद्वाहीवाद सं04527 रामनिवास वर्मा पुत्र रण विजय हरद्वाहीवाद सं04529 सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र सत्यनरायण अग्रवाल बेलराया

**वाद सं04535 ध्रुवकुमार वर्मा पुत्र सहजराम भूलनपुर**

उसके बाद भी अभी मामले मे नये पेच फंस गये कुछ जमीन लोगो के नाम नही उन बिल्डिंग मे सरकारी संस्थायें चलती है उसका किराया भू स्वामी के खाते मे आता है तो कार्यवाही किसी अन्य व्यक्ति पर क्यों, जमीन मे सहखाते दार को छोड़ना किस नियम मे लिखा है कि यदि न्यायालय से कूरा बटबारा हो चुका तो उसकी स्थिति स्पष्ट होती है वैसे तो सभी खातेदार पर कार्यवाही क्यों नही मामला उच्च न्यायालय मे पर्याप्त सबूत के साथ होगा खुलासा।

## मिट्टी खनन का कार्य जोरों पर जिम्मेदार मौन



**लखीमपुर खीरी**- ईसानगर थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का खेल तेजी से चल रहा है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र में खुलेआम मिट्टी का खनन किया जा रहा है, जिसमें करीब 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 1 स्क्रेपर मशीन लगातार काम में लगी हुई हैं। ग्रामीणों द्वारा जानकारी लेने पर बताया गया कि मौके पर भारी मात्रा में मिट्टी की खुदाई की जा रही है, जिससे आसपास के इलाकों में जमीन का नुकसान होने की आशंका है।सूत्रों का यह भी कहना है कि इस खनन कार्य के पीछे किसका हाथ है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि स्थानीय पुलिस द्वारा भी खनन करने वालों के मालिकाना हक को अज्ञात बताया जा रहा है, जिससे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं।क्षेत्र में पहले भी अवैध खनन की शिकायतें सामने आती रही हैं और कई मामलों में प्रशासन पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठे हैं। फिलहाल, इस पूरे मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द जांच कर कार्रवाई की मांग की है।अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और अवैध खनन पर कब तक लगाम लग पाती है।

# तीन माह में आठ तेंदुए हुए वन विभाग के पिंजरे में कैद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही।** बेलरायां वन रेंज क्षेत्र में वन विभाग को मंगलवार तड़के एक और बड़ी सफलता मिली। तिकुनियां वन बीट की सूरतनगर ग्राम पंचायत के इंद्रनगर गांव में लगाए गए पिंजरे में एक नर तेंदुआ कैद हो गया। पिछले एक माह के भीतर पकड़ा गया यह पांचवां तेंदुआ है, जबकि बीते तीन माह में यह आठवां तेंदुए पकड़ा गया है। तेंदुए के पकड़े जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग के मुताबिक सूरतनगर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तेंदुए की गतिविधियां लगातार देखी जा रही थीं। ग्रामीणों की सूचना पर इंद्रनगर गांव में बहादुर सिंह के खेत में पिंजरा लगाया गया था। उसमें चारे के रूप में बकरी बांधी गई थी। मंगलवार सुबह करीब चार बजे तेंदुआ शिकार के लालच में पिंजरे में घुस गया और कैद हो गया। सूचना मिलते ही रेंजर भूपेंद्र सिंह, वन दरोगा अजीत यादव, वनकर्मियों और एसटीपीएस जवानों के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने तेंदुए को सुरक्षित कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया, जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा हैं। अधिकारियों के निर्देश पर बाद में उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। पकड़ा गया तेंदुआ करीब पांच से छह वर्ष का नर बताया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ लगातार गांव और आसपास के खेतों में दिखाई दे रहा था तथा पालतू जानवरों को अपना शिकार बना रहा था। इससे लोगों में दहशत का माहौल था। किसान खेतों में जाने और पशुओं को चराने के दौरान सतर्कता बरत रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पिंजरे लगाए थे। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले तीन माह में यह आठवां तेंदुआ पकड़ा गया है। इससे पहले कटैला फार्म, सिधौना, नौरंगाबाद, रननगर, सिंगहा, भिड़ौरी और मूर्तिहा क्षेत्रों से



भी तेंदुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जा चुका है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र के कई स्थानों पर अभी भी पिंजरे लगाए गए हैं। स्थानीय स्तर पर मिले पगचिह्नों और ग्रामीणों से मिली सूचनाओं के आधार पर अन्य तेंदुओं की मौजूदगी की भी आशंका है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि सुबह-शाम खेतों की ओर अकेले न जाएं, बच्चों और मवेशियों पर विशेष निगरानी रखें तथा किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर तत्काल विभाग को सूचना दें।

## दो खनन माफिया गिरफ्तार, रामापुर खदान में हुई थी मजदूर पंकज की मौत

**लखीमपुर।** रामापुर खदान में मिट्टी के नीचे दबकर हुई मजदूर पंकज राज की मौत के मामले में पुलिस ने दो खनन माफियाओं को गिरफ्तार किया गया है। शहर से सटे गांव सलेमपुर कोन में रहने वाला 35 वर्षीय पंकज राज गांव के ही मनोज वर्मा की ट्रैक्टर ट्राली से रामापुर मिट्टी खनन में काम करने गया था। शुक्रवार की अलसुबह वह रामापुर निवासी धीरेंद्र वर्मा की ट्रॉली में मिट्टी में भरवा रहा था। तभी खदान का किनारा फट गया और वह मिट्टी में दबकर मर गया। परिजनों ने कोतवाली सदर में अज्ञात में हादसे का मुकदमा दर्ज कराया।

लेकिन जब पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पाया गया कि खदान काफी गहरी थी। खनन माफियाओं को ये पता था कि गहरी खदान का किनारा फट सकता है। लेकिन फिर भी मजदूरों की जिंदगी को रिस्क पर रखकर काम किया जा रहा था। इसी आधार पर पुलिस ने मुकदमे से हादसे की धारा हटा दी और उसमें गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ा दी गई। पुलिस ने इस मामले में धीरेंद्र वर्मा निवासी रामापुर और मनोज वर्मा निवासी सलेमपुर कोन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

## आठ साल बाद 1,500 मीटर में दौड़ लगाकर मेरठ की बेटी पारुल ने जीता गोल्ड, एशियाड की कर रही हैं तैयारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मेरठ।** अंतरराष्ट्रीय धाविका पारुल चौधरी ने 65वीं राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। विशेष बात यह है के एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इस स्पर्धा में पारुल ने पूरे आठ साल बाद हिस्सा लिया और सीधे स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। हालांकि उनका समय एशियाई खेलों के क्वालिफाइंग मार्क से महज एक सेकंड पीछे रह गया। ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में 22 से 28 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में पारुल ने 4 मिनट 20.45 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों के लिए निर्धारित क्वालिफाइंग समय 4 मिनट 19.45 सेकंड था। ऐसे में वह केवल एक सेकंड के बेहद मामूली अंतर से इस स्पर्धा का टिकट हासिल करने से चूक गईं। इस स्पर्धा में उत्तराखंड की अंकित ने 4 मिनट 20.78 सेकंड का समय निकाल रजत पदक और हरियाणा की पूजा ने 4 मिनट 21.48 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता है। हालांकि पारुल पहले ही 3,000 मीटर स्टीपल चेज और 5,000 मीटर दौड़ में एशियन गेम्स का टिकट हासिल कर चुकी



हैं और वह इस स्पर्धा की चैंपियन भी रह चुकी हैं। पारुल चौधरी ने 1,500 मीटर में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 13 जुलाई 2012 को बेंगलुरु में आयोजित इंडियन अंडर-18 चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। तब उन्होंने 4 मिनट 48.36 सेकंड का समय दर्ज किया था। इसके बाद 29 जून 2018 को गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 मिनट 18.80 सेकंड का समय निकाला। यह उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी है और यही प्रदर्शन उनके 1,500 मीटर करियर का सबसे तेज समय बना हुआ है। आठ वर्षों के अंतराल के बाद 27 जून 2026 को उन्होंने फिर से 1,500 मीटर में वापसी की। स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने साबित कर दिया कि लंबी दूरी और स्टीपलचेज पर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद उनकी गति और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बरकरार है।

# विरासत का अपमान करने वालों का मिट जाता है नामोनिशान

● **सीएम योगी ने विरोधियों को दिया कड़ा संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** नाथनगरी बरेली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धर्म-संस्कृति के साथ विरासत के संरक्षण पर जोर दिया। जीआईसी ऑडिटोरियम (अब पंडित राधेश्याम कथावाचक भवन) में पंडित राधेश्याम कथावाचक की स्मृति में प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पंडित राधेश्याम की पौत्री शारदा भार्गव व अन्य स्वजनों ने मुख्यमंत्री को उनकी प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पंडित राधेश्याम कथावाचक की पौत्री शारदा भार्गव भावुक नजर आईं। उन्होंने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा, भारत के हर राज्य को आज योगी आदित्यनाथ जैसे एक योगी की जरूरत है। मुख्यमंत्री योगी के आगमन से न सिर्फ बरेली, बल्कि पूरा राधेश्याम परिवार हर्षित है। हम ईश्वर से कामना करते हैं कि आपका राजनीतिक काल अधिक से अधिक लंबा हो। मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, जो भी अपनी विरासत की अवमानना करता है, वह स्वयं अपनी दुर्गति का रास्ता तैयार करता है। सनातन के बिना भारत की कल्पना कतई नहीं की जा सकती। कहा कि जिस प्रकार मध्यकाल में महर्षि वाल्मीकि और युग तुलसी ने रामभक्ति की अलख जगाई, ठीक वही काम आधुनिक काल में पंडित राधेश्याम ने किया। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा, अकबर और राजाओं का दरबारी बनने के बजाय गोस्वामी तुलसीदास जी ने प्रभु श्रीराम की भक्ति चुनी। यही अद्वितीय कार्य आधुनिक काल में पंडित राधेश्याम जी ने भी किया। उन्होंने बहुत ही सरल, सहज और आम बोलचाल की भाषा में 'राधेश्याम रामायण' की



रचना की, जिसे आज देश के घर-घर में गाया और पूजा जाता है। कहा कि बरेली में बना 'स्मार्ट सिटी भवन' हमारी तरफ से पंडित जी की स्मृतियों के प्रति एक कृतज्ञता ज्ञापन है। इसके साथ ही उन्होंने मंच से ही क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे तत्काल पंडित जी के आवास पर एक भव्य म्यूजियम बनाने का कार्य शुरू करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कार्य के लिए राज्य सरकार हर संभव वित्तीय और प्रशासनिक समर्थन करेगी। अंत में, उन्होंने 'पंडित जी और हनुमान जी महाराज की कृपा सभी पर बनी रहे' की कामना के साथ अपना संबोधन समाप्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### चुनार पुलिस ने पच्चीस हजार के इनामिया पशु तस्कर को किया गिरफतार

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली पुलिस ने पच्चीस हजार रुपए के इनामिया पशु तस्कर को सोमवार की रात्रि 10.45 बजे रेलवे स्टेशन के हाइवे के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को माननीय न्यायालय के लिए भेज दिया । प्राप्त जानकारी अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकद्दर शाह उम्र 41 वर्ष पुत्र रफी उल्ला शाह के रूप में हुई है। आरोपी चन्दौली जनपद के बसिला नसीरपुर थाना क्षेत्र का निवासी है और वर्तमान में डाक-बंगला रोड वार्ड नंबर 05 लोकमान्य तिलक नगर कस्बा चन्दौली में रह रहा था। आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहा था। जिसके उपर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मीणा और क्षेत्राधिकारी मंजरी राव के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ अभियान के दौरान कोतवाल व पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना चुनार में मुकदमा संख्या 04/2026 दर्ज है उस पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 61( 2 ) गोवंश की धारा एवं पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### वाहन (जीप) चोरी करने के दोषी 05 अभियुक्तों को 02 वर्ष सश्रम कारावास तथा 10,000/- अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**भदोही।** दिनांक 12/13 सितम्बर 2001 की रात्रि 01:00 बजें वादी के नवनिर्मित मकान के सामने बाउण्ड्री से जीप वाहन को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जीप का लॉक तोड़कर लेकर भाग गए। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0 452/2001 धारा-379,420 भादवि में पंजीकृत कर आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में एवं अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में 'ऑपरेशन कन्विक्शन'' के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध मा0 न्यायालय से अधिकतम व त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पंजीकृत अभियोग में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व पी.ओ. ब्रह्ममूर्ति यादव की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांक 30.06.2026 को मा0 न्यायाधीश डॉ0 निधि यादव प्रथम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भदोही ज्ञानपुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्तगण सरवर उर्फ डम्पी व उमर खां,फिरोज खां उर्फ रिंकू, अबरार खां उर्फ टिंकू, हरिओम मौर्या व संजय कुमार बिन्द को अन्तर्गत धारा-379,420,411 भारतीय दण्ड संहिता के आरोप में प्रत्येक को 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10,000-/ रुपये (दस हजार रुपये) अर्थदण्ड से दंडित किया जाता है। अर्थदण्ड अदा न करने पर प्रत्येक को एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश महामंत्री दिलीप सिंह पटेल का चुनार नगर में भव्य स्वागत



**चुनार, मीरजापुर।** सोमवार को उत्तर प्रदेश भाजपा के नव नियुक्त महामंत्री दिलीप सिंह पटेल का चुनार के रामलीला भवन में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मंगरू साहनी ने की। मंच पर पहुंचते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने 'दिलीप भैया जिंदाबाद' के नारे लगाए। उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया।अपने संबोधन में महामंत्री दिलीप सिंह पटेल ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव में फिर से प्रचंड बहुमत से सरकार बनानी है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने पर जोर दिया। संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रहास ने किया। इस दौरान मेजर कृपा शंकर सिंह, बचाऊ लाल सेठ, विजय कुमार वर्मा, रविन्द्र नारायण सिंह, रानी सेठ, आलोक सिंह, विजय बहादुर सिंह, शिव कुमार सिंह, ब्रह्मानंद कुशवाहा, नन्द लाल केशरी, विजय बहादुर बिंद, महेंद्र वर्मा, रतन साहनी, मदन लाल, विकास कश्यप, गौतम जायसवाल, अखिल कश्यप, जयंत दास, समरेंद्र नाथ शर्मा, अमित गुप्ता, महेंद्र साहू, संजय साहू, यासीन राईन,पवन जायसवाल, संजय केशरी। सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कड़ी पत्ता विवाद में विधवा पर हमला, मुकदमे के बाद भी कार्रवाई नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतामढ़ी।** कोइरौना थाना क्षेत्र के चकिया बनकट गांव में कड़ी पत्ता का पौधा लगाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। गांव की एक विधवा महिला पर पड़ोस की महिलाओं द्वारा लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना 19 जून की है, जबकि पीड़िता की तहरीर पर 20 जून को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आज तक किसी भी आरोपित के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे पीड़िता और उसके परिजनों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, चकिया बनकट निवासी विभा पांडे, पत्नी स्वर्गीय गुलाब शंकर पांडे, अपने घर के पास कड़ी पत्ता का पौधा लगा रही थीं। इसी बात को लेकर पड़ोसियों से कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि उषा तिवारी पत्नी दुर्गेश तिवारी, पूजा तिवारी पुत्री दुर्गेश तिवारी तथा आरती तिवारी पुत्री दुर्गेश तिवारी ने एकजुट होकर विभा पांडे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बचाया।

घटना की सूचना मिलने पर कोइरौना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीघ भेजा, जहां उनका उपचार कराया गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने 20 जून को पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपित महिलाओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351, 352 एवं 115 के तहत मुकदमा दर्ज किया।



इस संबंध में कोइरौना थाना प्रभारी मनीष द्विवेदी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पीड़िता का आरोप है कि मुकदमा दर्ज हुए कई दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी आरोपित पर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इससे गांव में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## निर्माणाधीन मकान में वेल्डिंग कारीगर की संदिग्ध मौत, मुआवजे की मांग पर चक्काजाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** चौरी थाना क्षेत्र के भैरवपुर गांव में निर्माणाधीन मकान में वेल्डिंग का कार्य करने गए 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जियनपुर गांव में चौरी-महराजगंज मार्ग पर चक्काजाम कर मुआवजे की मांग की। करीब डेढ़ घंटे बाद प्रशासन के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। जियनपुर निवासी मनीष गौतम (26) पुत्र भोलानाथ गौतम पेशे से वेल्डिंग कारीगर था। परिजनों के अनुसार, वाराणसी के एक ठेकेदार ने उसे मंगलवार तड़के करीब चार बजे भैरवपुर स्थित निर्माणाधीन मकान में वेल्डिंग कार्य के लिए बुलाया था। सुबह करीब आठ बजे जब अन्य मजदूर मौके पर पहुंचे तो मनीष जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर परिजन उसे पहले ममहर स्थित निजी अस्पताल और फिर भदोही के एक अन्य अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनका आरोप था कि हादसे के बाद ठेकेदार मौके से चला गया और परिवार को सूचना तक नहीं दी। इसी



से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक के घर के सामने चौरी-महराजगंज मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पुलिस के साथ उपजिलाधिकारी औराई श्याम मणि त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को उचित कार्रवाई और नियमानुसार हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब डेढ़ घंटे में जाम समाप्त हुआ। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत के कारणों की जांच की जा रही है। यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। मनीष पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था और अविवाहित था। उसकी असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर आज होगी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

**भदोही।** जनपद में मतदेय स्थलों के सम्भाजन (रैशनलाइजेशन) एवं भौतिक सत्यापन को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार, ज्ञानपुर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक शाम पांच बजे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस बैठक में जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानक के अनुसार लगभग 1200 मतदाताओं पर एक मतदेय स्थल के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजन की प्रक्रिया संचालित की जानी है। इसी के तहत मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन और संभावित पुनर्गठन पर राजनीतिक दलों से सुझाव लिए जाएंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला ने सभी संबंधित राजनीतिक दलों से निर्धारित समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों की सहभागिता से मतदेय स्थलों के सम्भाजन की प्रक्रिया पारदर्शी, सुव्यवस्थित तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 'खेत बचाओ अभियान' के तहत विशाल किसान जागरूकता शिविर आयोजित

● 350 से अधिक किसानों की सहभागिता, 20 से अधिक किसानों एवं समूह सखियों को 1.08 करोड़ से अधिक का केसीसी ऋण वितरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत मंगलवार को विकास खंड ज्ञानपुर के सभागार में किसानों के लिए एक विशाल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) तथा केंद्र सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का आयोजन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख एवं क्षेत्र महाप्रबंधक श्री टी. कामेश्वर राव तथा क्षेत्र प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक श्री शशिकांत प्रसाद के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में क्षेत्र के 350 से अधिक प्रगतिशील किसानों, स्वयं सहायता समूह की सखियों एवं दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि क्षेत्र प्रमुख श्री शशिकांत प्रसाद ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक किसानों को प्राथमिकता के आधार पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खसरा-खतौनी, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ अपनी निकटतम यूनियन बैंक शाखा में आवेदन कर इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि कृषि ऋण उपलब्ध कराने के साथ-साथ किसानों एवं उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना भी बैंक के अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।




विशिष्ट अतिथि जिला कृषि अधिकारी श्री इरम ने किसानों को फसल बीमा की आवश्यकता, उसके लाभ तथा कृषि जोखिमों से सुरक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चौपालों एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसान आधुनिक बैंकिंग सेवाओं, किसान क्रेडिट कार्ड एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के निदेशक भारद्वाज उपाध्याय ने संस्थान में निःशुल्क संचालित रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए युवाओं एवं महिलाओं से इन प्रशिक्षणों का लाभ उठाकर स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया।

शिविर के दौरान अतिथियों द्वारा 20 से अधिक किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की सखियों को लगभग 1 करोड़ 8 लाख से अधिक का किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन प्रबंधक अजय कुमार, एफएलसी सलाहकार विनीत कुमार, आरोह संस्थान के राजकुमार, राजेश, कैलाश, जयप्रकाश, नीता सहित बैंक के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कृषि एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का संकल्प लिया।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में वांछित आरोपी गिरफ्तार

● रुपये लौटाने को लेकर प्रताडऩा का आरोप, बार पुलिस ने बानपुर निवासी आरोपी को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बार पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा




रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना बार में दर्ज मुकदमा संख्या 154/2026, धारा 108 बीएनएस के तहत वांछित नीलेन्द्र उर्फ नीलू राजा (37 वर्ष) पुत्र गजराज, निवासी कस्बा एवं थाना बानपुर को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। मामले में वादी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि उसके चचेरे भाई ने आरोपी को रुपये दिए थे। आरोपी द्वारा रुपये वापस न करने और लगातार प्रताड़ित किए जाने से परेशान होकर उसके भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। मंगलवार को थाना बार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संजीव धामा, हेड कांस्टेबल प्रहरी प्रताप सिंह तथा कांस्टेबल जीतू शामिल रहे।

### भदोही में क्षेत्राधिकारी लाइंस समेत छह पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, विदाई समारोह में किया गया सम्मानित

**भदोही।** जनपद भदोही में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी लाइंस समेत छह पुलिसकर्मी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस लाइन ज्ञानपुर में आयोजित विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल एवं क्षेत्राधिकारी भदोही सुमित त्रिपाठी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखमय एवं समृद्ध जीवन की शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने कहा कि सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने अपने सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। समारोह में उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने वालों में क्षेत्राधिकारी लाइंस बलराम, उपनिरीक्षक (ना.पु.) चन्द्रमा प्रसाद, नामवर सिंह, गजाधर मिश्र, प्रेमचन्द श्रीवास्तव तथा मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस राम बचन राम शामिल हैं। समारोह में पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** जनपद भदोही के विकास खंड भदोही में बी पैक्स वेदमनपुर पर सहकार से समृद्धि के 5 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर सहकारिता सप्ताह दिनाँक 29 जून से 6 जुलाई 2026 के अंतर्गत कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र अधिकारी इफको,भदोही विमल कुमार जायसवाल द्वारा कृषकों को संबोधित करते हुए सहकारिता सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सहकारिता के इन 5 स्वर्णिम वर्षों में इफको नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी ने देश की खेती में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। यह तकनीक न केवल खेती की लागत को कम करती है, बल्कि फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हुई है। सभी कृषकों को स्वदेशी उत्पाद नैनो उर्वरकों के प्रयोग विधि एवं लाभ के साथ साथ जैव उर्वरक, सागरिका एवं अन्य उत्पादों के बारे में भी जानकारी दी गई।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक



सहकारिता, भदोही राम प्रकाश द्वारा कृषकों को सहकार से समृद्धि के 5 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहे सहकारिता सप्ताह के महत्व के बारे में बताया साथ ही बी पैक्स के माध्यम से कृषकों को उपलब्ध होने वाली सुविधाओं एवं अन्य गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। कृषकों को जैविक खेती के प्रयोग को बढ़ावा देने के साथ साथ वैकल्पिक उर्वरक के रूप में नैनो उर्वरकों के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया जिससे कि सहकार से समृद्धि और आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर कृषि के सपने को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में वेदमनपुर समिति सचिव दीपक शुक्ला, एसएफए हॉटस्पॉट विकास यादव सहित 40 से अधिक किसानो ने प्रतिभाग किया।

## माँ विंध्यवासिनी धाम के धरा के लाल डॉ. नवनीत नन्द गिरि का संस्कार भारती ने किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिर्जापुर।** माँ विंध्यवासिनी धाम की पावन भूमि के धारा के लाल, तीर्थ पुरोहित एवं तपस्वी संत डॉ. नवनीत नन्द गिरि महाराज द्वारा राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में संपन्न की गई अत्यंत कठिन एवं दुर्लभ सप्तधूनी साधना को पूर्ण करने तथा विशाल भंडारे एवं महाप्रसाद वितरण के उपरांत उनके विंध्यधाम आगमन पर संस्कार भारती, मिर्जापुर ने उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान अर्पित किया।

सनातन साधना परंपरा में सप्तधूनी साधना को अत्यंत दुष्कर तप माना जाता है। प्रचंड गर्मी और अग्नि के मध्य संपन्न होने वाली इस साधना के दौरान साधक को हीट स्ट्रोक सहित अनेक शारीरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अनेक साधकों ने इस तप को करने का प्रयास किया, किंतु इसे पूर्ण करना अत्यंत विरलों के ही सामर्थ्य में होता है। माँ विंध्यवासिनी की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से विंध्य धरा के लाल डॉ. नवनीत नन्द गिरि महाराज ने इस कठिन तपस्या को सफलतापूर्वक पूर्ण कर विंध्यभूमि का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने कहा कि डॉ. नवनीत नन्द गिरि महाराज की यह साधना केवल व्यक्तिगत आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र, धर्म, संस्कृति और लोकमंगल के प्रति समर्पित तप का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनका यह तप समाज में आध्यात्मिक चेतना, संयम और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

सम्मान समारोह में संस्कार भारती मिर्जापुर के जिला महामंत्री शिवराम शर्मा, जिला मंत्री सोमेश्वरपति त्रिपाठी, जिला मंत्री रामधनी पाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य



राकेश वर्मा तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार रामलाल साहनी उपस्थित रहे। सभी ने पूज्य महाराज के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर लोककल्याणकारी साधना के लिए माँ विंध्यवासिनी से प्रार्थना की। कार्यक्रम का समापन पूज्य महाराज के आशीर्वचन एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन के संकल्प के साथ हुआ।

## अंतिम चरण में विंध्य एक्सप्रेस-वे की डीपीआर, 52 गांवों से होकर गुजरेगा छह लेन मार्ग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिले के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रयागराज, भदोही, मीरजापुर और सोनभद्र को जोड़ने वाले महत्वाकांक्षी विंध्य एक्सप्रेस-वे की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अंतिम चरण में पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा तीनों तहसीलों के भूमि अभिलेखों का सत्यापन तेजी से किया जा रहा है। अगले सप्ताह तक यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद अधिसूचना जारी करने और आगे की कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। करीब 333 किलोमीटर लंबे छह लेन एक्सप्रेस-वे का लगभग 35 किलोमीटर हिस्सा भदोही जिले से होकर गुजरेगा। यह मार्ग भदोही, ज्ञानपुर और औराई तहसील के 52 गांवों को जोड़ेगा। सर्वेक्षण और मिट्टी की जांच का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। अब प्रभावित भूमि, किसानों, सरकारी भूमि, नक्शा और खतौनी का अंतिम सत्यापन किया जा रहा है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि तीनों तहसीलों में छह लेन एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि का नक्शा, खतौनी, सरकारी एवं निजी भूमि तथा प्रभावित किसानों का विवरण तैयार किया जा रहा है। जांच पूरी होते ही अधिसूचना जारी कर निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**इन गांवों से होकर गुजरेगा विंध्य एक्सप्रेस-वे**

**भदोही तहसील:** चंवर, बीरापुर, घटमापुर, आनंदडीह, सराय होला, गंगारामपुर, अभोली, सरायभाव सिंह, एकौनी, कपुरीपुर, भटेवरा, भोरी, कुसौड़ा, खरगपुर, बहरैची, महजूदा, चकबसुही और चकधरनी।

**ज्ञानपुर तहसील:** मानकपुर, मेढ़ी, हरीपट्टी, शुकुलपुर, पकरी कला, वारी, पूरे गड़ेरिया, गजधरा, जयसिंहपुर, चकमानसिंह, चक सिखारी, भुसौला, गिरधरपुर, लक्ष्मणपट्टी, श्रीपुर, भगवानपुर, कला खुर्द और चक कौलपति।

**औराई तहसील:** बैरा खास, अछबर, कालियापुर, पीपरगांव, महथुवा, हेवतपुर, गरौली, नकटापुर, सेउर, जयरामपुर, माधोसिंह, अहरपुर, लसमणिया, गौरी और मुकुंदपट्टी। विंध्य एक्सप्रेस-वे बनने से भदोही समेत पूरे पूर्वांचल में व्यापार, पर्यटन, उद्योग और लॉजिस्टिक्स को नई गति मिलेगी। यह एक्सप्रेस-वे दिल्ली-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग तथा गंगा एक्सप्रेस-वे से बेहतर संपर्क स्थापित करेगा, जिससे चार राज्यों के बीच आवागमन और माल परिवहन और अधिक सुगम होगा। इससे भदोही में निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### खलिहान कब्जा करने के संबंध में किसान ने किया मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत




**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ जेर पहाड़ महुगढ़ी निवासी शालिकराम दुबे पुत्र रमाशंकर दुबे ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि खलिहान की जमीन पर आराजी नंबर 1487 बंजर आराजी नंबर 1486 को अवैध कब्जा कर लेने के संबंध में कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन नहीं हुआ कोई सुनवाई खलिहान व बंजर को ग्राम सभा के सरंहग व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है जिसको खाली कराया जाना अति आवश्यक है इसी खलिहान को लेकर कई बार दबंगो के द्वारा चढ़ाई करके गाली गलौज मारपीट पर आमादा हो जाते हैं पीड़ित शालिराम दुबे ने कई एक बार शिकायत किए लेकिन नहीं हुआ सुनवाई तब मुख्यमंत्री पोर्टल पर गुहार लगाना शुरू कर दिए पीड़ित का कहना है कि बहुत दिन से दबंगों के द्वारा किया जा रहा है प्रताड़ित।

## थाना कछवां क्षेत्रान्तर्गत स्वर्ण व्यवसायी से हुई लूट की घटना का 24 घण्टे के भीतर सफल अनावरण

● 03 शातिर अभियुक्त लूट की घटना से सम्बन्धित आभूषण, घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल तथा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** थाना कछवां जनपद मीरजापुर पर दिनांक 28.06.2026 को वादी अजय केशरी पुत्र स्व0 अलबेले निवासी कछवां बाजार जनपद मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि वह सायंकाल लगभग 08:00 बजे जलालपुर स्थित अपनी आभूषण की दुकान को बंद कर कछवां बाजार वापस आ रहा था कि इसी दौरान सबेसर के पास मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके साथ लूट की घटना कारित की गई । जिसके सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु0अ0सं0-145/2026 धारा 309(4),352 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी ।अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया । गठित पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का संकलन करते हुए दिनांक 29.06.2026 को थाना कछवां व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर दामोदरपुर बस्ती बह्द ग्राम मझवां के पास से अपाचे मोटरसाइकिल सवार 02 शातिर अभियुक्तों क्रमशः 1.अमन दुबे पुत्र स्व0राधेश्याम दुबे निवासी ककरा पार थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर व 2.कपिल यादव पुत्र बाबूलाल यादव निवासी मझवां थाना कछवां जनपद मीरजापुर तथा ग्राम धनैता मार्ग पुलिया के पास से तीसरे अभियुक्त गणेश प्रताप सिंह पुत्र स्व0पारसनाथ सिंह निवासी बगहा थाना चुनार जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से लूट की घटना से सम्बन्धित 05 अदद पायल (सफेद धातु),02 अदद टॉप्स (पीली धातु),01 अदद लॉकेट (पीली



धातु), 01 अदद मोबाइल फोन, अभियुक्त अमन दुबे के पास से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद किया गया। थाना कछवां पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय/जेल भेजा दिया गया

**विवरण पूछताछ** गिरफ्तार अभियुक्त अमन दुबे द्वारा बताया गया कि अम्बेडकर नगर जेल में उसकी मुलाकर गणेश प्रताप सिंह से हुई थी वहीं से हमारी दोस्ती हुई । गणेश प्रताप मुझे यहां बुलाया था जहां मेरी मुलाकात कपिल यादव से हुई । हम तीनों लोग यहां रहकर लूट की घटना को कारित करते है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिना फिटनेस व सुरक्षा मानकों वाले स्कूली वाहनों पर एक जुलाई से होगी कार्रवाई

**प्रतापगढ़।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ए0के0शुक्ला ने बताया है कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत समस्त स्कूल प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यों को सूचित किया है कि अपने-अपने स्कूलों में संचालित होने वाले समस्त वाहनों का फिटनेस एवं परमिट अनिवार्य रूप से करा लिया जाए, क्योंकि स्कूली वाहनों जिनका फिटनेस एवं परमिट समाप्त हो गया है, ऐसे स्कूली वाहनों को फिटनेस समाप्ति एवं परमिट समाप्ति की नोटिस इस कार्यालय द्वारा पूर्व में ही प्रेषित किया जा चुका है। उन्होने यह भी अवगत कराया है कि 01 जुलाई से समस्त विद्यालय अपने निर्धारित समय पर खुल जायेगें। उन्होने समस्त स्कूल प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि अपने स्कूल के समस्त वाहनों के प्रपत्रों यथा फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण को वैध करायें तथा स्कूली वाहनों में सी0सी0टी0वी0 कैमरा, जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस, पैनिक बटन, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जांच करके वाहनों का संचालन करायें। वाहन चालकों/परिचालकों के ड्राइविंग लाइसेंस व चरित्र सत्यापन पुलिस विभाग से कराने के उपरान्त ही वाहन का संचालन करायें, जिससे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### कानपुर में तेज गति के वाहनों पर कार्यवाही जारी, 326 वाहनों के ओवर स्पीड में चालान

**वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक 20 किलोमीटर पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात**



**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 30.06.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 59 ट्रक, 9 बस, 97 चार पहिया/दो पहिया 165 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 3 ट्रक, 7 बस, 99 चार पहिया/दो पहिया 109 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 52 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिने से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

### कानपुर कमिश्नरेट पुलिस में बड़े बदलाव की संभावना





**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट में होनी है क्राइम मीटिंग और इसमें बड़े बदलाव की संभावना है। मंगलवार को पुलिस कमिश्नर की अध्यक्षता में थाना स्तर पर क्राइम मीटिंग होनी हैं इस बार करीब आधा दर्जन से अधिक थानेदार सी पी की हिट लिस्ट पर हैं इनमें से कुछ के कार्य क्षेत्र बदलें जाएंगे, जबकि कुछ को हटाया भी जा सकता है, इसमें अधिकतर वह लोग हैं जो कमिश्नरी की रैंकिंग गिराने और अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम रहे हैं। यह क्राइम मीटिंग पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में होंगी, पूर्वी जोन हो या पश्चिमी जोन, सेंट्रल जोन हो ,या फिर दक्षिणी जोन,से थानेदार बदलाव की सूची में शामिल हैं, माना जा रहा है कि पूर्वी व सेंट्रल जोन से एक एक, पश्चिमी जोन से दो, और दक्षिणी जोन से तीन थानेदार बदलाव सूची में शामिल हो सकते हैं, इनमें से कुछ तों ऐसे भी हैं जो काफी समय से एक ही थाने में टिके हुए हैं, इसके बावजूद उनकी कार्यशैली प्रभावित करने नहीं है, कुछ थानेदार ऐसे भी शामिल हैं, जो क्षेत्र में हुई बड़ी वारदात पर उच्चाधिकारियों को गुमराह कर रहे थे। उनके थाने पर क्षेत्रीय जनता ने कई बार प्रदर्शन किया हैं, एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड आर्डर डॉ विपिन ताडा ने बताया कि क्राइम मीटिंग में कार्यों की समीक्षा के बाद बदलाव किए जा सकते हैं।

# मिट्टी से जुड़कर बनाई नई पहचान, जैविक खेती से सफलता की मिसाल बने उत्कृष्ट पाण्डेय

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** आधुनिक कृषि के इस दौर में जहां अधिकांश किसान रासायनिक खेती पर निर्भर हैं, वहीं जनपद प्रतापगढ़ के विकास खण्ड मंगरौरा अंतर्गत ग्राम भदौना निवासी युवा किसान उत्कृष्ट पाण्डेय ने जैविक खेती को अपनाकर न केवल अपनी अलग पहचान बनाई है, बल्कि क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गए हैं। उत्कृष्ट पाण्डेय ने लगभग दस वर्ष पूर्व पैरामिलिट्री में असिस्टेंट कमाण्डेंट पद की प्रतिष्ठित नौकरी को छोड़कर गांव लौटने का साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभावों को समझते हुए जैविक खेती की दिशा में कदम बढ़ाया। प्रारंभिक वर्षों में उन्हें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर सीखने की प्रवृत्ति और नवाचार की सोच ने उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाया। आज उनका फार्म जैविक कृषि के एक उत्कृष्ट मॉडल के रूप में स्थापित हो चुका है। यहां विभिन्न प्रकार की जैविक फसलें, औषधीय पौधे तथा मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें प्रदेश ही नहीं बल्कि प्रदेश के बाहर भी सराहा जा रहा है। उत्कृष्ट पाण्डेय की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है सफेद चन्दन की खेती। उन्होंने अपने फार्म हाउस परिसर में लगभग 2500 सफेद चन्दन के पौधे रोपित किए हैं।

उत्कृष्ट पाण्डेय ने लगभग दो एकड़ भूमि में पीली, काली एवं कस्तूरी हल्दी की खेती की जा रही है। इन विशेष किस्मों की हल्दी औषधीय गुणों से भरपूर होती है और बाजार में सामान्य हल्दी की अपेक्षा अधिक मूल्य प्राप्त करती है। उनके द्वारा तैयार किए जा रहे प्रमुख उत्पादों में हल्दी पाउडर, विलौना घी, आंवला मुरब्बा, काला नमक चावल, अरहर दाल तथा अन्य जैविक उत्पाद शामिल



हैं। इन उत्पादों को 'ऋषि ग्राम' ब्रांड के माध्यम से बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है। जैविक खेती, पौध उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन के समन्वित मॉडल के माध्यम से उत्कृष्ट पाण्डेय आज प्रतिवर्ष 10 से 12 लाख रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं,जो अन्य उत्साही कृषकों के लिए प्रेरणा दायक है।

## ससुराल आए युवक की पेड़ से लटका मिला अर्धनग्न शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के तुलसियापुर गांव में अपनी ससुराल आए एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान महराजगंज जिले के थाना कोतवाली सोनौली थाना क्षेत्र के कुंसेरवा निवासी 35 वर्षीय पप्पू पाण्डेय पुत्र सभापति के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार पप्पू पाण्डेय सोमवार शाम को पास के ही मधवापुर गांव में स्थित एक रिश्तेदार के घर भोजन करने गए थे। देर शाम वे वहां से अपनी ससुराल लौटने के लिए निकले, लेकिन रातभर वापस नहीं पहुंचे। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने कुबा स्कूल और मधवापुर गांव के बीच एक के पेड़ से उनका शव लटकता हुआ देखा, जिसके बाद हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ढेबरुआ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनास्थल की परिस्थितियों ने इस पूरे मामले को रहस्यमय बना दिया है। परिजनों का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश है। मृतक के शरीर पर केवल बनियान और चड्डी (अंडरवियर) थी। मौके से मृतक के जूते-चप्पल भी गायब मिले। मृतक के भाई गुड्डू पाण्डेय ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाए




जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पप्पू पाण्डेय का विवाह लगभग 15 वर्ष पहले तुलसियापुर निवासी चंद्रिका की पुत्री धर्मा से हुआ था। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों से पति-पत्नी के बीच संबंध सामान्य नहीं चल रहे थे। पुलिस इस मामले को भी ध्यान में रखकर जांच कर रही है। थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### झमाझम बारिश सुहावना हुआ मौसम, अगले 48 घंटों में मानसून दस्तक दे सकता है



**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर, बिधनू सजेती बरीपाल समेत कई इलाकों में मंगलवार सुबह झमाझम बारिश हो रही है, करीब समाचार लिखे जाने तक बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है,मौसम विभाग का अनुमान है कि 48 घंटों में मानसून दस्तक दे सकता है, आपको बताते चलें कि पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी और उमस से जूझ रही जनता मंगलवार सुबह बडी राहत मिली है सुबह करीब छह बजे से शुरू हुई झमाझम बारिश से न केवल तापमान को कम किया बल्कि मौसम को पूरी तरह सुहावना बना दिया, बारिश का असर घाटमपुर के आसपास के क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में देखने को मिला, झमाझम बारिश ने सड़कों को तर बतर कर दिया, बारिश के कारण वातावरण में फैली नमी ने लोगों को गर्मी की तपन से बड़ी राहत दी। पिछले कई दिनों से अधिकतम तापमान और लू जैसे हालात के कारण लोग घरों में कैद रहने को मजबूर थे मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी आसमान में बादल छाए रहने और के आसार बने हुए हैं मौसम विज्ञान केन्द्र का अनुमान है कि मानसून 48 घंटे में प्रदेश की सीमा में दाखिल हो जाएगा।

## कानपुर में फर्ज़ी मार्कशीट छापने वाले तीन और आरोपी गिरफ्तार

**● आरोपियों के खातों में मिले 21 करोड़ के लेन देन के मामले, कोरियर से फर्जी डिग्रियां दिल्ली भेजीं जा रही थीं।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर ग्रामीण।** फर्ज़ी मार्कशीट डिग्री छापने व बेचने वाले एक और गिरोह के तीन आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ गए,इस गिरोह के पास से कौशांबी व अन्य कुछ जिलों के स्कूल कालेजों की मार्कशीट व डिग्रियां बरामद हुई,, पुलिस के आरोपियों के पास से मिले बैंक खातों में लगभग 21 करोड़ के लेन-देन मिलें हैं, पुलिस ने बरामद मार्कशीट व डिग्रियां सत्यापन के लिए भेजी है, साथ ही इस गिरोह का कनेक्शन पुराने गिरोह से खंगाल रही है,, इससे पहले पुलिस किदवई नगर से 10 और बेकनगंज के हीरामन पुरवा क्षेत्र से चार आरोपितों को जेल भेज चुकी है, दोनों मामलों में एस आई टी, जांच कर रही है, पुलिस ने आठ जून की रात हीरामन पुरवा के मकान में छापेमारी कर फर्ज़ी मार्कशीट डिग्री छाप कर बेचने वाले गिरोह को पकड़ा था। पकड़े गए आरोपितों में सरगना जियाउल हसन, आरिफ, नूरूद्दीन,और आमिर को जेल भेज दिया गया था, जिया उल हसन का जाल लंदन, ब्रिटेन,कनाडा, सऊदी अरब,दुबई,व देश में कई राज्यों में फैला है इस गिरोह के तार 17 फरवरी की रात पकड़े गए गिरोह से जुड़े मिलें, इसमें सरगना रायबरेली निवासी व हालपता साकेत नगर के शैलेन्द्र कुमार ओझा, कौशांबी के नागेंद्र मणि त्रिपाठी, गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी जोगेंद्र, और शुक्ला गंज के गंगा घाट निवासी अश्वनी कुमार सिंह को गिरफ्तार किया था, शैलेन्द्र के साकेत नगर कार्यालय से उतर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, आधृ प्रदेश, झारखंड, मणिपुर, सिक्किम,से 1030 फर्जी मार्कशीट व डिग्रियां बरामद की थी,, इसके बाद पुलिस ने छह आरोपित नोएडा निवासी विनीत, चमनगंज निवासी अजरूद्दीन, हैदराबाद निवासी मनीष, उन्नाव निवासी अर्जुन यादव, और फरीदाबाद निवासी राघव,व चार जून को गाजियाबाद के प्रकाश विहार निवासी मयंक भारद्वाज, कौशांबी के अन्शल प्लाज़ा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इन आरोपियों ने हाईकोर्ट के आदेश पर पहले शैलेन्द्र कुमार, नागेंद्र मणि



त्रिपाठी, जोगेंद्र, अश्वनी को रिहा किया गया, इसके बाद विनीत की रिहाई हो गई, कानपुर पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि इन दोनों गिरोह का जाल देश के 26 राज्यों में फैला हुआ है, पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब फर्जी मार्कशीट व डिग्रियां छापने व बेचने वाला एक और गिरोह हाथ लगा हैं, आपको बताते चलें कि आठ जून को पकड़े गए गिरोह के जरिए निजी कंपनी के एक कुरियर से एक लिफाफे में मार्कशीट, डिग्रियां, दिल्ली भेजीं जा रही थी,उन लिफाफों को जब खोला गया तो उसमें कौशांबी के एक कालेज की मार्कशीट निकली, उसी के आधार पर जांच कर आरोपितों को पुलिस ने पकड़ा हैं जांच होने के बाद राजफास किया जा सकता है।

## सिद्धार्थनगर में दिनदहाड़े पत्रकार से लूट, बाइक सवार बदमाश 29 हजार रुपये लेकर फरार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय में दिनदहाड़े एक पत्रकार से लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। शास्त्री नगर निवासी पत्रकार आसिफ इकबाल को बाइक सवार बदमाशों ने निशाना बनाते हुए उनसे करीब 29 हजार रुपये लूट लिए। मिली जानकारी के अनुसार सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के अशोक मार्ग स्थित बुद्धा पार्क के पास मंगलवार की दोपहर दिनदहाड़े एक पत्रकार से बाइक सवार बदमाशों ने 29000 रुपए लूट कर फरार हो गए। पीड़ित पत्रकार आशिफ इकबाल पुत्र मुजफ्फर हुसैन जिला मुख्यालय के शास्त्री नगर के निवासी है।

आसिफ इकबाल अपने एक साथी के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर घर से साड़ी तिराहे की ओर जा रहे थे कि इसी दौरान दो बाइक सवार बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल रोक ली और जेब में रखे लगभग 29 हजार रुपए छीनकर फरार हो गए। आसिफ इकबाल के अनुसार बदमाशों ने पहले उनकी बाइक रोगी और फिर रुपए छीनने के बाद उनकी मोटर साइकिल को धक्का देकर गिरा दिया आसिफ इकबाल का आरोप है कि बदमाशों के हाथ में असलहे भी थे। पीड़ित पत्रकार आशिफ इकबाल ने सदर थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस और एसओजी टीम जांच में जुट गई है।

### आईडी हैक पर अश्लील फोटो अपलोड करने को लेकर आरोपी पर मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीड़िता की आईडी हैक कर अश्लील बातें व गंदी फोटो अपलोड करने को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि आरोपी द्वारा उसके मोबाइल फोन की आईडी पर भद्दी भद्दी फोटो अपलोड की जा रही है।पीड़िता के द्वारा फोन पर शिकायत दर्ज कराने पर आरोपी द्वारा कहा गया कि गूगल हैक कर लिया है और शिकायत करोगी तो बर्बाद कर देंगे। तहरीर के मुताबिक पीड़िता अप्रिय घटना को लेकर डरी सहमी है। पुलिस ने आरोपी प्रमोद सक्सेना के खिलाफ आईटी एक्ट समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि सर्विलांस की मदद से आरोपी का पता लगाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार




**सिद्धार्थनगर** के त्रिलोकपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को मंगलवार को थानाक्षेत्र के दोपेड़वा तिराहे के पास से पकड़ा गया। उसे आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। यह गिरफ्तारी थाना त्रिलोकपुर में दर्ज मु0अ0सं0 117/2026 से संबंधित है। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(2), 87, 137(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमित कुमार पुत्र किशन, निवासी रेकहट, थाना ढेबरुआ, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक कुमार महाजन के निर्देश पर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के निर्देशन में यह गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार शाही (चौकी प्रभारी बिस्कोहर), आरक्षी अजय यादव और राहुल यादव शामिल रहें।

## सीडी रेशियो में गिरावट पर सीडीओ सख्त, कमजोर प्रदर्शन वाले बैंकों को विशेष कार्ययोजना के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विशेष जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीडीओ द्वारा जनपद के ऋण-जमा अनुपात तथा प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने ने जनपद के सीडी रेशियो में आई नकारात्मक वृद्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले बैंकों को विशेष कार्ययोजना बनाकर गुणवत्तापूर्ण ऋण वितरण बढ़ाने तथा शीघ्र सीडी रेशियो में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही नकारात्मक वृद्धि वाले बैंकों को नियमित क्रेडिट कैंप आयोजित कर अधिक से अधिक छोटे ऋण वितरित करने पर विशेष बल दिया गया। सीडीओ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी, स्वयं सहायता समूह सीसीएल, डेयरी, पीएमएफएमई, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, फिशरीज केसीसी सहित अन्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा बिना उचित कारण किसी भी आवेदन को अस्वीकृत न करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी बैंकों को खरीफ फसल बीमा योजना के अंतर्गत पात्र किसानों के खातों को समयबद्ध रूप से आच्छादित (कवर) करने तथा अधिक से अधिक किसानों को योजना



का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही डीसी एनआरएलएम को बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर एसएचजी सीसीएल लिंकेज में सुधार करने तथा जिला मत्स्य अधिकारी को फिशरीज केसीसी के लक्ष्य की पूर्ति हेतु अधिकाधिक आवेदन बैंकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक को पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं पीएम स्वनिधि योजना की लंबित पत्रावलियों के शीघ्र एवं सकारात्मक निस्तारण हेतु बैंक एवं संबंधित विभागों के साथ नियमित समन्वय बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में लीड डिस्ट्रिक्ट अधिकारी (भारतीय रिजर्व बैंक), अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला विकास अधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, निदेशक आरसेटी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला सांख्यिकी अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग, जिला मत्स्य अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा जनपद के समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन अंतर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार,दो के पैर में लगी गोली

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर ग्रामीण।** शहर की गुजैनी पुलिस ने पति बेटे की हत्या का भय दिखाकर महिला से टप्पेबाजी करने वाले अंतर्जनपदीय तीन लुटेरे को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है,, सोमवार देर रात वनपुरवा फत्तेपुर मार्ग पर हुई मुठभेड़ में दो लुटेरों के दाहिने पैर में गोली लगी, जिन्हें एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया गया है पकड़े गए आरोपितों की पहचान बुढपुर मछरिया, नौबस्ता निवासी अकरम, जावेद और चांद बाबू, के रूप में हुई है जिसमें अकरम और जावेद गोली लगने से घायल हो गए हैं,, वहीं मौके से भागे चांद बाबू को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा,, इसके पास से बाइक, तमंचा, और महिला से टप्पेबाजी कर लिए गए आभूषण बरामद किए गए हैं, डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि 21 जून को आरोपितों ने गुजैनी थाने से 200मीटर दूर रविदास पुरम निवासी स्कूल वैन चालक सुरेश कुमार की पत्नी विटान देवी से टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया था, आरोपितों ने विटान देवी को बर्रा आठ में रहने वाले ननद श्याम पति के घर लौटते वक्त गोविंद स्वीट हाउस के पास रोक लिया था, उन्हें मोबाइल पर उनके बेटे और पति की फोटो दिखाकर मंगलसूत्र, और पर्स में रखें 600 रूपए ले लिए थें, इसके बाद आरोपितों ने चाकू दिखाकर जबरन महिला को बाइक में बैठाकर घर के पास ले गए,और दहशत में घर में रखे सोने चांदी के जेवर भी लाकर दे दिए थे,इसकी जानकारी के बाद पुलिस उनकी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश कर रही थी सोमवार देर रात उन्हीं लुटेरों के क्षेत्र में वारदात के इरादे से घूमने की जानकारी हुई थी, इस पर घेरा



बंदी की गई तो, वनपुरवा फत्तेपुर मार्ग पर एक बाइक पर सवार तीन लोग आते दिखे, जिन्हें रोकनें का प्रयास किया गया,इस पर आरोपितों ने पुलिस से बचकर भागने के लिए फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने गोली चलाई इसमें गोली लगने से अकरम और जावेद घायल हो गए, उन्हें एल एल आर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि उनका तीसरा साथी चांद बाबू मौके से भाग निकला,, था जिसे पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा।

## मुकेश हत्याकांडः पीड़ित परिवार से मिले नगर विकास राज्यमंत्री मंत्री, 1 लाख की आर्थिक मदद की

**● कहा दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम दूल्हा शुमाली टोला पिपरहवा में विगत दिनों हुई स्व0 मुकेश गुप्ता की निर्मम हत्या की घटना के उपरांत भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर ने स्व0 मुकेश गुप्ता के आवास पर पहुंचकर परिजनों से भेंट की तथा अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुःखद, अमानवीय एवं हृदयविदारक घटना है, जिसने न केवल एक परिवार बल्कि पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। दुःख की इस घड़ी में परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उन्होंने ने अपने निजी वेतन से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की



और उन्हें आश्वस्त किया कि वे स्वयं को अकेला न समझें। सम्पूर्ण समाज उनके साथ मजबूती से खड़ा है और दोषियों को हर हाल में कानून के कठघरे तक पहुंचाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा और अधिक से अधिक मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान प्रदेश मंत्री शम्भू नाथ गुप्ता, जिलाध्यक्ष लालजी गुप्ता, शुभम गुप्ता, सूरज गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, प्रधान केदार गुप्ता, तोलन गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, प्रहलाद, हरि गोविंद, युगल किशोर, रोहित समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मनायी गयी ऊदा देवी की जयन्ती, स्मृति को किया नमन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के दलापटटी गांव में मंगलवार को वीरांगना ऊदा देवी जन्म जयन्ती को लेकर कांग्रेसियो ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वक्ताओ ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी शौर्य साहस व पराक्रम की प्रतीक थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी व संचालन राजू मिश्र द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, अशोकधर द्विवेदी, मुन्ना मिश्र, रामसमुझ सरोज आदि रहे।

## 15 जुलाई तक सभी परिषदीय विद्यालयों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करायें- डीएम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, मध्यान्ह भोजन योजना तथा जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों,विद्यालयों की अवस्थापना सुविधाओं तथा शिक्षा की गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में विद्युत संयोजन की प्रगति की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि 15 जुलाई तक शेष सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके साथ ही विद्यालय परिसरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों के शिफ्टिंग कार्य को भी समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। डीबीटी पोर्टल पर पंजीकृत विद्यार्थियों के अवशेष डाटा सत्यापन का कार्य आगामी सप्ताह तक पूरा करने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पेयरिंग वाले विद्यालयों में बालवाटिका संचालित हो रही है या नहीं। जहां बालवाटिका संचालित नहीं पाई जाए, वहां संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

उन्होंने परिषदीय विद्यालयों के 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों का चिन्हांकन कर सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए।कायाकल्प योजना के अंतर्गत 2364 विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जर्जर घोषित विद्यालयों, उनके ध्वस्तीकरण तथा मलबा हटाने की



कार्यवाही का विवरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रत्येक सप्ताह नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) आदित्य प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक एवं एसआरजी उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण -सुदामा का प्रसंग सुनकर भाव- विभोर हुए श्रोता

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** ग्राम पंचायत खरिकवा केरवानिया में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के अंतिम दिन सोमवार रात्रि कथा व्यास पंडित काली प्रसाद मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अटूट मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता प्रेम, विश्वास और समर्पण पर आधारित होती है। सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और भगवान श्रीकृष्ण का जयघोष से पंडाल गूंज उठा।कथा के समापन पर महाआरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर यज्ञाचार्य केशव प्रसाद पाण्डेय मुख्य यजमान मंत्र राम यादव, गीता देवी यादव, जगराम, चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा, यादव, धनीराम यादव, बृजलाल यादव, ओपी यादव, कुलदीप यादव, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हूल दिवस पर अभाविप ने अमर शहीदों को किया नमन

युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान



मधुपुर, देवघर, झारखंड:- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मधुपुर इकाई द्वारा मंगलवार को मधुपुर महाविद्यालय परिसर में हूल दिवस श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संताल हूल के अमर शहीद सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव तथा वीरांगना फूलो-झानो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदामा यादव ने कहा कि 30 जून 1855 का संताल हूल भारतीय इतिहास में स्वाभिमान, संघर्ष और बलिदान का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने कहा कि सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव तथा फूलो-झानो ने अंग्रेजी शासन, शोषण और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष कर समाज को साहस, संगठन और राष्ट्रभक्ति का अमूल्य संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नगर मंत्री सूरज मिश्रा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्रहित, समाज सेवा, शिक्षा और छात्र हित के लिए कार्य करती रही है। परिषद युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने अमर शहीदों के आदर्शों पर चलने तथा समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय, वंदे मातरम् तथा अमर शहीदों के जयघोष के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदामा यादव, नगर मंत्री सूरज मिश्रा, दिवाकर कुमार, दिनेश कुमार, मुनीश्वर कुमार, आशीष कुमार, सुभाष कुमार, पवन कुमार, मंगल कुमार, दिनेश मरांडी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 15 जुलाई तक सभी परिषदीय विद्यालयों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करायें-डीएम



प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, मध्याह्न भोजन योजना तथा जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों,विद्यालयों की अवस्थापना सुविधाओं तथा शिक्षा की गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में विद्युत संयोजन की प्रगति की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि 15 जुलाई तक शेष सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके साथ ही विद्यालय परिसरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों के शिफ्टिंग कार्य को भी समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। डीबीटी पोर्टल पर पंजीकृत विद्यार्थियों के अवशेष डाटा सत्यापन का कार्य आगामी सप्ताह तक पूरा करने के लिए, खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पेयरिंग वाले विद्यालयों में बालवाटिका संचालित हो रही है या नहीं। जहां बालवाटिका संचालित नहीं पाई जाए, वहां संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों के 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों को चिन्हांकन कर सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए।कायाकल्प योजना के अंतर्गत 2364 विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जर्जर घोषित विद्यालयों, उनके ध्वस्तीकरण तथा मलबा हटाने की कार्यवाही का विवरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रत्येक सप्ताह नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) आदित्य प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक एवं एसआरजी उपस्थित रहे।

# एसआईआर के जवाब में कर्नाटक कांग्रेस सरकार का 'स्थायी निवास प्रमाणपत्र' देने का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्नाटक में एसआईआर के दौरान वैध मतदाताओं के लिए स्थायी निवास प्रमाणपत्र जारी करने के ऐलान के बीच राज्य सरकार ने चुनाव आयोग को कड़ी चेतावनी दी है। उसने कहा कि वोटर लिस्ट संशोधन स्वीकार है, लेकिन उसे पारदर्शी तरीके से करना होगा। कर्नाटक मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर राज्य सरकार और भारत निर्वाचन आयोग के बीच खींचतान तेज हो गई है। कर्नाटक कैबिनेट ने चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण फ्रेमवर्क की गोपनीयता, मनमानेपन और बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम कटने की आशंकाओं को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। लेकिन इससे मुकाबला करने के लिए उसने अपनी तैयारी भी कर ली है। कैबिनेट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कर्नाटक मतदाता सूची के 'पारदर्शी और साक्ष्य-आधारित' संशोधन का समर्थन करता है, लेकिन इस प्रक्रिया के नाम पर वैध मतदाताओं को बाहर करने के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकार का रुख साफ है: 'कर्नाटक मतदाता सूची के संशोधन का समर्थन करता है, उसके विध्वंस (Subversion) का नहीं।' इस बीच, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कर्नाटक मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने नागरिकों की सहूलियत के लिए एक बड़ा ऐलान किया है। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को इस विशेष अभियान में मदद करने के लिए 'स्थायी निवास प्रमाण पत्र' जारी करेगी। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से इस सुधार अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अपना पंजीकरण पूरा करने की अपील की है। डी.के. शिवकुमार ने ङ्ग पर लिखा: 'जो कोई भी निवास प्रमाण पत्र चाहता है, उसे यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से मिलेगा। नागरिक सेवा सिंधु (Seva Sindhu) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन या संबंधित केंद्रों पर जाकर ऑफलाइन इसे प्राप्त कर सकते हैं।' यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि चुनाव आयोग के कड़े नियमों के कारण आम नागरिकों, विशेषकर किराएदारों और प्रवासियों को निवास का पुख्ता सबूत देने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उससे मुकाबला करने के लिए कांग्रेस सरकार ने यह बड़ी पहल की है। डीके शिवकुमार की कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पारित कर साफ कर दिया है कि कर्नाटक में SIR को पूरी तरह से लागू करने से पहले निर्वाचन आयोग को निम्नलिखित 11 बिंदुओं पर कदम उठाने होंगे: पूरी प्रक्रिया की स्वतंत्र समीक्षा: एसआईआर प्रक्रिया के कानूनी आधार, नाम हटाने के मानदंडों, सुपरवाइज़री ढांचे और सॉफ्टवेयर प्रणालियों की एक स्वतंत्र समीक्षा की जाए।

**समयसीमा में विस्तार**

प्रगणक प्रपत्रों को जमा करने की समयसीमा को बढ़ाकर कम से कम तीन महीने किया जाए, ताकि बीएलओ और प्रशासन पर अनुचित दबाव न पड़े। विस्तृत मैनुअल का प्रकाशन: 'तार्किक विसंगतियों' और सॉफ्टवेयर एल्गोरिदम के मानदंडों को स्पष्ट करने वाला एक विस्तृत मैनुअल सार्वजनिक किया जाए। बिना ग्राउंड वेरिफिकेशन के नोटिस नहीं: बीएलओ द्वारा फील्ड सत्यापन किए बिना किसी भी मतदाता को नोटिस न दिया जाए। मामूली स्पेलिंग या लिप्यंतरण (transliteration) की त्रुटियों को नाम हटाने का आधार न बनाया जाए।

पक्ष रखने का पूरा मौका: किसी भी मौजूदा मतदाता का नाम तब तक न हटाया जाए जब तक कि उसे निष्पक्ष प्राधिकारी के समक्ष सुनवाई का अवसर और एक सकारण आदेश न मिल जाए। दस्तावेजों की सूची का सरलीकरण: स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची को स्पष्ट किया जाए। वोटर आईडी और अन्य मुख्य पहचान पत्रों को बाहर रखने के फैसले पर पुनर्विचार हो, तथा राज्य के 'कुटुंब आईडी' को मान्यता दी जाए। थोक आपत्तियों पर रोक: वैध फॉर्म-6 (नए नाम) और फॉर्म-7 (आपत्तियां) की जांच निष्पक्ष हो, ताकि थोक में दी जाने वाली फर्जी आपत्तियों के कारण सामूहिक रूप से नाम न कटें। डेटा को सार्वजनिक करना: नोटिस, नाम जुड़ने, कटने और जारी आदेशों का मशीन-पठनीय दैनिक डेटा सार्वजनिक डोमेन में रखा जाए। पारदर्शी सॉफ्टवेयर का उपयोग: मतदाता सूची की मैपिंग और सत्यापन में किसी भी प्रकार



के अपारदर्शी एआई टूल का उपयोग न हो। सभी सॉफ्टवेयर की स्वतंत्र रूप से जांच की जाए। पर्यवेक्षकों की भूमिका तय हो: विशेष रोल पर्यवेक्षकों और माइक्रो-ऑब्जर्वर्स की भूमिका स्पष्ट की जाए, ताकि चुनावी पंजीकरण अधिकारी (EROs) स्वतंत्र रूप से काम कर सकें। वंचित वर्गों के लिए विशेष सुरक्षा: महिलाओं, प्रवासी मजदूरों, झुग्गीवासियों, विमुक्त एवं खानाबदोश जनजातियों, विधवाओं, दिव्यांगों, अनाथों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए विशेष सुरक्षा उपाय किए जाएं ताकि वे इस प्रक्रिया में न छूटें। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए इन कड़े प्रशासनिक और कानूनी सवालों पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा राज्य और केंद्र के बीच एक बड़े प्रशासनिक टकराव का रूप ले सकता है, क्योंकि इसमें सीधे तौर पर करोड़ों नागरिकों के मताधिकार का सवाल जुड़ा है।

## आर्थिक रूप से स्वतंत्र पत्नी, जो, सिर्फ़ महिला होने के नाते गुज़ारा-भत्ता नहीं मांग सकती- कर्नाटक हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने पति को अपनी पत्नी को 20,000 रुपये का अंतरिम गुज़ारा-भत्ता देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए यह कहा है कि जो पत्नी अपने पति से काफ़ी ज़्यादा कमाती है, वह उससे गुज़ारा-भत्ते का दावा नहीं कर सकती, खासकर तब जब उसे कोई अन्य ज़िम्मेदारी या देनदारी पूरी न करनी हो। जस्टिस डॉ. चिल्लाकुर सुमालथा की सिंगल जज बेंच ने अपने आदेश में यह बात कही: '...जब पत्नी आर्थिक रूप से मज़बूत हो और उसकी आय पति से ज़्यादा हो, और उस पर बच्चों की देखभाल जैसी कोई अन्य ज़िम्मेदारी न हो, तो अदालतों को सिर्फ़ इस आधार पर गुज़ारा-भत्ता देने का आदेश नहीं देना चाहिए कि महिलाओं का भरण-पोषण पुरुषों को करना होता है या पत्नी का भरण-पोषण पति को करना होता है। यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि अदालतें तभी अंतरिम या अंतिम गुज़ारा-भत्ता देने का आदेश देती हैं, जब यह साबित हो जाए कि पत्नी के पास अपने पति के रहन-सहन के स्तर के अनुसार अपना गुज़ारा करने के लिए कोई आर्थिक साधन नहीं हैं।' याचिकाकर्ता पति और प्रतिवादी पत्नी की शादी 2024 में हुई थी। वे कुछ समय तक साथ रहे, जिसके बाद पत्नी ने 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005' के तहत एक अर्ज़ी दायर की और साथ ही 1,13,515 रुपये प्रति माह के अंतरिम भरण-पोषण की मांग की। ट्रायल कोर्ट ने आदेश दिया कि पति को अंतरिम भरण-पोषण के तौर पर 20,000 रुपये देने होंगे। पति ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी। पत्नी ने तर्क दिया कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी और उसने अपनी शादी के लिए कर्ज़ लिया था, जिसे चुकाना उसकी ज़िम्मेदारी थी। हालाँकि, कोर्ट ने पाया कि इन दावों को साबित करने के लिए लोन या EMI से जुड़ा कोई दस्तावेज़ पेश नहीं किया गया, जबकि उसके द्वारा दिए गए हलफ़नामे में उसकी मौजूदा सैलरी उसके पति की सैलरी से काफ़ी ज़्यादा बताई गई थी। कोर्ट ने इस बात पर ज़ोर दिया कि '...सिर्फ़ इसलिए कि कोई महिला, और ख़ासकर कोई पत्नी, घरेलू हिंसा अधिनियम या हिंदू दत्तक ग्रहण और भरण-पोषण अधिनियम या दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के तहत याचिका दायर करती है—जिनमें भरण-पोषण का दावा करने का अधिकार है—कोर्ट सीधे तौर पर पति द्वारा भरण-पोषण के लिए कोई राशि देने का आदेश नहीं दे सकता...' इसके अनुसार, कोर्ट ने रिट याचिका(रिट याचिका नंबर 2327 /2026 (GM-FC)रवि एस. उर्फ़ जीवन एस. बनाम सहाना देवी ए. और अन्य) को मंज़ूरी दी और ट्रायल कोर्ट के 19 दिसंबर, 2025 के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में ज़ोर देते हुए कहा, '...इस मामले में, प्रतिवादी नंबर 1 (पत्नी) की आय याचिकाकर्ता (पति) की आय से ज़्यादा है। अपनी 1,00,000/- की मानी गई आय से वह अपना गुज़ारा कर सकती हैं। इसलिए, ट्रायल कोर्ट के लिए यह ज़रूरी नहीं है कि वह रिट याचिकाकर्ता (पति) को अपनी 60,646/- प्रति माह की कमाई में से 20,000/- प्रति माह देने का आदेश दे।'

### पटना में 16 सरकारी स्कूलों के बच्चे सीखेंगे स्वीमिंग

**पटना।** जिले के 16 सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तैराकी में दक्ष किया जाएगा। इसमें जिले में नदी किनारे स्थित स्कूलों के बच्चों को शामिल किया जाएगा, ताकि वे किसी बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदा में तैर कर बच्चे खुद को सुरक्षित रख सकें। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन द्वारा डूबने एवं बाढ़ सुरक्षा से संबंधित जन जागरूकता पखवाड़ा के तहत स्कूली बच्चों को तैराकी में दक्ष बनाने के साथ ही माकड्रिल कर आपदा से बचाव के तरीके बारे में जानकारी दी जाएगी। स्कूली बच्चों को तैराकी सीखाने में आपदा मित्र और मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण स्थल पर सहयोग करेंगे। स्कूली बच्चों तैराकी का प्रशिक्षण एसडीआरएफ, आपदा मित्र, मास्टर ट्रेनर की मौजूदगी में दिया जाएगा। पिछले वर्ष जिले में डूबने की घटनाओं के आंकड़ों के अनुसार, अधिकांश मृतक 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे थे। इसको देखते हुए स्कूली बच्चों को तैराकी में दक्ष बनाने का निर्णय लिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन ने बताया कि बच्चों को प्राकृतिक आपदा में खुद को बचाने के उद्देश्य से उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी।

इसके साथ ही चिन्हित किये गए नदी किनारे व दियारा क्षेत्र के स्कूलों में डूबने से बचाव, जोखिम न्यूनीकरण विषय से संबंधित क्विज, वाद-विवाद और पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## वीर सिदो-कान्हू की युगल प्रतिमाओं पर महिलाओं ने माल्यार्पण कर किया नमन

● हूल दिवस पर पाकुड़िया स्थित सतीघाट स्थल पर तीरंदाजी सहित कई प्रतियोगिताओं का हुआ भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** बीते मंगलवार को 171वें हूल दिवस के शुभ अवसर पर प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया के सिदो-कान्हू चौक पर स्थापित धरती पुत्र वीर सिदो-कान्हू की युगल प्रतिमाओं पर प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से पूर्ण संथाली पारंपरिक वेशभूषा में पहुंची महिलाओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा वीर शहीदों को नमन करते हुए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। बताया जाता है कि वर्ष 1855 में वीर सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो और झानो ने महाजनी प्रथा एवं विदेशी अंग्रेज शासकों के विरुद्ध निर्णायक युद्ध का बिगुल फूंका और अंग्रेजी शासन को चुनौती दी। यद्यपि अंग्रेजों ने इन वीर धरती पुत्रों को फांसी पर चढ़ा दिया, लेकिन उनका बलिदान आज भी लोगों को प्रेरित करता है। इसी स्मृति में प्रत्येक वर्ष 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है और लोग उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस अवसर पर पाकुड़िया के सतीघाट स्थल पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी झारखंड मुक्ति मोर्चा, पाकुड़िया प्रखंड के तत्वावधान में तीरंदाजी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हूल दिवस के इतिहास तथा वीर शहीदों के त्याग और बलिदान पर विस्तृत जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी गई। इस अवसर पर प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग, विशेषकर महिलाएं, अपनी पारंपरिक संथाली वेशभूषा में उत्साहपूर्वक शामिल हुईं और हूल दिवस की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को सार्थक रूप से प्रदर्शित किया।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर संकट मोचन धाम पथरोल में गूंजे भक्ति के स्वर

● महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पथरोल, करों, देवघर, झारखंड:-** सिद्धपीठ पथरोल के कालीधाम स्थित संकट मोचन धाम में सोमवार देर शाम ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर भव्य भजन संध्या, हनुमान जी की महाआरती एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बजरंगबली के जयकारों के बीच भक्ति रस का आनंद लिया। मंदिर के पुजारी गौतम पाठक ने हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद भजन गायक लालटू पाल, कुमार जितेंद्र, उपेंद्र रवानी, जटाशंकर राउत एवं अक्षय शर्मा ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं सुरेन दास, दयानंद झा, जटाशंकर राउत एवं उपेंद्र रवानी सहित अन्य कलाकारों ने वाद्य यंत्रों की मधुर संगत से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने बताया कि संकट मोचन धाम में वर्ष 2002 से प्रत्येक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं के सहयोग से भजन-कीर्तन, हनुमान जी की महाआरती एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, वे अपनी श्रद्धानुसार पूर्णिमा के अवसर पर प्रसाद वितरण कराते हैं। श्रद्धालुओं के स्वैच्छिक सहयोग से यह धार्मिक आयोजन वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। कार्यक्रम में सुबास पोद्दार, किशुन साह, नवीन पाठक, बलराम पंडित, नितिन साह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के माधो मंडल, कारू रवानी, उपेंद्र रवानी, सुरेंद्र दास, अजय रवानी, दिनेश दास, नरेश रजवार, राजकिशोर, गुणधार मंडल, महेंद्र विश्वकर्मा, कामदेव रवानी, कामदेव महतो, गुड़ा पंडित, पंचु शर्मा, बलदेव रवानी, राजेश रवानी, सुधीर महतो, मनोज यादव, जटाशंकर राउत, हीरो यादव, होली मंडल, जग्गू रवानी सहित सभी ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## हूल दिवस पर सिद्धू-कान्हू पार्क में वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

● झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंड:-** हूल दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला अध्यक्ष आजिजुल इस्लाम के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकुड़ कार्यालय से शहर भ्रमण करते हुए सिद्धू-कान्हू पार्क स्थित वीर शहीद सिद्धू-कान्हू की आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आजिजुल इस्लाम ने कहा कि वीर सिद्धू-कान्हू देश की आजादी की लड़ाई के महानायक थे। उन्होंने वर्ष 1855 में अंग्रेजी शासन, महाजनी प्रथा और शोषण के विरुद्ध ऐतिहासिक हूल विद्रोह का नेतृत्व किया। उनके संघर्ष और बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए। झामुमो के जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने कहा कि 30 जून 1855 को वीर सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलो-झानो ने अंग्रेजों के जुल्म, शोषण और अत्याचार के विरुद्ध 'हमारी माटी छोड़ो' का नारा बुलंद कर संघर्ष का बिगुल फूंका था। हूल क्रांति झारखंड के इतिहास का गौरवशाली अध्याय है और इन अमर शहीदों का बलिदान सदैव लोगों को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील टुडू, केंद्रीय समिति सदस्य उमर फारूक, जिला संगठन सचिव मुसलोद्दीन अंसारी, जिला सह सचिव तरुण मंडल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, महिला जिला सचिव सुशीला देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष कदम रसूल, नगर सचिव नूर आलम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुस्लोद्दीन शेख, सचिव राजेश सरकार, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दीपू मुर्मू, रेजाउल शेख, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सगीर अंसारी, अजफारुल शेख, मोसर्रफ हुसैन, सबीरुद्दीन शेख, बसीर अली, लखी प्रसाद साह, तरुण साह, कैलाश साह, मोबारक हुसैन, अन्ना मुर्मू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिहार: श्रावणी मेले में पहली बार बनेंगे स्विस कॉटेज, टेंट सिटी में मिलेगी 'जीविका दीदी की रसोई'

**पटना।** श्रावणी मेला में इस वर्ष पहली बार श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए सोनपुर मेले की तरह स्विस कॉटेज बनाए जाएंगे। इसका निर्माण भागलपुर में होगा। बाबा अजगैबीनाथ मंदिर, सुल्तानगंज से बिहार सीमा दुम्मा तक मेला पथ में जगह-जगह भव्य गेट, विशेष लाइटिंग, साज-सज्जा की जाएगी। आधा दर्जन से अधिक टेंट सिटी भी बनाई जाएगी। पहली बार इन टेंट सिटी में जीविका दीदी की रसोई का संचालन किया जाएगा। श्रावणी मेला 30 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जिसको लेकर पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांवड़ियों के लिए टेंट सिटी, शौचालय, स्नानघर, शुद्ध पेयजल, निर्बाध बिजली, कांवर स्टैंड आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। सुल्तानगंज में 500 बेड, बांका के अबरखा में 600 बेड, धौरी में 200 बेड, गोड़ियारी में 250 बेड, मुंगेर के खैरा में 200 बेड और धोबई में 200 बेड की टेंट सिटी बनाई जाएगी। इसके साथ पहली बार असरगंज में 300 बेड, तारापुर में 200 और संग्रामपुर में 200 बेडयुक्त टेंट सिटी का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया है।

# गांजर को मिलेगी विकास की गति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सकरन क्षेत्र के बेलवा बसैहा गांव के निकट किवानी नदी पर बनेगा 13 करोड़ 41 लाख की लागत से पुल। उत्तर प्रदेश पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने हवन पूजन के साथ किया पुल का शिलान्यास। बिसवां/सीतापुर- सकरन क्षेत्र के किवानी नदी के बाढ़ प्रभावित गांव बेलवा बसैहा के निवासियों के लिए आज का दिन उनके लिए एक बहुत बड़ी खुशी लाया था। नदी पर पुल बनाए जाने की उनकी बहु प्रतीक्षित मांग आज धरातल पर उतर रही थी। निवर्तमान सांसद और उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा और क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा आज उनके लिए पुल की सौगात को लेकर उनके बीच मौजूद थे। हजारों की संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी के बीच किवानी नदी के तट पर हवन पूजन के साथ निवर्तमान सांसद और पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा और क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने नींव पूजन करते हुए पुल निर्माण का काम शुरू कराया। ग्रामीणों ने करतल ध्वनि और हर्षोल्लास के साथ से पुल के निर्माण कार्य का स्वागत किया। राजेश वर्मा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार जिसका लक्ष्य ही आम जनता तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य के साथ ग्रामीणों को पुल की सौगात मिल रही है।सेतु निगम के द्वारा दो साल में बनने वाला यह पुल उनके विशेष प्रयास से एक साल में बनकर तैयार हो जायेगा। क्षेत्र के तमाम रास्तों पर डामरीकृत सड़कों का निर्माण कराया गया है। पुरानी सड़कों की मरम्मत और चौड़ीकरण का काम भी तेजी के साथ हो रहा है। गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री योजना से पक्के मकान दिए जा रहे हैं। वहीं सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से आम जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि लखनऊ से सीतापुर होते हुए सहारनपुर तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की एक बार जरूर यात्रा करें। यह सीतापुर वासियों के लिए उनके प्रयास से चलवाई गई है। विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि बेलवा बसैहा में बहु प्रतीक्षित किवानी नदी के घाट पर पुल निर्माण से आधा सैकड़ा गांवों के ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा। प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी की डबल इंजन की सरकार में पूरे क्षेत्र में आमजन के हित से जुड़े तमाम विकास कार्य कराये जा रहे हैं। बिसवां में फ्लाई ओवर का निर्माण तेजी से पूरा कराया जा रहा है। जिससे बिसवां की सड़कों



पर लगने वाली जाम की समस्या से जल्दी ही राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र की सड़कों की गुणवत्ता पूर्ण तरीके से मरम्मत व चौड़ीकरण का काम भी प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। जिससे क्षेत्र वासियों को आवागमन में सुगमता होगी। इस अवसर पर भाजपा नेता कृपा शंकर वर्मा डायरेक्टर भूमि विकास बैंक लखनऊ मंडल,सुनील वर्मा,रामकुमार वर्मा, गुड्डू वर्मा,राहुल सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष सुंदरलाल तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह, चंद्रभाल चौरसिया, माधवराव बाजपेई, अशोक कुमार, रामकिशोर, रामप्रसाद शर्मा,रवि कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामचंद्र गौड़, सुशील बाजपेई, बृजेश सिंह,मुन्ना रस्तोगी शिवकुमार गुप्ता,गिरजेश गुप्ता आदि के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भोजपुर पुलिस को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, दलित युवक की गुमशुदगी का मामला

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने दस महीने से लापता दलित युवक सनोज कुमार का अब तक पता नहीं लगा पाने पर भोजपुर पुलिस की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अब तक की जांच से वह संतुष्ट नहीं है और मामले की जांच में गंभीर खामियां दिखाई दे रही हैं। कोर्ट ने भोजपुर के एसपी समेत संबंधित पुलिस अधिकारियों को मामले से जुड़े सभी अभिलेखों के साथ 2 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया, जबकि डीएम को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान भोजपुर के डीएम, एसपी, जगदीशपुर थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी अदालत में उपस्थित हुए। न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद एवं न्यायाधीश कुमार मनीष की खंडपीठ सनोज कुमार के पिता गौरीशंकर राम द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि दस महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस युवक का पता नहीं लगा सकी। अब तक सामने आए तथ्यों से प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि उत्पाद पुलिस पूरी सच्चाई नहीं बता रही है तथा उसके बयानों में भी विरोधाभास है। अदालत ने एसपी से पूछा कि उन्होंने अपने स्तर पर क्या कार्रवाई की, लेकिन उनके जवाब से कोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ। खंडपीठ ने चेतावनी दी कि यदि जांच की दिशा और प्रगति संतोषजनक नहीं रही तो मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपी जा सकती है। इस पर महाधिवक्ता एस.डी. संजय ने अदालत को भरोसा दिलाया कि ऐसी स्थिति नहीं आएगी और वह स्वयं मामले की निगरानी कर जांच की प्रगति से कोर्ट को अवगत कराएंगे। कोर्ट ने कहा कि उपलब्ध तथ्यों से संकेत मिलता है कि उत्पाद पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया था और बाद में उसके भाग जाने की बात कही गई, लेकिन वह आखिर कहां गया, इसका कोई स्पष्ट जवाब नहीं है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि उत्पाद पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

# रेवान में अधूरा बना नाला ग्रामीणों की परेशानी का शबब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** सकरन विकास खण्ड के रेवान ग्राम पंचायत में गांव की नालियों के पानी की सही निकास न होने से नालियों का पानी घरों के सामने रास्तों पर भर रहा है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर जल्द ही इस समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की है। ग्रामीण वेंकटेश, विनय, सहजराम, विपिन, शिवसरन व अजय आदि ने बताया कि बहुत समय पहले से गांव की नालियों का पानी रेवान प्राथमिक विद्यालय के पूरब स्थित तालाब में जाता था लेकिन इसी पंचवर्षीय काल में ग्राम प्रधान द्वारा नालियों का पानी उस तालाब में न गिराकर गांव से पूरब स्थित एक गड्ढे (गड़ही) में ले जाने के लिए सड़क किनारे नाले का निर्माण कराया गया लेकिन वह नाला गड्ढे तक न ले जाकर बीच में ही छोड़ दिया गया जिससे नाले से निकलने वाला पानी रास्तों पर भरने लगा। नाला व नालियों की सफाई न होने से कूड़ा करकट भरा हुआ है जिससे नालियों का पानी गांव के अंदर ग्रामीणों के घरों के सामने रास्तों पर भर रहा है जिससे आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव के तमाम बाशिंदों ने नालियां ऊंची कराये जाने तथा नालियों की सफाई कराकर पानी की निकासी सुनिश्चित कराये जाने की मांग की है जिससे घरों के सामने तथा रास्तों पर जल भराव से मुक्ति मिल सके।? इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान अवधराम निर्मल ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मेरी कोई बात न सुनकर मनमानी करते हैं। कभी कभार ही जब कोई विशेष काम होता है तभी ग्राम पंचायत में आते हैं। वैसे उनका काम मुंशी करते हैं। ग्राम विकास अधिकारी शशिकांत तिवारी ने बताया कि नाला सड़क के दूसरी ओर बना है जबकि गड़ही जहां नाले का पानी जाना है वह दूसरी ओर है जिससे यह समस्या है। जल्द ही पीडब्ल्यूडी वालों से बात कर रोड क्रॉस



कराकर आगे नाले का निर्माण कराया जायेगा। नालियों की सफाई न होने से रास्तों पर भर रहे गंदे पानी के बारे में उन्होंने बताया कि यह सब एडीओ पंचायत देखते हैं। एडीओ पंचायत प्रेम प्रकाश चौधरी ने बताया कि रेवान ग्राम पंचायत में किसी भी सफाई कर्मी की नियुक्ति नहीं है।हर सप्ताह रोस्टर के अनुसार नालियों की सफाई करायी जाती है। नालियां पुरानी बनी होने से बहुत नीची हो गई हैं। गांव में काफी समय पहले लगाई गई इंटरलाकिंग भी बहुत नीची है जिससे जल भराव की समस्या बन जाती है। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को कार्य कराना होगा।


## संक्षिप्त खबरें

### बोहरा गांव का कोटा ग्राम कूड़ा में किया गया अटैच

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़


**कोंच (जालौन)**– विकासखंड कोंच क्षेत्र के ग्राम बोहरा का कोटा ग्राम कूड़ा अटैच किया गया है। बताया गया है कि ग्राम बोहरा की कोटेदार विद्या देवी का बीमारी के चलते निधन हो गया था जिसके बाद राशन वितरण व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए प्रशासन ने यह अस्थायी व्यवस्था लागू कर दी है। बोहरा की राशन दुकान को फिलहाल ग्राम कूड़ा की उचित दर दुकान से संबद्ध कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने बताया कि कोटेदार विद्या देवी के निधन के कारण बोहरा गांव में राशन वितरण प्रभावित होने की स्थिति बन गई थी। ऐसे में पात्र उपभोक्ताओं को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बोहरा की दुकान को अस्थायी रूप से ग्राम कूड़ा की उचित दर दुकान से अटैच कर दिया गया है।

### भूमि पर कब्जे के लिए भटक रहा वृद्ध, लगाई गुहार



**कोंच(जालौन)**– बीते करीब 11 साल पहले सिविल जज जू.डि. कोंच द्वारा पारित आदेश के बाद भी एक वृद्ध को खुद की भूमि पर अब तक वास्तविक कब्जा न मिल पाना कहीं न कहीं प्रशासनिक तंत्र को कठघरे में खड़ा कर रहा है। पूरे मामले में पीड़ित वृद्ध के आरोप और भी हैरान करने वाले हैं। वृद्ध के अनुसार, संबंधित लेखपाल ने उसकी उक्त भूमि पर कब्जा किसी और व्यक्ति को दिला दिया है। वृद्ध ने एक बार फिर से एसडीएम को शिकायती पत्र देकर खुद की भूमि पर कब्जा दिलाए जाने की गुहार लगाई है। कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम सिवनी बुजुर्ग निवासी हरीराम पुत्र ग्यासी ने मंगलवार को एसडीएम हेमंत कुमार पटेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि मौजा सिवनी बुजुर्ग स्थित गाटा संख्या 53/54 रकवा 2.379 में से 0.06 हेक्टेयर भूमि उसके नाम किए जाने का आदेश बीती मई 2015 में सिविल जज जू. डि. कोंच द्वारा पारित किया गया था जिसके बाद वह समझता रहा कि उक्त भूमि उसके नाम आ गई होगी। वृद्ध ने बताया कि कुछ समय पूर्व उसे पता चला कि संबंधित लेखपाल ने थाना पुलिस को साथ लेकर उसकी उक्त भूमि एक अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज कराकर उसको कब्जा भी दिला दिया है। पूरे मामले में वृद्ध ने कोर्ट द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में एसडीएम से भूमि पर कब्जा दिलाए जाने की गुहार लगाई है। एसडीएम ने वृद्ध को कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिलाया है।

### खरीफ अभियान-2026 के लिए 790 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक का आवंटन, किसानों को उचित मूल्य पर मिलेगी उपलब्धता- जिलाधिकारी



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**– जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि खरीफ अभियान-2026 के अंतर्गत किसानों की मांग को देखते हुए जनपद सोनभद्र की 44 सहकारी समितियों के लिए 790.00 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक का आवंटन स्वीकृत किया गया है। पीसीएफ द्वारा समितियों एवं उर्वरक बिक्री केंद्रों पर उर्वरक पहुंचाने की कार्यवाही तेजी से की जा रही है, जिससे किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे अपने निकटतम सहकारी समिति अथवा उर्वरक केंद्र से संपर्क कर उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करें तथा केवल निर्धारित एवं उचित मूल्य पर ही उर्वरक खरीदें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी कालाबाजारी, ओवररेटिंग अथवा कृत्रिम अभाव की सूचना मिले तो किसान तत्काल सहकारिता विभाग के कंट्रोल रूम 9198788248, 9451637073, जिला कृषि अधिकारी 9452165778 अथवा उप कृषि निदेशक 8881173660 पर सूचना दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## आजाद उद्यान में सीनियर सिटीजन क्लब बनाने की उठी मांग

● मानव सुरक्षा एवं कल्याण समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग, बैठक और सामाजिक गतिविधियों की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक समर्पित सीनियर सिटीजन क्लब की स्थापना की मांग को लेकर मानव सुरक्षा एवं कल्याण समिति उत्तर प्रदेश ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समिति ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल आजाद उद्यान पार्क में क्लब स्थापित कर वरिष्ठ नागरिकों के बैठने, स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों और सामाजिक मेलजोल के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। समिति के अध्यक्ष अशोक स्वर्णकार एवं महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि आजाद उद्यान पार्क में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बुजुर्ग सुबह-शाम टहलने, व्यायाम और स्वास्थ्य लाभ के लिए पहुंचते हैं। इसके बावजूद पार्क में वरिष्ठ नागरिकों के बैठने, विचार-विमर्श करने और सामूहिक गतिविधियां संचालित करने के लिए कोई समर्पित स्थान उपलब्ध नहीं है। ऐसे में एक सीनियर सिटीजन क्लब की स्थापना समय की आवश्यकता है। समिति ने कहा कि क्लब बनने से वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक मेलजोल बढ़ाने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अकेलेपन और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं से काफी हद तक राहत पा सकेंगे। साथ ही योग, प्राणायाम एवं हल्के व्यायाम जैसी स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जा सकेगा। क्लब परिसर में बैठने की समुचित व्यवस्था, छायादार स्थान, शुद्ध पेयजल और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में समिति ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि क्लब के निर्माण के बाद उसके संचालन, साफ-सफाई, रखरखाव और अनुशासन बनाए रखने में समिति पूर्ण सहयोग करेगी। समिति ने वरिष्ठ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस जनहित के प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष अशोक स्वर्णकार, महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, गंधर्व सिंह लोधी, के.एस. सिंह यादव, डॉ. अरिमर्दन सिंह, राजाराम गोस्वामी, मनीष पटवारी, विपिन बिहारी सक्सेना, अनुराग शरभ श्रीवास्तव, जगदीश प्रसाद पाराशर, क्रांति देवी, प्रीतम लाल विश्वकर्मा, नारायण दास कुशवाहा सहित समिति के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### सिद्धार्थनगरः तेज रफ्तार बाइक पुलिया से टकराई, दो युवकों की मौत

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा क्षेत्र के बांसी-धानी मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक की पुलिया से टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब बस्ती के दो युवक रिश्तेदारी में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलते ही खेसरहा थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बस्ती जिले के रुधौली नगर पंचायत के निवासी थे। मृतकों की पहचान 36 वर्षीय झिनकू चौहान पुत्र ज्ञान दास और 34 वर्षीय राधेश्याम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों खेसरहा क्षेत्र के ग्राम कलनाखोर स्थित अपने रिश्तेदार श्याम सुंदर चौहान के घर आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे। बताया जाता है कि कोटिया पांडेय गांव के पास पहुंचते ही बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बनी पुलिया से जा भिड़ी। हादसा इतना गंभीर था कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

## माधोगढ़ विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं में किया गया ऊर्जा का संचार





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**– उप्र विधानसभा के आम चुनाव में करीब 8 माह का समय ही शेष है जिसको लेकर सभी राजनैतिक पार्टियां कमर कसकर तैयारियों में जुट गई हैं। सत्तारूढ़ भाजपा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने के लिए इन दिनों विधानसभावार बूथ सम्मेलन कर रही है। मंगलवार को कोंच स्थित एक होटल में भाजपा द्वारा आयोजित किए गए माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र स्तरीय बूथ सम्मेलन की शुरुआत मुख्य अतिथि/जिला प्रभारी अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सम्मेलन के मुख्य वक्ता नागेन्द्र गुप्ता ने पार्टी के प्रेरणास्रोतों के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के मौजूद सभी 578 बूथ अध्यक्षों, प्रवासियों एवं प्रभारियों का मार्गदर्शन करते हुए अशोक जाटव ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी और ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन है।

सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ कमेटी सदस्यों के साथ मिलकर घर-घर पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। नागेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नियमित रूप से बूथ स्तरीय बैठकें कर मतदाता संपर्क अभियान में अभी से जुट जायें। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि हमारा बूथ-सबसे मजबूत को ध्येय बनाकर बूथ प्रबंधन में लग जाएं। इससे पूर्व बूथ सम्मेलन के आयोजक माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन के पुत्र आशु निरंजन सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, नीरज द्विवेदी, मीनू मिश्रा, अमित निरंजन, विवेक कुशवाहा, अशोक राठौर, कमलापत कुशवाहा, योगेश त्रिपाठी, संदीप भदौरिया, राजेश्वरी यादव, प्रबल प्रताप सिंह, अनुराग खरे, सोनू पटेल बोहरा आदि मौजूद रहे।

## श्रम विभाग एवं मानव तस्करी रोधी थाना की संयुक्त टीम का बाल श्रम उन्मूलन अभियान

● 06 नाबालिग बच्चों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त, संबंधित नियोक्ताओं के विरुद्ध की गई विधिक कार्रवाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**– जिलाधिकारी चर्चित गोंड एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे बाल श्रम उन्मूलन अभियान के क्रम में मंगलवार दिनांक 30.06.2026 को श्रम विभाग एवं थाना मानव तस्करी रोधी (AHT), सोनभद्र की संयुक्त टीम द्वारा कस्बा डाला, चोपन, ओबरा सहित विभिन्न स्थानों पर सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 06 नाबालिग बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। टीम द्वारा संबंधित नियोक्ताओं के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम तथा अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

जनपद पुलिस एवं श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम, मानव तस्करी एवं बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में समय-समय पर ऐसे संयुक्त अभियान चलाए जाते रहेंगे, ताकि बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। संयुक्त रेस्क्यू टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा, प्रभारी निरीक्षक, थाना मानव तस्करी रोधी (AHT) रामदरश राम, मुख्य आरक्षी धनंजय यादव, आरक्षी पंकज कुमार, महिला आरक्षी शालिनी वैश्य शामिल रहे।

### 1 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा रोवर द्वारा पैमाइश अभियान, आधुनिक तकनीक से होगी सटीक पैमाइश

**जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अभियान का लाभ उठाने की अपील**

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**– उत्तर प्रदेश सरकार की ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत धारा-24 के तहत 1 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक जनपद की सभी तहसीलों में रोवर (GNSS) तकनीक के माध्यम से भूमि पैमाइश अभियान संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि प्रत्येक तहसील में रोवर उपलब्ध रहेगा, जिससे भूमि की वास्तविक स्थिति का कम समय में सटीक निर्धारण किया जा सकेगा। आधुनिक राजस्व अभिलेखों के अनुरूप होने वाली इस पैमाइश से सीमा विवाद, अनावश्यक मुकदमेबाजी एवं पैमाइश संबंधी त्रुटियों में कमी आएगी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि जिनकी भूमि पैमाइश लंबित है, वे अभियान का अधिकतम लाभ उठाते हुए संबंधित तहसील से संपर्क कर रोवर के माध्यम से पैमाइश कराएं, जिससे सही रिकॉर्ड और सही अधिकार सुनिश्चित हो सके।

## जन चौपाल में पढ़ी जा रही आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की पात्रता सूची, ग्रामीणों को आपत्ति दर्ज कराने का अवसर

● पारदर्शिता, जनसहभागिता और पात्र लाभार्थियों के चयन को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**– प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की पात्रता सूची जनपद सोनभद्र की ग्राम पंचायतों में जन चौपाल के माध्यम से सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाई जा रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश के क्रम में संचालित इस प्रक्रिया का उद्देश्य योजना के अंतर्गत पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना है। जन चौपाल के दौरान ग्रामवासियों के समक्ष पात्रता सूची प्रस्तुत की जा रही है, जिससे प्रत्येक नागरिक सूची का अवलोकन कर सके तथा सूची में शामिल किसी भी नाम के संबंध में तथ्यात्मक आपत्ति होने पर उसे दर्ज करा सके। प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन चौपाल की कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए तथा ग्रामीणों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजना का लाभ केवल वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे जन चौपाल में सक्रिय सहभागिता करें तथा यदि सूची में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा आपत्ति हो तो उसे समयबद्ध रूप से दर्ज कराएं, ताकि पात्र परिवारों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत यह पहल पारदर्शी प्रशासन, जनभागीदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने चलाया विधिक साक्षरता एवं जागरूकता अभियान, दी विधिक जानकारियां

● जनपद न्यायाधीश ने किया बाल गृह का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

● निरीक्षण में 51 बालिकाएं आवासित मिलीं,स्वच्छता पर विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**– उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सोनभद्र राम सुलीन सिंह के आदेशानुसार मंगलवार दिनांकः 30.06.2026 को समिति के सदस्यगण ओमकार शुक्ला, अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एवं राहुल, सिविल जज, सी0डि0/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सोनभद्र द्वारा पूर्वासी ग्रामीण उत्थान विकास सेवा समिति द्वारा संचालित बाल गृह (बालिका), इन्द्रपुरी कालोनी राबर्ट्सगंज, सोनभद्र का निरीक्षण किया गया। बाल गृह (बालिका) की अधीक्षिका नीलम सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

निरीक्षण के समय बाल गृह (बालिका) में कुल 51 बालिकायें आवासित थी। जिसमें से क्रमशः सोनभद्र की 28, मीरजापुर की 19, शाहजहांपुर की 01, भदोही की बालिकायें 03 एवं 02 नवजात शिशु है। निरीक्षण के समय बाल गृह (बालिका) में साफ-सफाई पायी गयी तथा बाल गृह (बालिका) में आवासित बालिकाओं को मीनू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन आदि दिया जा रहा है तथा बालिकाओं को नैतिक व्यापार निवारण अधि0 1956, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधि0 2005, दहेज प्रतिषेध अधि0 1961, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधि0 1971, मातृत्व लाभ अधि0 1961- 26 सप्ताह तक, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधि0 2013, लैगिंक अपराधो से बालको का संरक्षण अधि0 2012, गर्भधारक पूर्ण एवं प्रसव पूर्ण निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिषेध) अधि0 1994, समान पारिश्रमिक अधि0 1976, महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधि0 1966, हिन्दू उत्राधिकार अधि0 1956' एवं 'Se& Selection Decline in child se& ratio under PCPNDT Act की जानकारी दी गयी। साथ ही साथ छठवे चरण के 'मिशन शक्ति विशेष अभियान के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों जैसे- दहेज प्रतिषेध कानूनए घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगित अपराधों से संरक्षणए कार्यस्थल पर यौन शोषणए गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971ए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियमए गिरफ्तारी से पूर्वए गिरफ्तारी के समय तथा उसके बार महिलाओं के अधिकार संबंधी प्रावधान व कानूनए पूर्वगर्भाधान और प्रसवपूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 ए विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के अन्तर्गत महिलाओं के अधिकारए पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु अधीक्षिका को निर्देशित किया गया तथा इसके अधिकारों एवं लाभ के संबंध में जागरूक किया गया।

इसके अलावा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के कार्ययोजना 2026-27 के निर्देशन में दिनांकः 30.06.2026 को काशी राम आवास के पास, राबर्ट्सगंज जिला-सोनभद्र में कचरा प्रबन्धन के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन श्री राहुल, सिविल जज, सी0डि0/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सोनभद्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान शमशेर बहादुर सिंह, चीफ एल.ए.डी.सी. एवं 50 आमजन उपस्थित हुए। सिविल जज, सी0डि0/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सोनभद्र द्वारा उपस्थित लोगो को बताया गया कि स्वस्थ समाज ही स्वस्थ राष्ट्र की नींव है तथा गंदगी को दूर भगाओं स्वच्छता की आदत अपनाओं एवं कचरा प्रबन्धन के तहत गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बे जैसे- हरे डिब्बे में रसोई का कचरा फलो, और सब्जियों के छिलके या सड़ा हुआ खाना, नीले डिब्बे में प्लास्टिक की बोतले, पॉलिथीन, सूखा रद्दी कागज, लाल डिब्बे में इस्तेमाल की गई बैटरी, खराब ट्यूबलाइट/बल्ब, पीले डिब्बे में यूज्ड नैपकिन/डायपर, पट्टियां, एक्सपायरी दवाएं एवं काले डिब्बे में धूल-मिट्टी झाड़ू का कचरा इत्यादि के संबंध में उन्हे बताया गया तथा होने वाले लाभ व हानि के बारे में भी विस्तार से बताया गया। उक्त जानकारी राहुल, सिविल जज, सी0डि0/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सोनभद द्वारा दी गयी।

### वार्ड-09 में दो सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

● नपाध्यक्ष सोनाली जैन अभिलाषा बोलीं, गुणवत्ता और समयबद्धता से होगा विकास कार्यों का क्रियान्वयन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए मंगलवार को वार्ड संख्या-09 स्थित मोहल्ला सिविल लाइन में दो सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड पार्षद अशोक कुमार पंथ के साथ विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए अध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

भूमि पूजन के तहत मोहल्ला सिविल लाइन में अरिहंत होटल के समीप से रूप नारायण विश्वकर्मा के मकान तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य तथा ठाकुर बाबा कॉलोनी में अंगद यादव के प्लॉट से चाली राजा के मकान होते हुए दामोदर के मकान तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सोनाली जैन ने संबंधित अवर अभियंता निधि पाण्डेय को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड तक बेहतर सड़क, नाली एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनहित और नगर के समग्र विकास के लिए परिषद निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी विकास कार्यों की गति इसी प्रकार जारी रहेगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, अमित कुशवाहा, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, निर्माण लिपिक दीपेंद्र कुमार, बद्री कुशवाहा सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### पीडीए जननायक अखिलेश यादव का जन्मदिन आज

**सपा कार्यालय पर सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का होगा अनावरण, सप्ताह भर चलेगा वृक्षारोपण कार्यक्रम**



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए जननायक अखिलेश यादव का जन्मदिन बुधवार 1 जुलाई को आज उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में पार्टी संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस संबंध में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने बताया कि जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय सहित जनपद के गांव-गांव में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान पूरे सप्ताह जारी रहेगा, जिसमें पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने समस्त पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं पीडीए समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होकर उन्हें सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी पं. राममूर्ति तिवारी ने दी है।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर पिता-पुत्र से मारपीट, दो भाइयों पर मुकदमा

● घर के सामने विवाद के बाद लाठी-डंडों से हमला, बीच-बचाव करने आए बुजुर्ग पिता भी घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना में घर के सामने गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो सगे भाइयों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से हमला कर दोनों को घायल कर दिया तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला रावतयाना निवासी कृष्ण कुमार पुत्र किशोर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रविवार 28 जून की रात करीब 11 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान मवेशी बाजार स्थित सुराज एजेंसी के सामने वाली गली निवासी प्रदुम और अंकित पुत्रगण कल्लू उनके घर के सामने आकर अभद्र गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने इसका विरोध किया और गाली देने से मना किया तो दोनों आरोपी आक्रोशित हो गए और लाठी-डंडों तथा लात-घूसों से हमला कर दिया। शोर सुनकर उनके पिता किशोर सिंह बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में कृष्ण कुमार के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। आरोप है कि घटना के बाद दोनों आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। अगले दिन पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रदुम और अंकित पुत्रगण कल्लू निवासी मवेशी बाजार, सुराज एजेंसी के सामने वाली गली के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2) एवं 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## बिना कुआं खोदे हड़पे 2.30 लाख रुपये, कोर्ट के आदेश पर पिता-पुत्र पर मुकदमा

● कूप निर्माण योजना में फर्जी दस्तावेज लगाकर सरकारी धन निकालने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र में कूप निर्माण योजना के तहत बिना कुआं बनाए सरकारी धन निकालने का मामला सामने आया है। आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 2.30 लाख रुपये की सरकारी धनराशि प्राप्त कर ली गई। शिकायत पर कार्रवाई न होने के बाद सीजेएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार ग्राम कल्यानपुरा निवासी महेंद्र सोनी पुत्र रमेश सोनी ने बताया कि गांव की आराजी संख्या 1216/1/2 में कई सहखातेदार काबिज हैं। वर्ष 2025 में सिंचाई विभाग द्वारा किसानों के लिए कूप निर्माण योजना संचालित की गई थी। इसी योजना के तहत सहखातेदार प्रान सिंह के पुत्र प्रमोद कुमार राजपूत ने आवेदन किया था, जिसे स्वीकृत होने के बाद 29 नवंबर 2025 को कूप निर्माण के लिए 2.30 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सरकारी धन मिलने के बावजूद मौके पर कुएं का निर्माण नहीं कराया गया। इसके बावजूद फर्जी अभिलेख तैयार कर विभागीय पत्रावली में यह दर्शा दिया गया कि कूप का निर्माण हो चुका है। बाद में जब उन्होंने राजस्व अभिलेखों की जानकारी प्राप्त की तो मौके पर कुएं का कोई अस्तित्व नहीं मिला और न ही संबंधित अभिलेखों में निर्माण दर्ज था। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से भी की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने प्रमोद कुमार राजपूत और उसके पिता प्रान सिंह लोधी निवासी ग्राम कल्यानपुरा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## संक्षिप्त खबरें

### चाय की चुस्की बनी सुराग, दिल्ली से लापता दिव्यांग युवक को पुलिस ने चंद घंटों में खोजा

**पश्चिमी दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता हुए 18 वर्षीय दिव्यांग को कुछ ही घंटों में सकुशल तलाश कर उसके पिता को सौंप दिया। घटना 27 और 28 जून की दरमियानी रात की है। दिलचस्प बात यह है कि लापता किशोर चाय पीने का शौकीन है, इसके चलते पुलिस को उसकी तलाश करने में मदद मिली। सेक्टर-6 निवासी एक व्यक्ति आधी रात को अपने लापता दिव्यांग बेटे की तलाश में सेक्टर-10 पुलिस चौकी पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका 18 वर्षीय बेटा घर से लापता हो गया है। पिता ने बच्चे का हुलिया, उसके कपड़ों का विवरण और अन्य आवश्यक जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए द्वारका साउथ के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार साह और एसीपी किशोर कुमार रेवाला के निर्देशन में सेक्टर-10 चौकी प्रभारी एसआई रजत मलिक, हेड कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार कुलदीप तथा हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र अहलावत की टीम गठित की गई। किशोर को चाय पीना बहुत पसंद है और जब भी वह बाहर निकलता, तो अक्सर सड़क किनारे चाय की दुकानों पर रुकता था। पिता द्वारा बताई गई इस जानकारी से युवक खोजने में आसानी हुई। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आसपास के रिहायशी इलाकों, पार्कों, बस स्टैंड, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक खोज अभियान चलाया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने कुछ ही घंटों में दिव्यांग बच्चे को सकुशल ढूंढ़ लिया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं और सत्यापन पूरा करने के बाद उसे उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बेटे को सुरक्षित वापस पाकर पिता ने द्वारका जिला पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### गाजियाबाद में ई-रिक्शा बने ट्रैफिक जाम की वजह, शहर में बिगड़ी यातायात व्यवस्था

**गाजियाबाद।** शहर में ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या अब ट्रैफिक व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। रेलवे स्टेशन, पुराना बस अड्डा, नया बस अड्डा, मोहननगर, राजनगर एक्सटेंशन, गौर सिटी कट और वैशाली मेट्रो स्टेशन समेत कई प्रमुख स्थानों पर सड़क किनारे अनौपचारिक ई-रिक्शा स्टैंड बन गए हैं। चालक जहां जगह मिलती है, वहीं वाहन खड़ा कर सवारियां भरने लगते हैं। इससे मुख्य सड़कों की एक लेन घिर जाती है और वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर अभियान चलाकर चालान करती है, लेकिन कार्रवाई कुछ दिनों बाद ठंडी पड़ जाती है और हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सितंबर 2025 में 26 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा पर जोनवार कलर कोड और नंबर स्टीकर लगाने की व्यवस्था शुरू की गई थी। नगर जोन के लिए लाल, ट्रांस हिंडन के लिए हरा, साहिबाबाद के लिए नीला, लोनी के लिए पीला और मोदीनगर के लिए नारंगी रंग निर्धारित किया गया था, ताकि वाहन की पहचान तुरंत हो सके। हालांकि अभियान अधूरा रह गया और आज भी शहर में बड़ी संख्या में बिना स्टीकर वाले ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। अतिव्यस्त अंबेडकर रोड पर तुराबनगर कट के बाहर अक्सर वाहन चालकों को जाम से जूझना पड़ता है। क्योंकि तुराबनगर के बाहर सवारी के इंतजार में खड़े ई रिक्शा चालक सड़क घेरे रहते हैं। बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों और अन्य वाहन चालकों को रोजाना जाम का सामना करना पड़ता है।

### 1 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में बिल्डर समेत 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन में निवेशकों से ठगी के मामले में राइट अर्थ इन्फ्रा के निर्माणकर्ता पर एक और केस दर्ज किया गया है। राजनगर एक्सटेंशन निवासी निवेशक की शिकायत पर 1.15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में बिल्डर समेत सात लोगों के खिलाफ नंदग्राम थाने में केस दर्ज किया गया है। केडीपी ग्रैंड सवाना सोसाइटी निवासी अर्पित त्यागी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राइट अर्थ इन्फ्रा कंपनी के मालिक वरुण मक्कड़ और सेल्स हेड नितिन शर्मा उर्फ दीपक शर्मा को पहले से जानते थे। नवंबर 2025 में कंपनी की ओर से राजनगर एक्सटेंशन स्थित प्रस्तावित आवासीय परियोजनाओं एलीट होम्स और मक्कड़ प्रथम में प्री-लांच आफर के तहत फ्लैट बुक कराने का प्रस्ताव दिया गया। छह माह बाद फ्लैट के दाम बढ़ने और बुक किए गए फ्लैट को बेचककंपनी के ब्रोशर, लेआउट और साइट दिखाकर जल्द निर्माण शुरू होने का दावा भी किया गया। पीड़ित का आरोप है कि 10 नवंबर 2025 से इसी वर्ष 30 मई के बीच परिवार के सदस्यों के माध्यम से कंपनी के खातों और नकद मिलाकर कुल 1.15 करोड़ रुपये जमा करा दिए। इसके बदले तीन फ्लैटें के एग्रीमेंट और अन्य दस्तावेज दिए गए।र अच्छा मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया।

## वियतनाम के रेस्टोरेंट में भारतीय फैमिली का बवाल

**● ओनर ने उठाए सिविक सेंस पर सवाल... फिर दिखाई दरियादिली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



वियतनाम में एक भारतीय परिवार पर आरोप लगा है कि उसने एक रेस्टोरेंट में जमकर उत्पात मचाया है. इस पूरे वाकये का एक CCTV फुटेज भी सामने आया, जिसे खुद रेस्टोरेंट मालिक की तरफ से जारी किया गया था. यह रेस्टोरेंट वियतनाम हो ची मिन्ह सिटी के टूरिस्ट हब में मौजूद है और यह मशहूर इंडियन रेस्टोरेंट 'बॉम्बे बाइट्स' है। इसके मैनेजमेंट ने आरोप लगाया है कि यहां घूमने आए एक भारतीय परिवार ने रेस्टोरेंट की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाया और यहां काम करके वाले कर्मचारियों को धमकी भी. रेस्टोरेंट का आरोप है कि यह झगड़ा तब शुरू हुआ जब स्टाफ ने माता-पिता से कहा कि वे अपने बच्चों को डाइनिंग एरिया में चीजें फेंकने से रोकें. अच्छी बात रही कि आरोपी परिवार ने वीडियो वायरल होने के बाद रेस्टोरेंट के मैनेजमेंट से माफी मांगी, जिसके बाद ओनर ने दरियादिली दिखाते हुए यह वीडियो डिलीट कर दिया।

**CCTV में क्या दिखा?**

रेस्टोरेंट की ओनर एश्वर्या खन्ना सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर यह CCTV फुटेज जारी किया था, जिसे अब आरोपी परिवार के माफी मांगने के बाद डिलीट कर दिया गया है. इसमें दिख रहा है कि दो कपल अपने बच्चों के साथ रेस्टोरेंट में हैं. उनमें से एक पुरुष कर्मचारियों से बहुत गुस्से में बहस कर रहा है, सामान उठाकर फेंक रहा है. उसके साथ दो बच्चे भी ठीक यही कर रहे हैं. इस रेस्टोरेंट के एक शेफ ने इसी पोस्ट के कमेंट में दावा किया है कि आरोपी बहुत ज्यादा नशे में लग रहे थे. उनके बच्चे रेस्टोरेंट में चम्मच, टिश्यू, टेबल क्लॉथ और मेनू कार्ड भी इधर-उधर फेंक रहे थे. स्टाफ की ओर से कथित तौर पर हमने माता-पिता से कहा गया कि वे बच्चों का ध्यान रखे, उन्हें ऐसा करने से रोके. लेकिन बात समझने के बजाय, वे बदतमीजी से पेश आए और धमकी भी दी कि वे पूरा रेस्टोरेंट खरीदकर उसे नष्ट करवा सकते हैं।

**रेस्टोरेंट ओनर का आरोप**

रेस्टोरेंट की ओनर ने इस इंस्टाग्राम पोस्ट के साथ कैप्शन में अपना पक्षा रखा है. उन्होंने लिखा, 'सिविक सेंस का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि आप कहां से आए हैं, आपके कितने फॉलोअर्स हैं या आप खुद को क्या समझते हैं. यह इस बारे में है कि आप किसी कॉमन प्लेस पर कैसा व्यवहार करते हैं. आज हमारे रेस्टोरेंट 'बॉम्बे बाइट्स ॥ष्टरू में एक ऐसी स्थिति पैदा हुई जिसका सामना किसी भी रेस्टोरेंट को नहीं करना चाहिए. एक परिवार से विनम्र होकर कहा गया कि वे अपने बच्चे को डाइनिंग एरिया में टिशू पेपर फेंकने से रोकें. सहयोग करने के बजाय, मामला बिगड़ गया- प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाया गया, स्टाफ का अपमान किया गया और 'इन्फ्लुएंसर' होने का दावा करके जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया।' उन्होंने आगे लिखा, 'हम बिल्कुल साफ कहना चाहते हैं कि रेस्टोरेंट कोई खेल का मैदान नहीं है. हमारा स्टाफ गुस्सा खाने या हक जताने के लिए नहीं है. किसी का इन्फ्लुएंसर होना किसी को भी बुनियादी शिष्टाचार से ऊपर नहीं होता. सिविक सेंस का मतलब है बच्चों को जिम्मेदारी सिखाना, सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान करना और यह समझना कि नियम इसलिए होते हैं ताकि हर कोई उस जगह का सुरक्षित और आराम से आनंद ले सके. जब इन मूल्यों को नजरअंदाज किया जाता है, तो इसका असर कर्मचारियों, दूसरे मेहमानों और पूरे बिजनेस पर पड़ता है. हम सभी बैकग्राउंड और संस्कृति के मेहमानों का स्वागत करते हैं लेकिन सम्मान जरूरी है. नुकसान, अव्यवस्था और डराने-धमकाने को कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. मेहमाननवाज़ी हमारा काम है. बुनियादी शिष्टाचार हर किसी की जिम्मेदारी है. फिर वे गूगल रिव्यू पर जाकर कहते हैं कि हमने खराब सर्विस दी क्योंकि वे भारतीय थे। 'यहां एक बात और. एनडीटीवी रेस्टोरेंट की ओर से लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं कर सकता. हम आरोपियों का पक्ष जानने की कोशिश कर रहे हैं. उनसे संपर्क होने और उनका पक्ष जानने के बाद इस स्टोरी को अपडेट किया जाएगा।

## स्कूल बस पर अचानक आ गिरा पेड़, 1 छात्र की मौत



**● मुंबई के चेंबूर इलाके में एक स्कूली बस पर अचानक पेड़ गिर गया, जिसमें एक 11 साल के छात्र की मौत हो गई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुंबई में एक बड़ा हादसा हो गया है, जहां एक स्कूल बस पर पेड़ गिर पड़ा. जिस समय ये पेड़ गिरा, उस वक्त बस में 12 स्कूली बच्चे सवार थे. बस तिलकनगर स्थित यूनिवर्सल स्कूल की थी. इस दुर्घटना में कई बच्चे घायल हो गए. वहीं, 11 साल के एक बच्चे की मौत हो गई है. छात्र का नाम विहान श्रीवास्तव था। जानकारी के मुताबिक, ये हादसा मुंबई के चेंबूर इलाके में दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर हुआ है. बस जब 11 नंबर रोड से गुजर रही थी, तभी उसके ऊपर अचानक पेड़ गिर पड़ा. इस दुर्घटना में 10 बच्चे घायल हो गए थे. इनमें से 5 छात्रों को जेन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं. वहीं, 4 बच्चों को मामूली चोटें आई हैं. हालांकि, इस दुर्घटना में विहान श्रीवास्तव को गंभीर चोटें आई थीं और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि दुर्घटना के वक्त कई बच्चे अंदर ही थे. बस ड्राइवर, कंडक्टर और स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को जल्द से जल्द बाहर निकाला गया. सभी बच्चों को बस से बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन एक छात्र पेड़ की चपेट में आ गया। चेंबूर के स्थानीय लोगों ने स्थानीय अधिकारियों को कई पत्र लिखकर पेड़ों की छंटाई या उन्हें हटाने की मांग की थी, इससे पहले भी यहां ऐसी ही एक घटना हो चुकी थी. हालांकि, कई पत्र लिखने के बावजूद क्रस्ट ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## सिर्फ एक फोटो के आधार पर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**● 27.97 ग्राम चोरी का सोना बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** माननीय कमिश्नर पुलिस लुधियाना स्वपन शर्मा, आईपीएस। पीपीएस समीर वर्मा के निर्देशन में नगर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान। , अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस जोन-1 एवं अनिल कुमार भनोत, पीपीएस। सहायक आयुक्त पुलिस केंद्रीय के पर्यवेक्षण में थाना अनुमंडल संख्या-1 की पुलिस ने हासिल की बड़ी सफलता। दिनांक 09.06.2026 को आत्म प्रकाश भसीन निवासी नेताजी नगर, लुधियाना की शिकायत पर धारा 305 बीएनएस के तहत मामला संख्या 90 दर्ज किया गया था। शिकायत के मुताबिक, एक अज्ञात व्यक्ति ग्राहक बनकर आभूषण स्टोर पर आया और सोने का सेट देखने के बहाने सोने का हार, एक जोड़ी झुमके और एक सोने का कांटे चुराकर फरार हो गया। निरीक्षक परमवीर सिंह, मुख्य अधिकारी पुलिस अनुमंडल संख्या-1 के पर्यवेक्षण में तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज व खुफिया जानकारी के सहयोग से मुहम्मद अफ़सर पुत्र मुहम्मद इक़बाल निवासी ग्राम बुंटन, शामली (मुज़फ्फरनगर), उत्तर प्रदेश को मनोनीत किया गया। बाद में विभिन्न पुलिस टीमों ने तकनीकी और खुफिया जानकारी के आधार पर 25.06.2026 को सलमान आवास, मोहब्बत स्कूल के पास, हजरत निजामुद्दीन पश्चिम, नई दिल्ली से आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने मेरठ (उत्तर प्रदेश) में चोरी का सोना बेचा था। पुलिस टीम ने माननीय न्यायालय से तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त करने के बाद मेरठ पर छापा मारा, जहा से 27.06.2026 का चोरी हुआ सोना बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान यह भी पता चला कि अपराधी ने अन्य जगहों पर ऐसी ही घटनाएं की थी। अधिक पुलिस की रिमांड मिलने के बाद इस मामले में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## आनंद विहार-वैशाली मेट्रो रूट बाधित, मेट्रो स्टेशनों पर भारी भीड़

**नई दिल्ली।** ऑफिस से मेट्रो ट्रेन के माध्यम से घर जाने वालों को मंगलवार शाम परेशानी का सामना करना पड़ा। ब्लू लाइन मेट्रो में खराबी के कारण लोग काफी देर तक मेट्रो स्टेशन पर फंसे रहे। आनंद विहार से वैशाली तक मेट्रो सेवा रोक दी गई, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई। परेशान यात्री इंटरनेट मीडिया पर नाराजगी जता रहे हैं। लगभग पांच बजे शाम से ब्लू लाइन पर आनंद विहार से वैशाली के बीच मेट्रो सेवा में परेशानी शुरू हो गई थी। इससे स्टेशनों पर लंबी लाइन लग गई। इंद्रप्रस्थ, यमुना पार सहित अन्य स्टेशनों पर भी वैशाली की तरफ आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने शाम लगभग सवा पांच बजे एक्स पर पोस्ट कर आनंद विहार से वैशाली के बीच तकनीकी खराबी के कारण मेट्रो सेवा में देरी होने की जानकारी दी।

उसके एक घंटे बाद ओएचई में खराबी आने के कारण इन दोनों स्टेशनों पर सेवा अस्थायी रूप से बंद कर दिए जाने की जानकारी दी गई। ब्लू लाइन गाजियाबाद और नोएडा को द्वारका से जोड़ती है। इस कारण इस लाइन पर हमेशा भीड़ रहती है। यात्रियों का कहना है कि कुछ दिनों पहले भी सिग्नल समस्या के कारण ब्लू लाइन पर सेवा बाधित हुई थी। अब फिर से सेवा बाधित हो गई है। यात्रियों की यह भी नाराजगी है कि समय पर सूचित नहीं करने के कारण उन्हें अधिक परेशानी हो रही है।

## चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता, एक्टिवा चोर गिरफ्तार

**● 7 चोरी की एक्टिवा बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंडीगढ़-** चंडीगढ़ पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर एक्टिवा चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई सात एक्टिवा बरामद की हैं। एसएसपी यूटी, चंडीगढ़ के निर्देशों तथा एसपी सिटी के मार्गदर्शन में एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर और थाना प्रभारी सेक्टर-34 इंस्पेक्टर शादीलाल की निगरानी में थाना सेक्टर-34 की टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस टीम में एएसआई गुरप्रीत सिंह, हेड कांस्टेबल मनविंदर सिंह, सीनियर कांस्टेबल समरजीत तथा कांस्टेबल अभिमन्यु शामिल थे। पुलिस ने आरोपी लोकेश उर्फ बबलू पुत्र सीता राम, निवासी मकान नंबर 316/बी, धनास कॉलोनी, चंडीगढ़, उम्र 43 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी ई-एफआईआर नंबर 1332 दिनांक 23 अक्टूबर 2025, धारा 303(2) एवं 317(2) बीएनएस, थाना सेक्टर-34 के मामले में की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से कुल सात चोरी की एक्टिवा बरामद की गईं, जिनमें से कई वाहन सेक्टर-34, सेक्टर-46, सेक्टर-27, आईटी पार्क और मलोया कॉलोनी सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी किए गए थे। मामले की जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता सुनील कुमार ने अपनी एक्टिवा सेक्टर-45 स्थित घर के बाहर खड़ी की थी, जो अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने 26 जून 2026 को आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर पहले एक एक्टिवा बरामद की। इसके बाद पुलिस




रिमांड के दौरान आरोपी ने छह अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा किया, जिनके आधार पर अन्य एक्टिवा भी बरामद कर ली गई। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चंडीगढ़ पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी किसी बड़े वाहन चोरी गिरोह से जुड़ा हुआ है या नहीं।

## अबोहर में दूसरे दिन 6492 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई

**● हेल्थ वर्कर्स ने घर-घर जाकर बच्चों को ज़िंदगी की दो बूंदें पिलाई**

**लगभग 73 परसेंट टारगेट पूरा हुआ: नोडल ऑफिसर डॉ. मुकेश कुमार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अबोहर-** हेल्थ डिपार्टमेंट और सिविल सर्जन डॉ. कविता सिंह के निर्देशों पर, डिस्ट्रिक्ट इम्यूनाइज़ेशन ऑफिसर डॉ. रिंकू चावला और स्रूह्र अबोहर डॉ. सुमित सिंह की लीडरशिप में और नोडल ऑफिसर डॉ. मुकेश कुमार की देखरेख में आज पल्स पोलियो राउंड के दूसरे दिन 6492 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। डॉ. सुमित सिंह ने बताया कि पहले और दूसरे दिन के कवरेज को मिलाकर 14807 बच्चों को ड्रॉप्स पिलाई गई हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि अगर उनका 5 साल तक का बच्चा किसी भी कारण से पोलियो ड्रॉप्स से वंचित रह गया है तो वे 30 जून को घर-घर जाकर टीमों से अपने बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स जरूर पिलाएं ताकि इस अभियान में 100 प्रतिशत सफलता मिल



सके। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग इलाकों में जाकर टीमों का मनोबल भी बढ़ाया। नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार और मास मीडिया विंग से मनबीर सिंह ने बताया कि दूसरे दिन हेल्थ वर्करों ने घर-घर जाकर और हाई रिस्क एरिया व झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई। स्टाफ ने 72.26 प्रतिशत टारगेट हासिल किया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हेल्थ स्टाफ, आशा वर्कर, नर्सिंग स्टूडेंट व वॉलंटियर की करीब 155 टीमें बनाई गई हैं। इस समय मनबीर सिंह डिप्टी मास मीडिया अधिकारी, पीपी यूनिट इंचार्ज दिनेश रानी, भारत सेठी, अंकुश कुमार, लखविंदर कौर, संजय कुमार, डिंपल, रिया, लछमी रानी, सुरिंदर कौर, छिंदर कौर आदि मौजूद थे। मीरा नर्सिंग कॉलेज, सचखंड नर्सिंग कॉलेज, सरस्वती नर्सिंग कॉलेज और सरदार पटेल नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स, आंगनवाड़ी हेल्पर्स ने इस कैंपेन में पूरा सपोर्ट दिया।

### गाजियाबाद में ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार, लाखों की नकदी और भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त

**गाजियाबाद।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स राजनगर एक्सटेंशन से एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। ब्रेजा कार से पकड़े गए आरोपित इटावा निवासी नितिन यादव की निशानदेही पर पुलिस ने इंदिरापुरम के एक फ्लैट से एमडीएमए, चरस और 10.21 किलो गांजा के अलावा पांच लाख रुपये नकद, 16 मोबाइल फोन, कई सिम कार्ड, बैंक कार्ड और पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। मामले में नंदग्राम थाने में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद के मुताबिक एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि आरोपित ब्रेजा कार से मादक पदार्थों की खेप लेकर आने वाला है। राजनगर एक्सटेंशन में आसना चौक पर घेराबंदी कर उसे दबोचा गया। पूछताछ में उसने इंदिरापुरम स्थित फ्लैट में मादक पदार्थ रखे होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस टीम ने फ्लैट पर दबिश देकर बरामदगी की। बरामद ड्रग्स में उड़ीसा किस्म का 6.77 किलो गांजा, मैंगो किस्म का 2.4 किलो गांजा, ओजी किस्म का 66 ग्राम गांजा, गांजा का 922 ग्राम चूरा, 132 ग्राम चरस और 20 ग्राम एमडीएमए (क्रिस्टल) शामिल है।

## दिल्ली पुलिस मुख्यालय में सम्मान का विशेष समारोह

**● 179 सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को मिली मानद पदोन्नति, पिपिंग समारोह में बढ़ाया गया सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय पीएचक्यू स्थित आदर्श सभागार में मंगलवार को आयोजित गरिमामय पिपिंग समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे दिल्ली पुलिस के 179 पुलिसकर्मियों को मानद पदोन्नति योजना के तहत अगले उच्च मानद पद से सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को नए पदों के प्रतीक चिह्न पिप्स लगाकर उनके लंबे और उत्कृष्ट सेवाकाल का सम्मान किया।समारोह की अध्यक्षता विशेष पुलिस आयुक्त कार्मिक एवं वित्त राजेश खुराना, आईपीएस ने की। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए उनके अनुकरणीय योगदान की सराहना की।अपने संबोधन में राजेश खुराना ने कहा कि दिल्ली पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने पूरे सेवाकाल में समर्पण, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ जनता की सेवा की है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की जांच करने तथा अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उन्होंने विभाग की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का ऐसा दायित्व है जिसमें अधिकारी और कर्मचारी अपने सहकर्मियों के साथ परिवार से भी अधिक समय बिताते हैं। कठिन परिस्थितियों में साथ काम करने से उनके बीच गहरा विश्वास सहयोग और आत्मीयता विकसित होती है। इसी भावना के कारण 'दिल्ली पुलिस परिवार' केवल एक संबोधन नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और एकजुटता का जीवंत प्रतीक है।विशेष पुलिस आयुक्त ने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन की कामना करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस भविष्य में भी आवश्यकता पड़ने पर हरसंभव सहयोग के लिए उनके साथ खड़ी रहेगी। समारोह में कुल 179 पुलिसकर्मियों को मानद पदोन्नति प्रदान की गई। इनमें 11 हेड कांस्टेबलों को मानद सहायक उप-निरीक्षक, 48 सहायक उप-निरीक्षकों को मानद उप-निरीक्षक तथा 120 उप-निरीक्षकों को मानद निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मान, गौरव और भावनाओं से ओतप्रोत यह समारोह सभी के लिए यादगार बन गया।

### नाबालिग बेटा बनेगा पिता का 'लाइफ सेवर', दिल्ली हाई कोर्ट ने दी लीवर दान करने की इजाजत

**नई दिल्ली।** पिता के प्रति लगाव, प्यार और समर्पण की यह अनूठी मिसाल है, जहां एक 17 साल के नाबालिग बेटे ने अपने पिता को लिवर दान देने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी। बेटे का फर्ज निभाने के जज्बे को देखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने लिवर ट्रांसप्लांट की अनुमति दे दी। मां के माध्यम से 17 वर्षीय नाबालिग प्रतीक शॉ द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि भले ही याचिकाकर्ता नाबालिग है, लेकिन वह अपनी मर्जी, प्यार और लगाव के कारण अपने पिता को अपने लिवर का एक हिस्सा दान करने को तैयार है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की अवकाश पीठ ने कहा कि अदालत का मानना है कि न्याय के नजरिए से लिवर डोनेशन और ट्रांसप्लांटेशन की अनुमति देना ही सबसे सही है, क्योंकि अगर कोर्ट ऐसी अनुमति नहीं देता है, तो याचिकाकर्ता के पिता की जान जा सकती है। पीठ ने वसंत कुंज स्थित इंस्टीट्यूट आफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आइएलबीएस) को याचिकाकर्ता का सभी कानूनी व क्लिनिकल प्रोटोकाल का पालन करते हुए लिवर ट्रांसप्लांट करने का निर्देश दिया। वहीं, आइएलबीएस ने पीठ को बताया कि अस्पताल अदालत के आदेश का इंतजार कर रहा है और अब आपरेशन के लिए जल्द ही तारीख तय की जाएगी। अदालत ने दिल्ली सरकार की तरफ से दाखिल हलफनामा को रिकार्ड पर लेते हुए कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुमति मिलने के संबंध में 29 जून 2026 को जारी किए गए पत्र बाद उपराज्यपाल व संबंधित अधिकारियों ने लिवर ट्रांसप्लांट की मंजूरी दे दी है। याचिका स्वीकार करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ही पिता को लिवर दान करने के लिए एकमात्र उपयुक्त डोनर है और वह पूरी तरह से बेटे के फर्ज के नाते बिना किसी दबाव के अपने बीमार पिता को अपने लिवर का एक हिस्सा दान करने को तैयार है। मां वंदना शॉ के माध्यम से दायर याचिका में याचिकाकर्ता प्रतीक शॉ ने कहा कि अपने पिता की जान बचाने के लिए अपने लिवर का एक हिस्सा दान करने को तैयार है। उसने कहा कि उसके पिता एक गंभीर लिवर की समस्या से जूझ रहे हैं और आइएलबीएस में सिरोसिस, पोर्टल हाइपरटेंशन, हल्के एसाइटिस और लिवर सेल कार्सिनोमा जैसी गंभीर लिवर की बीमारियों के लिए चल रहा है।

## केतन हत्याकांड के बाद तेजी से बढ़ा 'डार्क टूरिज्म

**● केतन अग्रवाल हत्याकांड के बाद लोनावला के लोहागढ़ किले पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जहां 'सिया प्वाइंट' पर डार्क टूरिज्म में 25% की बढ़ोतरी हुई है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध लोनावला स्थित ऐतिहासिक लोहागढ़ किले पर इन दिनों पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि सैलानी यहां किसी प्राकृतिक सौंदर्य को देखने नहीं, बल्कि हाल ही में हुए सनसनीखेज केतन 'अग्रवाल हत्याकांड' के उस खौफनाक मुहाने को देखने पहुंच रहे हैं, जहां से उसे नीचे धकेला गया था। इंटरनेट मीडिया पर लोग इस टीले को अब अनौपचारिक रूप से 'सिया प्वाइंट' कहने लगे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस 'डार्क टूरिज्म' के चलते किले में पर्यटकों की संख्या में अचानक 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बता दें कि पुणे के जाने-माने रियल एस्टेट कारोबारी के बेटे केतन अग्रवाल (26 वर्ष) की शादी आगामी नवंबर महीने में सिया गोयल (20 वर्ष) नाम की युवती से होने वाली थी।



**लोहागढ़ किले से ढकेलकर की हत्या**

केतन के परिवार ने इस भव्य शादी के लिए उदयपुर में एक आलीशान पैलेस भी बुक कर लिया था। कहा जा रहा है कि बीबीए की पढ़ाई कर रही सिया इस शादी से खुश नहीं थी। वह अपने प्रेमी चेतन चौधरी (22 वर्ष) के साथ रहना चाहती थी। केतन को रास्ते से हटाने के लिए दोनों ने मिलकर खौफनाक साजिश रची और 18 जून को लोहागढ़ किले के एक टीले से केतन को ढकेलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या से ठीक एक दिन पहले यानी 17 जून को पुणे के कोंढवा इलाके के एक कैफे में इस मर्डर का पूरा ब्लूप्रिंट तैयार किया गया था। योजना के तहत 18 जून को सिया के जन्मदिन का जश्न मनाने के बहाने केतन को लोहागढ़ किले पर ट्रेकिंग के लिए ले जाया गया।

**कैसे रची हत्या की साजिश?**

सिया का प्रेमी चेतन चौधरी भारी गर्मी (33 डिग्री तापमान) के बावजूद हुडी पहनकर और अपना मोबाइल पीछे छोड़कर गुप्त रूप से किले पर उनका पीछा कर रहा था ताकि पुलिस की नजरों और जीपीएस ट्रैकिंग से बच सके। जैसे ही वे किले के एकांत और खतरनाक विंचू काटा रिज के पास पहुंचे, सिया ने योजना के अनुसार 'जूते के फीते बांधने' के बहाने जमीन पर बैठने का नाटक किया। यह इस बात का संकेत था कि केतन की पीठ खाई की तरफ है और सिया सुरक्षित दूरी पर है। इशारा पाते ही चेतन ने पीछे से आकर केतन को 400 फीट गहरी खाई में बेरहमी से धकेल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।